# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 20 अगस्त, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-182 ■ पृष्ठ-15 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### हॉकी वर्ल्डकप : भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराया



**एम्सटेलवीन।** भारत ने मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 5-3 से हरा दिया है। इसी के साथ टीम टूर्नामेंट के टॉप-8 में पहुंच गई है। वहीं पाकिस्तान बाहर हो गया है। एम्सटेलवीन के वेगनर हॉकी स्टेडियम में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अभिषेक ने 2-2 गोल किए। जबकि, हार्दिक सिंह और सुखजीत सिंह ने एक-एक गोल दागे। पाकिस्तान की ओर से हन्नान शाहीद ने गोल गोल किए। एक गोल सुफियान खान की स्टिक से आया।

### सीएम ने डॉ. जगन्नाथ मिश्र की प्रतिमा का किया अनावरण

**पटना।** मुख्यमंत्री ने सुपौल के बलुआ पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-4 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. डॉ. जगन्नाथ मिश्र की प्रतिमा का अनावरण किया तथा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, विधायक नीरज कुमार बबलू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक शरथ आरएस सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### बच्चों को प्रॉपर्टी से बेदखल कर सकते हैं माता-पिता : SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार कहा कि बुजुर्ग माता-पिता को अपने घर में सम्मान और सुरक्षा के साथ रहने का अधिकार है। अगर बेटे या बहू का घर में रहना बुजुर्ग के भरण-पोषण या सुरक्षा में बाधा बन रहा है, तो वह उन्हें अपने बच्चों को घर से बेदखल कर सकते हैं।'जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि बढ़ती उम्र का मतलब अपमान या असुरक्षा के साथ रहना नहीं हैं। सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों के साथ कितना सम्मान और सुरक्षा का व्यवहार करता है।

### कोलकाता की पांच मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 की मौत

**कोलकाता।** कोलकाता के मिर्जा गालिब स्ट्रीट स्थित पांच मंजिला बिल्डिंग में मंगलवार रात करीब 1:45 बजे आग लग गई। बिल्डिंग के अंदर कई होटल थे। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, इनमें 2 महिलाएं और एक 4 साल का बच्चा शामिल है। सभी बेहोशी की हालत में मिले थे। 6 लोग घायल हुए हैं। अब तक 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

# बक्सर से भागलपुर तक बनेगा 6 लेन एक्सप्रेसवे, 46 हजार नलकूपों को मंजूरी

## सम्राट कैबिनेट की बैठक में 13 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में कुल 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें बक्सर-भागलपुर छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना, सिंचाई के लिए नए नलकूपों की स्थापना, पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने की योजना और सहकारी क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं।

मंत्रिपरिषद ने पथ निर्माण विभाग के प्रस्ताव पर बक्सर-भागलपुर छह लेन पूरी तरह नियंत्रित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना को मंजूरी दी। करीब 336 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को पीपीपी (डीबीएफओटी टोल) मॉडल पर बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित करने



का निर्णय लिया गया है। परियोजना के लिए डीपीआर परामर्शी और ट्रांजैक्शन एडवाइजर की सेवाएं लेने तथा कॉरिडोर के आसपास के बड़े भू-खंडों को आर्थिक उपयोग के लिए विकसित करने की दिशा में भी बीएसआरडीसीएल को अधिकृत किया गया है। वहीं जल संसाधन विभाग

### एआइ बताएगा कहां हो रही है देरी और बढ़ रहा खर्च

बिहार में सरकारी योजनाओं और बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी के लिए अब एआइ की मदद ली जाएगी। राज्य मंत्रिमंडल ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और टायो एआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच करार को मंजूरी दी है।

के दो प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई। नरपतगंज अंतर्गत जानकीनगर शाखा नहर एवं उससे निःसृत नहर प्रणालियों के पुनर्स्थापन कार्य के लिए 30.35 करोड़ रुपए तथा कटिहार वितरणी, फूलपुर, हसनगंज, बैजनाथपुर और सेमापुर उप-वितरणियों तथा संबंधित नहर प्रणालियों के पुनर्स्थापन के लिए 35.81 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति दी गई। इसके अलावा डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के तहत सात निश्चय-3 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 63.93 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर कॉम्फेड द्वारा राज्य में दुग्ध उत्पादन एवं पशु उत्पादकता बढ़ाने के लिए नस्ल सुधार योजना को मंजूरी दी गई। बैठक में लघु जल संसाधन विभाग के प्रस्ताव के तहत हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना में पहले से स्वीकृत 35 हजार नलकूपों के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1,000 नए नलकूपों की स्थापना के लिए 83.60 करोड़ रुपए के अनुमानित व्यय को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तहत पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, गयाजी, छपरा, भागलपुर और रोहतास स्थित क्षेत्रीय नियोजनालयों का नाम बदलकर संबंधित जिला नियोजनालय किए जाने को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने कजरा सोलर पावर परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के लीज दस्तावेज के पंजीयन पर लगने वाले मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क में 50 प्रतिशत छूट देने को भी मंजूरी दी। वहीं, राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए टायो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और बिहार सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की स्वीकृति दी गई। सहकारिता विभाग के कई प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिली। चीनी मिलों के अधिसूचित आरक्षित क्षेत्र में प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समितियों के गठन, वर्ष 2026-27 में 48,200 मीट्रिक टन भंडारण क्षमता विकसित करने के लिए 200, 500 और 1,000 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों के निर्माण हेतु करीब 34.95 करोड़ रुपए की योजना तथा मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के गठन को मंजूरी दी गई।

### युवाओं के लिए जिला नियोजनालयों का नाम बदला, रोजगार पर जोर

# छात्रों के समर्थन में सड़क पर उतरे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव

## राजभवन मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बोतलें फेंकीं

## पुलिस ने वाटर कैनन चलाई गई, प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ी

**पटना (एनएसबी)।** सीवान में छात्र आंदोलन के दौरान एके 47 से फायरिंग के मामले को लेकर राजद तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बुधवार को राज भवन मार्च पर निकला। जेपी गोलंबर से राजभवन तक निकले मार्च को पुलिस ने आयकर गोलंबर के पास रोक दिया। समर्थकों के साथ तेजस्वी डाकबंगले पर लगाई बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकल गए। आयकर गोलंबर पर पुलिस ने ने वाटर कैनन चलाई। इसके बाद तेजस्वी को हिरासत में ले लिया गया।

### तेजस्वी यादव को लिया हिरासत में फिर छोड़ा राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

तेजस्वी ने कहा कि मैं जेल से डरने वाला नहीं हूं। हमारे भगवान श्री कृष्ण का जन्म जेल में ही हुआ था। जो सत्ता में आया है, उसका जाना तय है। कुछ कार्यकर्ताओं ने पुलिस के ऊपर पानी की बोतलें भी फेंकीं। कुछ कार्यकर्ता लकड़ी की एके-47 लेकर भी पहुंचे थे। एएसपी लॉ एंड आर्डर कृष्ण मुरारी प्रसाद ने जवानों को निर्देश दिया कि झंडे का सम्मान और लाठी का इस्तेमाल समझदारी से करें। तेजस्वी यादव 5 साल बाद सड़क पर संघर्ष करने उतरे। इससे पहले 2021 में बिहार सरकार के एक प्रस्ताव के खिलाफ तेजस्वी यादव सड़क पर उतरे थे। राजद के हजारों समर्थक आयकर गोलंबर पर ही जमे रहे। इस बीच राजद ने कहा है कि तेजस्वी के नेतृत्व में लोकतांत्रिक अधिकार और छात्रों को न्याय दिलाने के लिए के लिए राज भवन मार्च पूरी तरह से सफल रहा; वाटर कैनन और तेजस्वी सहित राजद नेताओं को हिरासत में लिया जाना कहीं से उचित नहीं है। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नेता एजाज अहमद ने कहा कि शांतिपूर्वक तिरंगा के साथ हजारों की संख्या में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में राज भवन मार्च पूरी तरह से सफल रहा। राज भवन मार्च जो शांतिपूर्वक चल रहा था उसपर पुलिस के द्वारा वाटर कैनन और कार्यकताओं के साथ मारपीट की घटना की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में पुलिसिया दमन और वाटर कैनन का इस्तेमाल लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। लोकतंत्र में जायज मांगों के लिए जब लोग सड़कों पर आते हैं तो समझना चाहिए की सरकार छात्र आम जन की आवाज को नहीं सुन रही है और उनके हक और अधिकार को कमजोर कर रही है। एजाज ने कहा कि मार्च ने सरकार को बेचैन कर दिया इसी बेचैनी और बौखलाहट में वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया जो कहीं से उचित नहीं है । साथ ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के सांसद और विधायक के साथ कार्यकताओं को हिरासत में लिया जाना लोकतांत्रिक अधिकार को कमजोर करने वाली करवाई है। इन्होंने आगे ने कहा कि इस तरह की करवाई सम्राट चौधरी के आदेश पर हुआ है।

सरकार चाहे वाटर कैनन का इस्तेमाल करें या नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी नेताओं को हिरासत में ले ले इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि बिहार की जनता जाग चुकी है और सड़कों पर है, अब जनमत के आगे सरकार को झुकना ही पड़ेगा, ऐसे काम नहीं चलेगा जो लोकतंत्र को और संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करता





### आईजी बोले-पुलिस ने बल प्रयोग नहीं किया

राजद के राजभवन मार्च पर आईजी पटना जितेंद्र राणा ने कहा कि राजभवन मार्च का कार्यक्रम था जो गांधी मैदान से शुरू हुआ था, यहां आईटी गोलंबर पर आकर मार्च समाप्त हो गया है। प्रतिनिधिमंडल को लोकभवन से समय मिला है और वे मिलने जाएंगे। जो भी मांगे हैं, उनको वहां रखेंगे। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया था, उनमें से कुछ लोग लोकभवन के लिए जा चुके हैं। पुलिस ने बल प्रयोग नहीं किया है। भीड़ पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया है।

# कोसी का पानी चमकाएगा सीमांचल की तकदीर : सीएम

## 4 जिलों को मिलेगा लाभ, तेजी से काम के दिये निर्देश



**पटना/सुपौल (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सुपौल जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत चैनपुर ग्राम में निमार्णाधीन कोसी-मेची अंतःराज्यीय रिवर लिंक परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति, निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति तथा कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को परियोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। स्थल निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री चैनपुर ग्राम स्थित परियोजना के कैम्प कार्यालय पहुंचकर वहां परियोजना की समीक्षा की। जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने परियोजना की कार्य प्रगति से सीएम को अवगत कराया। सुपौल डीएम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से परियोजना की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति एवं विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। सीएम ने कहा कि कोसी-मेची अंतःराज्यीय रिवर लिंक परियोजना सीमांचल और बिहार के लिए एक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके पूरा होने से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा, किसानों की कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और उनकी समृद्धि को नई गति मिलेगी। परियोजना के पूर्ण होने पर 2,14,813 हेक्टेयर कृषि भूमि को अतिरिक्त एवं सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना के माध्यम से बाढ़ के दौरान कोसी नदी के अधिशेष जल को लिंक नहर के जरिए मेची नदी तक पहुंचाया जाएगा। इससे महानंदा बेसिन में जल की उपलब्धता बढ़ेगी और कोसी के बाढ़ प्रभाव को कम करने तथा जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में सहायता मिलेगी। परियोजना से अररिया में 69,642 हेक्टेयर, पूर्णिया में 69,970 हे., किशनगंज में 39,548 हे. तथा कटिहार में 35,653 हे. कृषि क्षेत्र को अतिरिक्त सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना के अंतर्गत पूर्वी कोसी मुख्य नहर की जल संवहन क्षमता 15,000 क्यूसेक्स से बढ़ाकर 20,000 क्यूसेक्स की जाएगी। मुख्य नहर के विस्तार के साथ 4 शाखा नहरों, 6 वितरणियों तथा आवश्यक नहर प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा। परियोजना के अंतिम छोर पर लगभग 950 क्यूसेक्स जल मेची नदी में प्रवाहित होगा। परियोजना की अनुमानित कुल लागत 6,282.32 करोड़ रुपए है और इसे मार्च 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने कोसी-मेची लिंक परियोजना स्थल का किया निरीक्षण

# क्लास 11वीं-12वीं पॉलिटिकल साइंस की नई किताबें तैयार होंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनसीईआरटी ने क्लास 11वीं और 12वीं की पॉलिटिकल साइंस की नई किताबें तैयार करने के लिए 20 सदस्यीय टेक्स्टबुक डेवलेपमेंट टीम (टीडीटी) का पुनर्गठन किया है। नई टीम नेशनल एजुकेशन पॉलिसी यानी एनईपी 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम और किताबें तैयार करेगी। प्रो. संदीप शास्त्री को टीम लीडर बनाया गया है। डॉ. वंथांगपुई खोबुंग और डॉ. सुभाष सिंह को-ऑर्डिनेटर होंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 20 सदस्यीय टीम में कम से कम चार सदस्य आरएसएस या उससे जुड़े संगठनों से जुड़े रहे हैं। इनमें यदुनाथ देशपांडे, डॉ. प्रशांत दिवेकर, प्रो. वंदना मिश्रा और डॉ. रवि रमेशचंद्र शुक्ला शामिल हैं। एनसीईआरटी ने कक्षा 11वीं की राजनीति विज्ञान की किताब 30 नवंबर 2026 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा है। कक्षा 12वीं की किताब 30 जुलाई 2027 तक तैयार की जानी है। टीम में विश्वविद्यालयों, लॉ स्कूलों, ओपन-लर्निंग




### एनसीईआरटी ने 20 सदस्यीय टीम बनाई, दावा-4 प्रोफेसर आरएसएस से जुड़े

संस्थानों और सरकारी संस्थाओं के शिक्षाविद, शिक्षक और विशेषज्ञ शामिल हैं।

**इंडियन नॉलेज सिस्टम पर खास जोर :** नई राजनीति विज्ञान की किताबों में भारतीय ज्ञान और संस्कृति से जुड़े विषयों पर खास ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा समानता, सभी को साथ लेकर चलना, मूल्य शिक्षा, पर्यावरण और तकनीक से जुड़े विषय भी पढ़ाए जाएंगे।

# 4 लेन का होगा मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा रोड

## खर्च होंगे 3591 करोड़, मोदी कैबिनेट ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्र सरकार ने बुधवार को बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग-22 (एनएच-22) के मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा खंड को चार लेन मानक में उन्नयन की मंजूरी दी है। इस परियोजना का विकास हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) के तहत किया जाएगा। इसकी कुल पूंजी लागत 3590.73 करोड़ रुपये होगी और इसकी कुल लंबाई 82.578 किलोमीटर है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने सड़क परिवहन मंत्रालय की परियोजना को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आज इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक प्रमुख फीडर कॉरिडोर के रूप में सोनबरसा स्थित भारत-नेपाल सीमा को एनएच-27 (पूर्व-पश्चिम गलियारा) पर स्थित मुजफ्फरपुर जैसे आर्थिक केंद्रों से



जोड़ेगा। परियोजना से मुजफ्फरपुर, मुक्सुदपुर, रुन्नी सैदपुर, थुम्मा, दुमरा, भुतही और सोनबरसा के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में यातायात की भीड़ को काफी कम करने में मदद मिलती है। इस परियोजना में यातायात की सुचारू आवाजाही बनाए रखने और सुरक्षित, उच्च गति वाली यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सात प्रमुख पुलों (जिसमें बारहमासी बागमती नदी पर 340 मीटर लंबा एक प्रमुख पुल शामिल है), तीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) और दो फ्लाईओवर (1170 मीटर और 270 मीटर) का प्रावधान है। इस परियोजना से यात्रियों और माल की तेज और सुरक्षित आवाजाही, यात्रा दक्षता में सुधार होगा और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इसे 100 किमी प्रति घंटे और 80 किमी प्रति घंटे की औसत गति के डिजाइन किया गया है। इसमें सड़क के मध्य विभाजक में समतल-स्तरीय कोई खुला मार्ग नहीं होगा, जिससे तेज और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी। एनएच-22 का मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा खंड रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो राष्ट्रीय माल ढुलाई ग्रिड से निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करता है। यह एनएच-31 और एनएच-122 जैसे मौजूदा गलियारों के साथ तालमेल बिठाकर बरौनी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों और गंगा नदी के किनारे स्थित लॉजिस्टिक्स केंद्रों से बेहतर संपर्क स्थापित करता है। साथ ही, यह भिटामोर स्थित निकटवर्ती लैंड पोर्ट के माध्यम से सीमा पार यात्री और माल की आवाजाही को भी बढ़ावा देता है। यह परियोजना बिहार के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निर्बाध सम्पर्क प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, उन्नत कॉरिडोर से पीएम गति-शक्ति के पांच आर्थिक केंद्रों (चार औद्योगिक एस्टेट और एक मेगा फूड पार्क), चार सामाजिक केंद्रों (बाबा गरीबनाथ मंदिर, माता जानकी मंदिर, पुनौरा धाम, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी आकांक्षी जिले) और दो लॉजिस्टिक्स केंद्रों (मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन) के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

### 100 की स्पीड में दौड़ेंगी गाड़ियां

इस परियोजना से मुजफ्फरपुर, मकसूदपुर, रुन्नी सैदपुर, थुम्मा, डुमरा, भुतही और सोनबरसा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में यातायात की भीड़ की समस्या को काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। परियोजना के पूरा होने के बाद यात्रियों और माल की तेज एवं सुरक्षित आवाजाही संभव होगी। इससे यात्रा दक्षता में सुधार होगा और क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा। इसे 100 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन गति और औसत 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के लिए तैयार किया गया है। सड़क पर बीच में अनियंत्रित ह्यकटह्ल नहीं होंगे, जिससे तेज और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी।

# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए : उच्च शिक्षा मंत्री

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ केवल उन्हीं विद्यार्थियों को मिलना चाहिए, जो निर्धारित पात्रता और सभी आवश्यक मापदंडों को पूरा करते हों। उन्होंने ऐसे सभी शैक्षणिक संस्थानों की जांच के निर्देश दिए हैं जो असत्य और भ्रामक जानकारी देकर एक से अधिक कॉलेजों का संचालन कर रहे हैं।

श्री टाइगर की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नवसृजित डिग्री कॉलेजों के लिए भूमि की उपलब्धता, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना तथा शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता और संचालन से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। इसलिए पात्र विद्यार्थियों तक योजना का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से पहुंचाना है।

**उच्च शिक्षा व्यवस्था में अनियमितता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं**

**नए डिग्री कॉलेजों के लिए विद्यार्थियों की सुविधा के अनुसार हो भूमि चयन**


श्री टाइगर की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मंत्री ने निर्देश दिया कि नवसृजित डिग्री कॉलेजों के लिए ऐसी भूमि चुनी जाए, जो प्रखंड मुख्यालय के आसपास और विद्यार्थियों के लिए सुगम और निकट हो। उन्होंने निर्देश दिया कि इन कॉलेजों के लिए चयनित शिक्षकों के प्रमाण पत्र की वैधता की जांच तय समय सीमा के भीतर हो जाए।

समीक्षा के दौरान मंत्री ने वर्तमान में संचालित आठ शोध संस्थानों को सरल और सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया।

श्री टाइगर ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच के दौरान यदि संबंधित पदाधिकारियों या अन्य जिम्मेदार लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक के लिए विभागीय स्तर पर लगातार निगरानी, सत्यापन और जवाबदेही की व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्देश दिया।

उन्होंने संस्थानों की मान्यता, संचालन व्यवस्था, उपलब्ध संसाधन, विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं और निर्धारित मानकों का समुचित सत्यापन कराने को कहा।

श्री टाइगर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उच्च शिक्षा से जुड़ी योजनाओं और संस्थानों की निगरानी को प्रभावी बनाया जाए, ताकि विद्यार्थियों के हितों के साथ किसी भी स्तर पर समझौता न हो और उच्च शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। उच्च शिक्षा को विद्यार्थियों के लिए आसान और सुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, विशेष सचिव पवन कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव अनुराग कौशल सिंह, मंत्री के आप्त सचिव विमल कुमार, उप निदेशक दीपक कुमार सिंह, नसीम अहमद के अलावा अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें : एक नजर में

### गोपालगंज में वित्तीय अनियमितता के आरोप में प्रधानाध्यापक निलंबित, विभागीय जांच का भी आदेश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** गोपालगंज के डीईओ ने वित्तीय अनियमितता एवं राशि के दुरुपयोग के आरोप के आधार पर राजकीय मध्य विद्यालय, जलालपुर, सिधवलिया के हेडमास्टर को निलंबित कर दिया है। निलंबित हेडमास्टर राकेश कुमार शर्मा के खिलाफ आरोप पत्र गठित कर अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करते हुए विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। डीपीओ, स्थापना ने 27 जुलाई को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया था। जांच में विद्यालय के वित्तीय अभिलेखों के हस्तांतरण, छात्र कोष एवं विकास कोष की राशि के जमा एवं निकासी तथा खर्च से संबंधित कई अनियमितताएं पाई गईं। जांच में पाया गया कि वर्तमान प्रधानाध्यापक के योगदान के बाद भी वित्तीय दस्तावेज समय पर हस्तांतरित नहीं किए गए। वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 के दौरान छात्र कोष एवं विकास कोष से करीब 9.29 लाख रुपये की निकासी का विवरण मिला, लेकिन निकासी के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। इसके अलावा कंपोजिट ग्रांट एवं खेलकूद मद की राशि से संबंधित अभिलेख भी जांच के दौरान प्रस्तुत नहीं किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए शर्मा के विरुद्ध आरोप पत्र गठित कर विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान, गोपालगंज को जांच पदाधिकारी तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सिधवलिया को उपस्थापन पदाधिकारी नामित किया गया है। दोनों को निर्धारित अवधि में जांच पूरी कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

### विद्यालय में गड़बड़ी के आरोप सही प्रभारी हेडमास्टर पर होगी कार्रवाई

**गोपालगंज के सिधवलिया का मामला, डीईओ ने की थी जांच**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** गोपालगंज के सिधवलिया स्थित राजकीय मध्य विद्यालय, करसघाट पूर्वी के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष बैठा पर कर्तव्य में लापरवाही, अनियमितता समेत कई गंभीर आरोप सही पाए गए हैं। विभागीय नियमों के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विशिष्ट शिक्षक बैठा के विरुद्ध विभागीय आदेश की अवहेलना, विद्यालय अभिलेखों का उचित संधारण नहीं करने, शिक्षकों की अनधिकृत अनुपस्थिति में सहयोग करने तथा मध्या भोजन योजना की राशि एवं खाद्यान्न के दुरुपयोगध्गबन सहित कई गंभीर आरोप हैं। जिले के डीईओ ने बीते 8 अगस्त को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई अनियमितताएं पाई गईं। इस दौरान तीन शिक्षिकाएं विद्यालय में उपस्थिति दर्ज होने के बावजूद अनुपस्थित पाई गईं। विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी में दर्ज संख्या और उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या में भी काफी अंतर पाया गया। मध्या भोजन योजना में भी गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं। भोजन की पंजी में दर्ज विवरण और वास्तविक खाद्यान्न की मात्रा में अंतर पाया गया। विद्यालय की स्टक पंजी, कैशबुक और अन्य अभिलेखों का भी उचित संधारण नहीं पाया गया। छात्रों की परीक्षा की कपियां बिना मूल्यांकन के मिलीं। शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में भी अपेक्षित सहभागिता नहीं पाई गई। विद्यालय के शौचालय भी अत्यंत गंदे पाए गए। प्रधानाध्यापक से मांगे गए स्पष्टीकरण की समीक्षा के बाद उनके जवाब को संतोषजनक नहीं पाया गया और अधिकांश आरोप सही पाए गए।

### प्रोफेसर शिव जतन ठाकुर ने की लोकभवन के अधिकारियों के कार्यशैली की तीखी आलोचना

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य और पटना विश्विद्यालय में अँग्रेजी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शिव जतन ठाकुर ने राज्यपाल को पत्र लिखकर लोकभवन के अधिकारियों के कार्यशैली की तीखी आलोचना करते हुए उदाहरण दिया है कि बिहार राज्य विश्विद्यालय अधिनियम 1976 की धारा-10 में शिक्षकों की नियुक्ति और पदस्थापन करने का वैधानिक अधिकार केवल कुलपति को प्राप्त है ना कि कुलाधिपति को। उपरोक्त वैधानिक अधिकार को गैरकानूनी रुप से हड़प कर लोकभवन के अतिरिक्त सचिव संजय सिंह ने नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को न केवल कॉलेज आवंटित किया वरन कुलपतियों को आदेश दिया है कि सहायक प्राध्यापकों का पदस्थापन की अनुपालन रिपोर्ट उन्हें तुरंत भेजा जाए। प्रोफेसर ठाकुर के पत्र में आपत्ति प्रकट की गई है कि मेरिट के सिद्धांत को अनदेखी कर जिन उम्मीदवारों का मेधा सूची में उच्चतर स्थान प्राप्त था। परंतु कोई पैरवी नहीं थी। उन्हें सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के डिग्री कॉलेज में पदस्थापित किया गया है जबकि पैरवी-पुत्रों को मेधा सूची में निम्नतर स्थान होने के बाद भी उन्हें शहरी क्षेत्र के आस-पास के डिग्री कॉलेज में पदस्थापित किया गया है। पत्र में प्रोफेसर ठाकुर ने पूछा है कि कुलपतियों को पंगु बना कर विश्विद्यालय के वैधानिक स्वायत्तता से खिलवाड़ क्यो किया जा रहा है। प्रोफेसर ठाकुर ने अपने पत्र में अनुरोध किया है कि इस राज्य में कानून का शासन स्थापित किया जाए। पत्र की प्रति मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भी भेजी गई है। इस प्रेस वक्तव्य के साथ मेरे पत्र की एक प्रति भी संलग्न है।

## रामचरितमानस को घर-घर पहुँचाने का संकल्प लें : मिथिलेश तिवारी

**26 अगस्त को तुलसी के राम कार्यक्रम में भारी संख्या में जुटें सनातनी : मिथिलेश तिवारी**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सनातन संस्कृति चेतना परिषद्, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में पटना शहर के बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन ( बीआईए ) के सभागार में पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्म- जयंती समारोह आयोजित की गई ।

समारोह का उद्घाटन परिषद् के संरक्षक एवं बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पहले कैबिनेट मंत्री मिथिलेश तिवारी समेत राज्य भर से समारोह में पधारे सनातनियों ने रामचरितमानस और हनुमान चालीसा के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की ।

समारोह को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा की रामभक्त गोस्वामी तुलसी दास द्वारा रचित रामचरितमानस प्रत्येक सनातनियों के घर में निश्चित रूप से होना चाहिए ।


समारोह का उद्घाटन परिषद् के संरक्षक एवं बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा की गोस्वामी तुलसी दास ने अपने दिव्य तियों के माध्यम से प्रभु श्री राम के आदर्शों, सनातन संसति और भारतीय मूल्यों के अमृत संदेश को जन-जन पहुँचाने का जो काम किए उस अमृत गाथा को आगे बढ़ा कर भारत को विश्व गुरु बनाया जा सकता है ।

श्री तिवारी ने कहा बिहार सरकार सनातन संस्कृति के संकल्पित है । सरकार गुरु शिष्य परम्परा को आगे बढ़ाने में लगी है ।

इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश तिवारी ने आगामी 26 अगस्त 2026 को पटना के रविन्द्र भवन में आयोजित तुलसी के राम कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित होने की अपील की । उन्होंने कहा की कार्यक्रम का शुभ उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे । समारोह की अध्यक्षता सनातन संस्कृति चेतना परिषद के अध्यक्ष श्री मनीष शुक्ला ने किया । आगत अतिथियों का स्वागत परिषद के उपाध्यक्ष एवं एडवोकेट्स एसोसिएशन, पटना हाई कोर्ट के ज्वाइंट सेक्रेटरी संजीव कुमार मिश्र उर्फ गीता वाले बाबा ने किया । मंच का संचालन परिषद् के सचिव विंध्याचल पाठक ने की । समारोह को बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश झा राजू , स्वर्ण आयोग के अध्यक्ष जय कृष्ण झा, बबलू पाण्डेय, परिषद् के उपाध्यक्ष शैलेश त्रिपाठी, नित्या नंद ओझा, मनीष कुमार तिवारी, अमित मिश्रा, अर्चना ठाकुर, चाँदनी पाण्डेय, विनोद तिवारी, अजीत कुमार शुक्ला , गंगाधर पाण्डेय, हेमंत झा, प्रो राहुल कुमार मिश्रा, अरुण मिश्रा, नंद कुमार तिवारी, उमेश चंद झा, संकेत मिश्रा, भरत मिश्रा, विपिन भारती, आदि ने संबोधित किया ।

## नालंदा के विद्यालय में मध्याह्न भोजन से बच्चों के बीमार होने के मामले में सख्त कार्रवाई

**शिक्षा मंत्री ने दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने का दिया निर्देश**

**प्रधानाध्यापक निलंबित, तीन रसोइया कार्यमुक्त, मिड डे मील के डीपीओ के खिलाफ गठित होगा आरोप पत्र, प्रखंड साधनसेवी और रसोईघर चलाने वाली संस्था से मांगा गया स्पष्टीकरण**


शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड स्थित परासी मध्य विद्यालय में मंगलवार को मध्याह्न भोजन खाने के बाद 34 बच्चों के बीमार होने की घटना को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने दोषियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

श्री तिवारी के सख्त निर्देश के बाद डीईओ ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मिड डे मील के डीपीओ पर आरोप पत्र गठित कर विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया गया है। लापरवाही के आरोप में विद्यालय की तीन रसोइयों मंटू देवी, शारदा देवी और निपु देवी को भी कार्यमुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा योजना के अनुश्रवण की जिम्मेदारी संभालने वाले प्रखंड साधनसेवी महेश प्रसाद से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

वहीं, विद्यालय में मिड डे मील उपलब्ध कराने वाली संस्था एकता शक्ति फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक से 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। असंतोषजनक पाए जाने पर संस्था का निबंधन रद्द किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया है कि मिड डे मील में किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुश्रवण में शिथिलता या घटना की सूचना छिपाने की कोशिश को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय के बच्चों को बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## विद्यार्थी सहयोग पोर्टल से समाप्त होगी छात्र-छात्राओं की समस्या

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के छात्र-छात्राओं की समस्या का निदान करने के लिए राज्य सरकार ने 'विद्यार्थी सहयोग पोर्टल' शुरू किया है। विद्यार्थी इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शैक्षणिक समस्या और सुझाव ऑन-लाइन दर्ज करा सकते हैं। परिवाद दर्ज कराने की तिथि से 30 दिनों के अंदर उसका निष्पादन कर लिखित सूचना आवेदक को दी जाएगी।

विदित हो कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को अधिक आधुनिक, पारदर्शी, जवाबदेह और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। वहीं बिहार के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने 'विद्यार्थी सहयोग पोर्टल' शुरू किया है, ताकि विद्यार्थी अपनी और छात्रावास से संबंधित समस्याओं को अन-लाइन दर्ज करा सकें। शिकायत दर्जन कराने वाले छात्र-छात्राओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इसके साथ ही हर महीने के चौथे मंगलवार को शिक्षण संस्थानों में 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा, जहां छात्र-छात्राएं अपनी-अपनी समस्या और सुझाव रख सकेंगे। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से छात्र-छात्राएं कभी भी अपनी शिकायतें और सुझाव दर्ज करा सकते हैं। वहीं

**25 अगस्त को खुलेगा सहयोग पोर्टल**

विद्यार्थी छात्रावास से जुड़ी शिकायतें और सुझाव पोर्टल या टोल-फ्री हेल्पलाइन 1100 पर दर्ज करा सकते हैं। छात्रों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी

'विद्यार्थी सहयोग पोर्टल' पर शिकायत दर्ज करने की तिथि से 30 दिनों के अंदर उसका निष्पादन किया जाएगा। उसके बाद आवेदक को उसकी लिखित सूचना दी जाएगी। बताया जाता है कि छात्रों की शिकायतों पर 10 दिनों में कार्रवाई शुरू न होने पर 11वें दिन मुख्यमंत्री कार्यालय से स्वतः नोटिस जारी होगा और अधिकतम 30 दिनों के भीतर हर हाल में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसको लेकर सरकार ने सख्त निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है।

राज्य सरकार ने सभी स्कूलों और छात्रावासों की समस्याओं का निदान करने के लिए 25 अगस्त से विद्यार्थी सहयोग अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। जिससे कि विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनी जाए और उनका सुझाव लेकर समस्याओं का निष्पादन किया जा सके।

राज्य सरकार के स्तर से छात्र-छात्राओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इसकी लगातार निगरानी भी की जा रही है।

## हरे परिधानों में सजी महिलाओं ने दिखाई अपनी अनूठी प्रतिभा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सावन की रिमझिम फुहार, हरियाली, संगीत और उत्सव की उमंग के बीच बुधवार को पाटलिपुत्र स्थित 53, कैफे हाउस में एक भव्य एवं अनोखे -सावन मिलन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

जेबीएसएच स्माइल फाउंडेशन की डायरेक्टर डा. जूली सिन्हा बनर्जी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कला, संस्कृति, मनोरंजन और प्रतिभाओं का शानदार संगम देखने को मिला। इस खास मौके पर सभी महिलाएं और अतिथि सावन के प्रतीक हरे रंग और अपने सबसे बेहतरीन परिधानों में सजे-धजे नजर आए, जिससे कार्यक्रम की छटा और भी निखर उठी।

प्रतिभाओं को मिला मंच और सावन क्वीन का ताज । इस समारोह का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में महिलाओं की विविध क्षमताएं उभर कर सामने आईं। प्रतिभागियों ने फैशन शो में पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ हिस्सा लिया। मंच पर महिलाओं ने लोकगीत , स्वरचित कविता पाठ, नृत्य और कुशल नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में एक प्रतिभागी को सावन क्वीन के प्रतिष्ठित ताज से


भव्य सावन मिलन समारोह का आयोजन।

सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही 20 अन्य महिलाओं को उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और कौशल के अनुरूप अलग-अलग विशेष उपाधियों से नवाजा गया।

पारंपरिक और आधुनिक कला का मनमोहक संगम सावन की पारंपरिक संस्कृति को आधुनिक मनोरंजन के साथ जोड़कर प्रस्तुत किए गए इस कार्यक्रम ने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया।

समारोह में लाइव सिंगिंग, मनोरंजक गेम्स, ठुमरी और कथक सहित विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों के सामने भारतीय शास्त्रीय एवं पारंपरिक कला-संस्कृति की एक मनमोहक झलक पेश की।

डायरेक्टर डा. जूली बनर्जी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा- सावन केवल एक मौसम नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति में उमंग, प्रेम, हरियाली और मिलन का प्रतीक है। ऐसे आयोजन लोगों को अपनी व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने और नई ऊर्जा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

## खबरें खास-खास

### कंकड़बाग थानान्तर्गत चेन स्नैचिंग गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कंकड़बाग पुलिस ने चेन छीनने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्रान्तर्गत चेन स्नैचिंग की बढ़ती घटना के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के आदेशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक, पटना के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा मानवीय सूचना एवं तकनीकी वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरोह के 4 अपराधकर्मियों का पता कर चोरी के सोने का चेन के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अपराधकर्मियों के द्वारा कंकड़बाग थाना में छीनतई में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया तथा अन्य थाना में कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। अपराधकर्मियों का लम्बा आपराधिक इतिहास पाया गया है।गिरोह में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने राहुल कुमार , नरौली थाना सालीमपुर, जिला पटना हाल मोकाम काटी फैक्ट्री रोड, थाना चित्रगुप्तनगर,. मोहित कुमार पपरनौसा, थाना नूरसराय, जिला नालंदा हाल मोकाम महावीर कलोनी संदलपुर, रोड नं0-4 ए, थाना बहादुरपुर,अजय कुमार उर्फ टिल्लु पपरनौसा, थाना नूरसराय, जिला नालंदा। प्रिंस कुमार स्टेशन रोड फतुहा, थाना फतुहा हाल मोकाम कांटी फैक्ट्री दुर्गा मंदिर के पास, थाना चित्रगुप्तनगर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सोने का चेन, मोटर साईकिल दो मोबाईल बरामद किया है।

### बी. कार्तिकेय धनजी ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बी. कार्तिकेय धनजी ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया। विभागीय अधिकारियों एवं पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सचिव ने विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जलापूर्ति योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन तथा योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर दिया।

श्री कार्तिकेय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित योजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जलापूर्ति से संबंधित जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस दिशा में सभी पदाधिकारी एवं कर्मी समन्वय के साथ पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करें।

### गर्दनीबाग धरनास्थल पर आंदोलनकारी छात्रों का मांगे माने सरकार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सीपीआईएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य एवं जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) के केंद्रीय कमिटी सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी ने गर्दनीबाग धरनास्थल पर विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों एवं अभ्यर्थियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए उनके उचित मांगो को मानकर अनशन समाप्त कराने की मांग सरकार से की है। आंदोलनकारियों अपनी मांगो को लेकर गर्दनीबाग धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे है, लेकिन भाजपा की सरकार उनकी मांगे मानने की बजाय असंवेदनशील रवैया अपना रही है। बिहार में लगातार परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी, भर्ती प्रक्रियाओं में विलम्ब हो रही है, छात्रों के हित में परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की जरूरत है। शिक्षा व्यबस्था सुधारने की बजाय राज्य के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी का अनाप सनाप बयान बिहार में अराजकता फैलाएगा।

### रणविजय कुमार ऐक्टू बिहार के महासचिव चुने गए, वही सुरेंद्र प्रसाद सिंह निर्माण मजदूर यूनियन के महासचिव चुने गए

**ऐक्टू और निर्माण मजदूर यूनियन का राज्य सम्मेलन कराने का लिया गया निर्णय**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (ऐक्टू) बिहार के महासचिव रहे आर.एन. ठाकुर का गंभीर ब्रेन स्ट्रोक के कारण 5 जुलाई को पीएमसीएच में इलाज के दौरान निधन होने के पश्चात ऐक्टू बिहार राज्य महासचिव का पद रिक्त था। इस बीच पटना स्थित ऐक्टू राज्य कार्यालय में ऐक्टू बिहार राज्य कार्यकारिणी समिति की मंगलवार को देर शाम तक चली बैठक से ऐक्टू राज्य कार्यकारिणी ने सर्वसम्मत रणविजय कुमार को संगठन के महासचिव चुने गए।रणविजय कुमार लंबे समय से ऐक्टू बिहार के सचिव पद की जिम्मेदारी में थे।

इस बीच ऐक्टू से संबद्ध बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन के भी महासचिव रहे आर एन ठाकुर जी के निधन से यूनियन के महासचिव का पद रिक्तथा, ऐक्टू राज्य कार्यालय में सोमवार को देर शाम तक निर्माण मजदूर यूनियन राज्य कार्यकारिणी समिति की संपन्न बैठक से कार्यकारिणी समिति ने सर्वसम्मति से सुरेंद्र प्रसाद सिंह को यूनियन का महासचिव चुना।

ऐक्टू के नव चयनित बिहार राज्य महासचिव रणविजय कुमार ने बताया कि उक्त बैठकों से बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन का 40 हजार निर्माण मजदूरों को यूनियन का सदस्य बनाते हुए राज्य सम्मेलन नवंबर माह में मोतिहारी में राज्य सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया वहीं ऐक्टू बिहार राज्य का सम्मेलन इसी वर्ष दिसंबर माह में कराने का निर्णय लिया गया।

### सभी जिलों में दंगा निरोधक दस्ता का गठन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में किसी तरह के दंगा या हंगामा या उग्र प्रदर्शन को रोकने के लिए जिला स्तर पर दंगा निरोधी दस्ता के गठन का फैसला लिया गया है। पुलिस मुख्यालय के स्तर से जिला एंटी राइट फोर्स (डीएआरएफ) के गठन से संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें चयनित सभी स्तर के पुलिस कर्मियों का खासतौर से प्रशिक्षण कराया जाएगा। सभी जिलों में गठित इस दस्ता का कार्य विधि-व्यवस्था को स्थापित करने से लेकर संवेदनशील परिस्थितियां, सांप्रदायिक तनाव, हिंसात्मक प्रदर्शन, सड़क जाम, सरकारी संपत्ति पर हमला, भीड़ नियंत्रण समेत ऐसी अन्य आकास्मिक परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला और अनुमंडल स्तर पर इस विशेष दंगा निरोधी दस्ता की तैनाती रहेगी। इस विशेष दंगा निरोधी दस्ता का एक महीने का विशेष प्रशिक्षण प्रत्येक जिले की पुलिस केंद्र में कराया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए पुलिस निरीक्षक या सार्जेंट मेजर या पुलिस अवर निरीक्षक सार्जेंट या सहायक अवर निरीक्षक का चयन किया जाएगा। सभी चयनित ट्रेनर का टीओटी मेरठ स्थित प्रशिक्षण रैपिड एक्शन फोर्स एकेडमी फर पब्लिक अर्डर (आरएपीओ) में कराया जाएगा। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये ट्रेनर अपने-अपने जिलों में गठित विशेष प्रशिक्षण जिला दंगा निरोधी दस्ता के लिए चयनित पदाधिकारी एवं सिपाही को देंगे। प्रत्येक तीन महीने पर प्रत्येक प्लाटून का एक सप्ताह का रिफ्रेशर कोर्स पुलिस केंद्र में पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) के नेतृत्व में आयोजित कराया जाएगा। संबंधित जिलों के एसपी या एसएसपी जिला दंगा निरोधी बल के संदर्भ में प्रशिक्षण, साजो-समान, उपकरण, आवासन समेत अन्य की समुचित व्यवस्था करेंगे।

इस दंगा निरोधी दस्ता में प्रभारी पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रशिक्षित पुलिस पदाधिकारी या कर्मी, प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी, आवश्यकतानुसार चिकित्सा या एंबुलेंस सहायता दल, वीडियोग्राफी करने वाले कर्मी, संचार एवं रिजर्व बल और लाठी दस्ता में ट्रेंड सिपाही शामिल होंगे। इस विशेष दस्ते की प्रत्येक कंपनी में तीन प्लाटून होंगे और प्रत्येक प्लाटून में अश्रु गैस दस्ता, लाठी दस्ता, सशस्त्र बल, चालक, वायरलेस अपरेटर समेत कुल 47 कर्मी होंगे। प्रत्येक प्लाटून में दो वाहन (1 बस एवं 1 ट्रक) शामिल होंगे।

जिलों के स्तर पर गठित होने वाले दंगा निरोधी दस्ता के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) होंगे। दस्ता प्रभारी अपने अधीन बल की तैनाती, अनुशासन, संचार, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा कार्रवाई के अभिलेख के लिए उत्तरदायी होंगे।

राज्य के सभी जिलों को तीन श्रेणियों ए,बी,सी के रूप में वर्गीत करते हुए कुल 49 कंपनी दंगा निरोधी दस्ता का गठन किया जाएगा। इन्हें 294 वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।

'श्रेणी-ए' में पटना जिला को 3 कंपनी, 18 वाहन के अलावा गया, रोहतास, मुजफ्फरपुर, सारण, मोतिहारी, बेतिया, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, भागलपुर, बेगूसराय को 2-2 कंपनी बल तथा 12-12 वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।

'श्रेणी-बी' में नालंदा, औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, वैशाली, सीतामढ़ी, सीवान, गोपालगंज, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, बांका, मुंगेर, जमुई एवं खगड़िया को 1-1 कंपनी बल तथा 6-6 वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।

'श्रेणी-सी' में अरवल, शिवहर, बगहा, लखीसराय, शेखपुरा, नवगछिया को 1-1 प्लाटून तथा 2-2 वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सिंहवाड़ा थाना का सिटी एसपी ने किया निरीक्षण

**कांडो का गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने का दिया निर्देश**

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** सिंहवाड़ा थाना का सीटी एसपी अशोक कुमार ने बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होने निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष बसंत कुमार को विभिन्न कांडों के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान का निर्देश दिया। सभी अनुसंधानकताओं के साथ लंबित कांडों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर अनुसंधानकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से वारंट एवं कुर्की प्राप्त करने तथा गिरफ्तारी की कार्रवाई तेज करने को कहा गया।



थाना में प्रतिवेदित कांडों की भी समीक्षा की गई और सभी पंजी को अद्यतन रखने को कहा गया। इसके अलावा थाना क्षेत्र में सघन गश्ती बढ़ाने, विधि-व्यवस्था बनाए रखने, डायल-112 वाहन को लगातार भ्रमणशील रखने तथा श्रावणी मेला को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। मौके पर कई अधिकारी मौजूद थे।

### शिकायत वाले क्षेत्रों में टैंकर से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश

**दरभंगा(एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक, दरभंगा ग्रामीण राजेश कुमार मंडल उपस्थित थे।बैठक के दौरान जिले में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, प्राप्त शिकायतों, नल-जल योजनाओं, नई जलापूर्ति योजनाओं, चापाकल की मरम्मति तथा नगर निकाय क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पेयजल आपूर्ति को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने संबंधित कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता एवं अन्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों से जलापूर्ति बाधित होने अथवा पेयजल की समस्या की शिकायत प्राप्त हो रही है, वहां तत्काल टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर आम लोगों को कठिनाई नहीं होनी चाहिए। नल-जल योजना एवं नई जलापूर्ति योजनाओं को सक्रिय एवं कार्यशील रखा जाए। जहां किसी तकनीकी अथवा अन्य कारण से जलापूर्ति बाधित है, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक, दरभंगा ग्रामीण राजेश कुमार मंडल ने नए बोरिंग में वायरिंग का कार्य शीघ्र पूरा कराने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता,कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष अमन, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, पीएचईडी विभाग के अभियंता एवं संबंधित संवेदक उपस्थित थे।

### दरभंगा में सौर ऊर्जा परियोजनाओं का होगा विस्तार : डा. गोपाल जी ठाकुर

**कहा दरभंगा में हरित ऊर्जा कलस्टर की स्थापना को शीघ्र मिलेगी मंजूरी**

**दरभंगा(एनएसबी)।** पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर दरभंगा में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए केंद्र सरकार के द्वारा पहल शुरू कर दी गई है। दरभंगा में नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण इकाई तथा हरित ऊर्जा कलस्टर की स्थापना के लिए केंद्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने केंद्रीय विद्युत मंत्रालय को शीघ्र पहल करने का निर्देश दिया है जो जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने केंद्र सरकार के द्वारा भेजे गए पत्र के आलोक में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए उन्होंने 27 जुलाई 2026 को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी के कार्यालय में मुलाकात कर दरभंगा में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार एवं हरित ऊर्जा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की थी तथा इन मुद्दों पर शीघ्र पहल करने का आग्रह किया था जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने केंद्रीय विद्युत मंत्रालय को औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है।



**सांसद डा ठाकुर ने बताया कि उन्होंने मानसून सत्र के दौरान**

केंद्रीय मंत्री श्री जोशी से हुई भेंट के क्रम में दरभंगा में रूफटॉप सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार, स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण जैसे अहम विषयों पर चर्चा कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया था जो अब धरातल पर साकार हो रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित हुए सृष्टि के कलाकार

**दरभंगा(एनएसबी)।** मिथिला की हृदयस्थली सीतामढ़ी से माता जानकी अयोध्या आईं हैं और बिहार का खाना तो अद्भुत है। आप सभी लोग दरभंगा से लखनऊ आये, मुझे इस बात की बहुत खुशी हुई, साथ ही आप सभी ने छठ की अद्भुत प्रस्तुति भी दी। उक्त बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में सृष्टि कलाकार सुबोध दास को कही। मौका था 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के दौरान की। इस क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी ने सीधे मंच से ही सृष्टि के कलाकारों के साथ वातालाप की। बताते चलें कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार द्वारा सृष्टि संस्थान को इस सांस्कृतिक महोत्सव में भाग लेने हेतु नामित किया गया था। सृष्टि संस्थान के संस्थापक गुरु जयप्रकाश पाठक के निर्देशन में और सुबोध दास के सानिध्य में बिहार के मनाये जाने वाला प्रसिद्ध और लोक आस्था का महा पर्व छठ की अद्भुत प्रस्तुति दी गई। इसमें तेजस्वी गर्ग, तेजस्वी प्रियम, कामना कुमारी, पलक राज, हर्षिता गर्ग, प्रगति प्रभा, निधि श्री, जेसिका गुप्ता, पार्वती कुमारी, गुलशन कुमार, सैम गुप्ता, कृष्ण कुमार सहित कुल 13 कलाकारों की टोली ने अपनी भागदारी दी और अपनी प्रस्तुति से उपस्थित उत्तर प्रदेश की धरती के लोगों का मन मोह लिया।



### दरभंगा मे पति को वीडियो कॉल कर प●ी ने लगा ली ऑनलाइन फांसी

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** शंकरपुर पंचायत के वार्ड संख्या-एक में 18 अगस्त की रात पत्नी ने पति को वीडियो कॉल पर ऑनलाइन लेकर फांसी लगा ली। रस्सी से पत्नी की लाश को झुलता देख दिल्ली में रह रहा पति घबराकर अपने आसपास के लोगों को फोन करने लगा। मौके पर पहुंची सिंहवाड़ा पुलिस ने लाश को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया । पंचायत के वार्ड एक में हुई इस घटना के बाद सनसनी फैल गई। मृतिका तमन्ना कुरैशी की पत्नी शमीमुन निशा उर्फ रौनक बतायी गयी है। मृतका का मायका सीतामढ़ी जिले के मेहसौल में है। परिजनों ने बताया करीब आठ वर्ष पूर्व उसकी शादी तमन्ना कुरैशी के साथ हुई थी। शादी के बाद दंपती को कोई संतान नहीं हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच संबंध सामान्य नहीं थे। महिला का पति रोजगार के सिलसिले में दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। महिला के फांसी के फंदे पर झूलने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। बताया गया है कि महिला अपने पति से वीडियो कॉल पर बातचीत कर रही थी। इसी दौरान उसने कथित रूप से रस्सी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। वीडियो कॉल के दौरान हुई इस घटना से पति भी सकते में आ गया और इसकी जानकारी परिजनों व आसपास के लोगों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बताया गया है कि पोस्टमार्टम के बाद महिला के शव को उसके मायके सीतामढ़ी जिले के मेहसौल ले जाया जा रहा है। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि इस मामले में आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### दो मोटरसाइकिल के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दोनों घायल

**बेनीपुर(एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के एस एच 56 धरौड़ा - माधोपुर के बीच दो मोटरसाइकिल के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दोनों घायल हो गए।घायल बिरौल थाना क्षेत्र के शिवनगर निवासी राज कुमार झा का पुत्र हरिदर्शन झा एवं बहेड़ा थाना क्षेत्र के भसौर निवासी मोहम्मद नजीर का पुत्र मोहम्मद कैंसर को स्थानीय लोगों ने इलाज क लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

# जाले प्रखंड के रतनपुर गांव में युवक की गोली मारकर हुई हत्या

**जाले(एनएसबी)।** कमतौल थाना क्षेत्र के रतनपुर कलवाड़ा मुख्य सड़क किनारे मोकररी में 18 अगस्त की रात करीब 9 बजे उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे झाड़ी में एक युवक का लहूलुहान शव मिला। मृतक की पहचान रतनपुर निवासी संजीव कुमार के 25 वर्षीय पुत्र आदित्य माधव भारद्वाज उर्फ सत्यम सिंह के रूप में हुई जिसके कनपटी में दो गोली और सीने में एक गोली मारी गईथी। मृतक के पिता संजीव कुमार के बताया कि सत्यम शाम करीब पांच बजे अपनी तीन साल की बेटी के लिए दवा लेने कदमचौक गया था ,उसके साथ उसका एक दोस्त भी था ,रात करीब सवा आठ बजे पिता की सत्यम से फोन पर बात हुई थी, सत्यम ने बताया कि वह मलिकपुर में है और घर आ रहा है किन्तु, पौने नौ बजे के बाद जब वह घर नहीं पहुंचा, तो पिता ने दोबारा फोन किया, इस बार फोन रिसीव नहीं हुआऔर कुछ ही देर बाद परिवार को ऐसी खबर मिली, जिसने पूरे घर को हिलाकर रख दिया 'सत्यम को गोली मार दी गई' है। सूचना मिलते ही कमतौल थाना पुलिस घटनास्थल थानाध्यक्ष और सदर एसडीपीओ-2 कमतौल भी घटनास्थल पर पहुंचे,एपएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए, रात करीब साढ़े 12 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा भेज दिया गया। युवक की जेब से उसका मोबाइल भी बरामद हुआ है।तत्काल पुलिस की टेक्निकल टीम, एपएसएल परिजनों की निशानदेही के आधार पर इस हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है।मृतक के पिता का दावा है कि गांव और आसपास के कुछ लोगों की ओर से सत्यम को पहले भी जान से मारने की धमकी दी जाती थी।





सड़क के किनारे पड़ी युवक की लाश ,युवक की फाइल फोटो

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा लाभः डॉ. रामचन्द्र प्रसाद

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने किया सहयोग शिविर मे भाग**

**बहेड़ी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह हायाघाट विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने बहेड़ी प्रखंड के ठाठोपुर में आयोजित पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर में सम्मिलित होकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित एवं नियमानुकूल समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान, सुशासन को मजबूत करने और विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और प्रशासनिक व्यवस्था जनता के प्रति अधिक जवाबदेह एवं संवेदनशील बने। पंचायत स्तर पर आयोजित ऐसे सहयोग शिविर जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैंअधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए पात्रता एवं नियमों के अनुरूप शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें।शिविर में बहेड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी रोहित कुमार, अंचल अधिकारी रविकांत सहित विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया।इस दौरान पूर्व मुखिया राधा रमण मंडल, लालबाबू मंडल, सरोज सिंह, दिनेश सिंह, लक्ष्मी साह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



सहयोग शिविर में भाग लेते डॉ. रामचन्द्र प्रसाद

## एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण से यातायात की समस्या हुई गंभीर

**सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने की मांग हुई तेज**

**दरभंगा(एनएसबी)।** भारतीय चिकित्सा संघ, दरभंगा शाखा ने एकमीघाट से दरभंगा जंक्शन तक निमार्णाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर के कारण उत्पन्न गंभीर यातायात संकट पर चिंता व्यक्त की है। संघ के अध्यक्ष डॉ. कन्हैया जी झा ने प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिलाधिकारी को पत्र भेजकर निर्माण अवधि में सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है।

डॉ. झा ने बताया कि पर्याप्त चौड़ाई वाले वैकल्पिक मार्ग और सर्विस रोड की व्यवस्था किए बिना मुख्य सड़क पर निर्माण कार्य किए जाने से सुबह लगभग साढ़े छह बजे से रात नौ बजे तक कई स्थानों पर लंबा जाम लग रहा है। इसका सबसे गंभीर प्रभाव मरीजों, चिकित्सकों, एम्बुलेंस सेवाओं और स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। बलभद्रपुर, लहेरियासराय, दोनार चौक, वीआईपी रोड तथा अस्पताल रोड से होकर आने-जाने वाले चिकित्सकों और मरीजों को स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई हो रही है।उन्होंने कहा कि विद्यालयों की छुट्टी के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्कूली बसें, छोटे वाहन और विद्यार्थी घंटों जाम में फंसे रहते हैं। अस्पताल रोड पर यातायात अवरुद्ध होने से गंभीर मरीजों एवं दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों के उपचार में होने वाली कुछ मिनटों की देरी भी जानलेवा सिद्ध हो सकती है।भारतीय चिकित्सा संघ ने मांग की है कि प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों की संयुक्त समिति बनाकर व्यस्त समय में पूरे निमार्णाधीन मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। साथ ही, निर्माण एजेंसी की स्वीकृत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और अनुबंध में निर्धारित सर्विस रोड, वैकल्पिक मार्ग, जल निकासी, संकेतक, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा यातायात प्रबंधन के प्रावधानों की जांच की जाए।संघ ने अस्पतालों तक जाने वाले प्रमुख मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर जाममुक्त रखने, एम्बुलेंस एवं अन्य आपातकालीन वाहनों के लिए निर्बाध गलियारा बनाने तथा विद्यालय खुलने और बंद होने के समय अतिरिक्त यातायात पुलिस की तैनाती की मांग की है। डॉ. झा ने कहा कि निर्माण कार्य आवश्यक है, लेकिन इसके साथ नागरिकों की सुरक्षा, मरीजों की समय पर चिकित्सा तथा स्कूली बच्चों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना भी प्रशासन और निर्माण एजेंसी की समान जिम्मेदारी है।





डॉ. कन्हैया जी झा , अललपट्टी में लगी जाम

## प्रेमजीवर पंचायत प्रांगण में सहयोग शिविर का आयोजन

**बहादुरपुर(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रेमजीवर पंचायत अंतर्गत +2 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय प्रेमजीवर के प्रांगण में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। विशेष शिविर का आयोजन प्रेमजीवर पंचायत के मुखिया जिशान फारूकी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।बिहार सरकार के निदेर्शानुसार ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाने और उनकी जन-शिकायतों का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से प्रेमजीवर में एक दिवसीय विशेष पंचायत शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना तथा उनकी समस्याओं का निष्पादन हेतु गाँव स्तर पर ही करना है।शिविर की मुख्य विशेषताएँ ऑन-द-स्पॉट समाधान के तहत राशन कार्ड में सुधार,नया आवेदन,वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन,दिव्यांग पेंशन एवं राजस्व से जुड़े मामलों का मौके पर ही निपटारा किया जाना,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच हेतु मेडिकल टीम तैनात रही,जहाँ मुफ़्त दवाइयाँ वितरित की गईं। जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार यादव,बीडीओ आनंद कुमार विभूति अंचल अधिकारी निशांत कुमार,बीपीआरओ प्रमोद कुमार पासवान,बीईओ रंजना कुमारी,पंचायत समिति सदस्य विद्यानंद पासवान,उप मुखिया मोहन पासवान उपस्थित थे।




कार्यक्रम में मुखिया जीशान फारूकी एवं

## शैक्षणिक संस्थानों की 500 मीटर की परिधि को ड्रग-मुक्त क्षेत्र लागू करें : कौशल कुमार

**जिलाधिकारी ने कहा मेडिकल स्टोरों की नियमित एवं सघन जांच करें**

**मादक पदार्थों के अवैध कारोबार एवं सेवन पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी**



**दरभंगा(एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार एवं सेवन पर प्रभावी नियंत्रण, नशा उन्मूलन तथा आमजन में जागरूकता बढ़ाने को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा एवं चर्चा की गई जिलाधिकारी ने सभी सहायक औषधि नियंत्रकों एवं औषधि निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोरों की नियमित एवं सघन जांच करने का निर्देश दिया। दवा दुकानों पर प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मद्यनिषेध विभाग, दरभंगा तथा संबंधित थाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों की 500 मीटर की परिधि को ड्रग-मुक्त क्षेत्र के रूप में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने जिले के सभी थाना अध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों, विशेषकर जिले के सीमा क्षेत्रों में सघन जांच अभियान लगातार चलाते रहने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध प्रदीप कुमार सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

## मनाई गई पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र की 7 वीं पुण्यतिथि

**बिरौल(एनएसबी)।** प्रखंड की अरगा उसरी पंचायत के पूर्व मुखिया गंगा देवी की गौरा स्थित निवास स्थान पर बुधवार को भारत सरकार के पूर्व मंत्री, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के संस्थापक राष्ट्रिय अध्यक्ष डॉ जगन्नाथ मिश्र की 7 वीं पुण्यतिथि प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गई । उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि डॉ० मिश्र केवल अतीत का गौरव नही, वर्तमान व भविष्य की दिशा है।बिहार की राजनीति, समाज व शिक्षा जगत के अमूल्य धरोहर के रुप में वे स्मरणीय रहेंगे। विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों, विचारों, निष्ठा व मानवीय मूल्यों से उन्होनें कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन लोगों के लिए प्रेरणादायक है। श्री चौधरी ने कहा कि उनके पांच वर्ष छः माह के मुख्यमंत्रित्व काल में बिहार ने काफी उपलब्धियां पायी। उन्होंने व्यापक औद्योगिक नीति की घोषणा कर पटना , मुजफ्फरपुर ,दरभंगा , रांची, बोकारो, आदित्यपुर में विकास प्राधिकारों की स्थापना एवं 37 औद्योगिक प्रांगणों की स्वीकृति दी थी ।डॉ० मिश्र ने दूध उत्पादन केन्द्र व दूध डेयरी की शुरूआत राज्य में कर स्वेत क्रांति ला दी थी। पटना हाजीपुर के बीच गंगा नदी पर महात्मा गांधी सेतु पटना में इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान का शिलान्यास व सभी पंचायतों में क्रीड़ा केंद्रों की स्वीकृति देना डॉ मिश्र के मुख्यमंत्रित्व काल की विशिष्ट उपलब्धि है। वहीं 54 हजार प्राथमिक विद्यालय व 3 हजार माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण करना,235 महाविद्यालयों,39 संस्कृत महाविद्यालयों का अंगीभूतिकरण करने सहित सैंकड़ों संस्कृत विद्यालय व मदरसों का सरकारीकरण होना डॉ० मिश्र के शैक्षणिक क्षेत्र में अति विशिष्ट उपलब्धियां है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, पत्रकारों के लिए बीमा की शुरूआत डॉ मिश्र ने राज्य में की थी। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष व मुखिया कृष्ण कुमार मिश्र प्रभाकर, विनोद झा, बसंत कुमार सिंह, प्रणव कुमार मिश्र, राजीव कुमार साह, नीतीश कुमार मंडल, प्रवीण कुमार मिश्र व रवि पंडित, डॉ किताबुल शाह सहित कई अन्य लोगों ने भी डॉ० मिश्र की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।



कार्यक्रम में प्रदीप कुमार चौधरी एवं अन्य

## संक्षिप्त खबरें

### थाना परिसर में 68.500 लीटर शराब का विनष्टीकरण संपन्न

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना परिसर में बुधवार को दो अलग-अलग कांडों में जब्त की गई कुल 67.500 लीटर विदेशी शराब एवं 01 लीटर देशी शराब का विधिवत विनष्टीकरण किया गया। विनष्टीकरण की कार्रवाई अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी कुमार हर्ष एवं थानाध्यक्ष सूरज कुमार की मौजूदगी में की गई।पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में जब्त शराब को न्यायालय एवं सक्षम पदाधिकारी के निदेशानुसार नियमानुकूल प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। इस दौरान जब्त शराब की मात्रा का सत्यापन करने के बाद उसे विनष्ट किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जब्त मादक पदार्थों का नियमानुसार निस्तारण किया गया है। विनष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई। मौके पर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे।

### गंगा और वाया नदी में पानी बढ़ने से दियारा में बाढ़ की आशंका, लोगो ने की ऊंचे जगहों की तलाश शुरू

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के दक्षिण भाग से गुजरने वाली वाया नदी में पानी बढ़ने से दियारा के लोगो में बाढ़ को लेकर आशंका बनी है। जिसके कारण दियारा के लोगों ने अभी से ही ऊंचे जगहों की तलाश शुरू कर दिया है। बताया गया है कि गंगा और उसके सहायक वाया नदी में पानी के बढ़ने से चौर के निचले भाग में पानी पहुँचना शुरू हो गया है। जिसके कारण प्रखंड की चार पंचायते बाजिदपुर, बाल कृष्णपुरमरवा गोपालपुर, मऊ धनेशपुर दक्षिण और शेरपुर दियारा के लोगो सहित निकटवर्ती बछवाड़ा प्रखंड की कई पंचायतों की बड़ी आबादी प्रभावित हो सकती है।

### विधायक अश्मेघ देवी ने डॉ. फूल हसन के निधन पर जताई संवेदना



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** हर दिल अजीज और सबके डॉ. फूल हसन उर्फ टून्नी साहब के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करने के लिए केंद्रीय मंत्री सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक लोग उनके आवास पहुंच चुके हैं।इसी कड़ी में आज स्थानीय विधायक अश्मेघ देवी भी डॉ. फूल हसन के आवास पहुंचीं और उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना एवं शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. फूल हसन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि डॉ. फूल हसन बेहद नेक, मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति थे। वे हमेशा लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। उन्हें विभिन्न विषयों व ग्रंथों का गहरा ज्ञान था। महाभारत, रामायण, संस्कृत, कुरआन,उर्दू, फारसी की उनकी अच्छी जानकारी थी।उन्होंने कहा कि डॉ. फूल हसन हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे खड़े रहते थे। उनके निधन से समाज ने एक नेक और सेवाभावी इंसान को खो दिया है। उनके जाने से हर वर्ग के लोग दुखी हैं। विधायक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मौके पर मुखिया राजीव कुमार राय, सरपंच अशोक कुमार, प्रशांत कुमार, दयानंद ठाकुर, दिलनवाज खान, मो० उमर, नूर हसन नूर,नौशाद हसन, मो० शहंशाह, सहित कई लोग मौजूद रहे ।

### डीआरपीसीएयू में नामांकन 24-25 को, दीक्षारंभ 28 से

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में नामांकन की प्रक्रिया 24 और 25 अगस्त को पूरी की जायेगी। इस संबंध विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रेसविज्ञप्ति के अनुसार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से काउंसलिंग के उपरांत छात्रों को 24 और 25 अगस्त को डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन, फी डिपोजिट और नामांकन के लिए नोटिस जारी किया गया है। जिसमें सभी स्नातक विषयों के लिए 26075 रूपए जबकि बायोटेक्नोलॉजी में बीटेक के लिए 51075 रूपए फीस है। अनुसूचित जाति जनजाति के लिए यह फीस क्रमशः 22875 रुपए एवं 47875 रूपए होगी। विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए सीयूइटी के प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की काउंसलिंग के उपरांत होता है। राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की सभी रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए ज्यादातर उच्च रैंक वाले छात्रों के नामांकन लिए जाने की संभावना है। विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए देश भर के छात्र लालायित रहते हैं। पिछले वर्ष भी विश्वविद्यालय में 27 राज्यों के छात्रों ने नामांकन लिया। नामांकन की प्रक्रिया को लेकर कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने विभिन्न कमिटीयों का गठन किया है और स्वयं उसकी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रो के नामांकन के लिए एकल खिड़की व्यवस्था कर रहा है ताकि छात्रों को यहा वहां भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुसंधान की गुणवत्ता, और उच्च दक्षता वाले शिक्षकों को देखते हुए देश भर के सबसे बेहतर प्रतिभा वाले छात्र यहां नामांकन लेते हैं। उन्होंने कहा छात्र ही देश का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में इनका अहम योगदान होगा इसलिए विश्वविद्यालय उनके चरित्र निर्माण, स्किल डेवलपमेंट एवं समग्र विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पी के प्रणव ने कहा कि नामांकन के उपरांत छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम 28 अगस्त से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पांडेय की दीक्षारंभ की संकल्पना अब पूरे देश में लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ पांडेय छात्रों के समग्र विकास को लेकर हमेशा सक्रिय रहते हैं। देश निर्माण में दीक्षारंभ की भूमिका को देखते हुए उन्हें हमेशा इसके जनक के रूप में याद किया जाएगा। दीक्षारंभ के दौरान योग एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देश में विशिष्ट योगदान देने वाले अतिथि भी छात्रों के साथ संवाद करेंगे और उन्हें प्रेरित करेंगे। छात्रों और अभिभावकों के लिए पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी भोजन आवास आदि की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की संभावना है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा एक दो पहले की जायेगी। इस वर्ष स्नातक के लगभग चार सौ एवं स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के दो सौ सीटों पर नामांकन लिये जाने की संभावना है।

### स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत



**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** पूसा प्रखंड के दिघरा चौक पर बुधवार को स्कॉर्पियो और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान दिघरा गांव निवासी करीब 60 वर्षीय राकेश कुमार उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।बताया जाता है कि राकेश कुमार उर्फ मुन्ना बाइक से दिघरा चौक से घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पूसा की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। गंभीर रूप से जख्मी राकेश को फौरन डॉक्टर के पास ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पूसा थानाध्यक्ष रमेश कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो और उसके चालक को पकड़ लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इधर, राकेश कुमार उर्फ मुन्ना की मौत की खबर मिलते ही दिघरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि राकेश कुमार की मौत से परिवार के साथ पूरे गांव में मातम का माहौल है।

### नीलाम पत्र बकायेदारों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत

**दलसिंहसराय (एनएसबी)**आयुक्त दरभंगा प्रमण्डल एवं जिलाधिकारी से प्राप्त आदेश के अनुपालन हेतु दिनांक 18 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित नीलाम पत्र निष्पादन पखवाड़ा के तहत दिये गये लक्ष्य के विरुद्ध नीलाम पत्र वादों का निष्पादन एवं राशि वसूली की दिशा में किशन कुमार ,अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल नीलाम पत्र पदाधिकारी के द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए कुल 25 बकायेदारों के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु गिरफ्तारी वारंट निर्गत करते हुए संबंधित थानाध्यक्ष को गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का आदेश निर्गत किया गया है अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया है कि वकाया राशि की वसूली प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी एवं इस हेतु सभी बकायेदारों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# संत शिरोमणि स्वामी रविदास की 650वीं जयंती पर निकली कलश यात्रा, सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का लिया गया संकल्प

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर आज समाहरणालय परिसर से ह्यकलश यात्राह्ल का शुभारंभ किया गया। माननीय सांसद श्रीमती शांभवी चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर दो वाहनों को रवाना किया।

कलश यात्रा समाहरणालय परिसर से रवाना होकर मोहनपुर रोड स्थित नक्कू स्थान पहुंची, जहां मोहनपुर चौक पर स्थित महादेव मंदिर में कलश की स्थापना की गई। इस अवसर पर संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज का जयघोष करते हुए उनके द्वारा दिए गए सामाजिक समरसता एवं समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अश्वमेघ देवी, विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार, सहित जिला प्रशासन की ओर से अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी मणिभूषण ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।कलश यात्रा में जिले के सभी प्रखंडों के कल्याण पदाधिकारी, विकास मित्र, जीविका दीदी, आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका सहित बड़ी संख्या में संबंधित कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कलश यात्रा के माध्यम से संत शिरोमणि स्वामी रविदास जी महाराज के विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कलश यात्रा दिनांक 19 एवं 20 अगस्त 2026 को समस्तीपुर जिले के सभी प्रखंडों के अनुसूचित जाति टोलों में भ्रमण करेगी।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु व अन्य।

## शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और राजभवन मार्च पर पुलिस दमन के खिलाफ राजद का प्रदर्शन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, बेरोजगारी, शिक्षक बहाली, पेपर लीक और अन्य छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा मंगलवार को निकाले गए राजभवन मार्च के दौरान पुलिस की दमनात्मक कार्रवाई को लेकर राजद नेताओं ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोला है। इसी क्रम में राजद नेता अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था बदहाल है और पूरे राज्य में अराजकता का माहौल है। छात्रों के हक और रोजगार के सवाल पर निकाले गए राजभवन मार्च को पुलिस दमन के सहारे कुचलने का प्रयास किया गया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। शाहीन ने कहा कि आंदोलनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया और पुलिस ने कार्यकताओं के साथ धक्का-मुक्की तथा उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया। इसके बावजूद आंदोलनकारी अपने अधिकारों की मांग को लेकर पीछे नहीं हटे और लोकतांत्रिक तरीके से नारेबाजी करते रहे। श्री शाहीन ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित गिरफ्तार राजद कार्यकर्ताओं को अविलंब रिहा करने की मांग की। राजद नेता ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल छात्रों के साथ मजबूती से खड़ा है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए पार्टी एक कदम भी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने सिवान में छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग के मामले में दोषी अधिकारी की पहचान कर उसके विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही सभी सरकारी विभागों में लंबित बैकलॉग रिक्तियों को भरने, पेपर लीक पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। राजद की प्रमुख मांगों में छात्रों को समय पर परीक्षा परिणाम उपलब्ध कराना, सभी रिक्त पदों पर बहाली प्रक्रिया शुरू करना तथा बिहार में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना शामिल है। इसके अलावा शिक्षक बहाली परीक्षा टीआरई-4 को लेकर भी पार्टी ने मांग उठाई कि पूर्व के पैटर्न के अनुसार केवल एक परीक्षा आयोजित की जाए। पार्टी का कहना है कि इस मुद्दे को लेकर छात्र अभी भी आंदोलनरत हैं जब तक बिहार के छात्रों को न्याय नहीं मिलता, तब तक राष्ट्रीय जनता दल का संघर्ष जारी रहेगा।


राजद नेता व कार्यकर्ता।

## जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र में आंगनवाड़ी कार्यकताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न


प्रशिक्षुओं को संबोधित करते सचिव।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र, अख्तियारपुर और क्राई-चाइल्ड राइट्स एंड यू के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल पूर्व शिक्षण सामग्री विकसित करने विषयक आंगनवाड़ी कार्यकताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्था के अख्तियार पुर स्थित सभा भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के समापन सत्र का उद्घाटन सरायरंजन प्रखंड प्रमुख वीणा कुमारी, महिला पर्यवेक्षक उषा कुमारी एवं गीता कुमारी और संस्था के कार्यकारिणी सदस्य रामप्रित चौरसिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष वीणा कुमारी, लेखापाल पप्पू यादव, दिनेश प्रसाद चौरसिया, रवींद्र पासवान, रामप्रीत चौरसिया, रवि कुमार मिश्रा, बलराम चौरसिया, किरण कुमारी, ललिता कुमारी, प्रेरणा कुमारी, हर्ष मोहन कुमार, अमित कुमार राम सहित सरायरंजन प्रखंड क्षेत्र की 26 आंगनवाड़ी सेविकाएं एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण का संचालन गिरिडीह, झारखंड से आए विशेषज्ञ ट्रेनर महेंद्र दास ने किया। उन्होंने दोनों दिन आंगनवाड़ी कार्यकताओं को बाल पोषण एवं स्वास्थ्य, वृद्धि निगरानी, टीकाकरण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल, सकारात्मक पालन-पोषण तथा स्थानीय सामग्री से शिक्षण सामग्री निर्माण की व्यवहारिक जानकारी दी। पहले दिन आंगनवाड़ी संचालन, स्वच्छता, बच्चों के सीखने के आयाम, सुरक्षित व्यवहार और आनन्ददायी शिक्षा पर चर्चा हुई। साथ ही चार्ट, कंकड़, बोतल, लकड़ी से शिक्षण सामग्री निर्माण का अभ्यास कराया गया। दूसरे दिन स्थानीय संसाधनों से शिक्षण सामग्री के उपयोग, पेंटिंग, कविता, रोल-प्ले, बच्चों का प्रगति मूल्यांकन और खेल-मनोरंजन के माध्यम से सीखने-सिखाने की विधियों पर कार्य किया गया। इस दौरान डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सभी प्रतिभागी आंगनवाड़ी सेविकाओं के बीच स्वास्थ्यवर्धक रियल जूस, सुगर फ्री च्वयनप्राश, अमरूद जूस एवं कर्पूर का वितरण किया गया। इस क्रम में श्री दास ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों की पहली पाठशाला है। यदि हम यहाँ बच्चों को खेल-खेल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देंगे तो उनकी नींव मजबूत होगी। संस्था के कम्यूनिकेशन लीड इंजीनियर कुमार गौरव ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया।

## करीब 70 लाख की 11 योजनाओं का सांसद शाम्भवी चौधरी ने किया उद्घाटन

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी) ।** कल्याणपुर प्रखंड के चकमेहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमनाहा पंचायत के मनियारपुर में समस्तीपुर की सांसद शाम्भवी चौधरी ने करीब 70 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुई 11 योजनाओं का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मिथिला के पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार मंचासीन सांसद शाम्भवी चौधरी, एमएलसी डॉ. तरुण चौधरी, बीडीओ अरविंद कुमार सहित अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिमल कुमार, विजय शर्मा, युवा प्रदेश सचिव राजेश झा, बृजेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि केसरी कुमार मेहता, जोगिंदर कुशवाहा, अली अकबर, पूसा सांसद प्रतिनिधि अशोक पासवान, आत्मा अध्यक्ष नरसिंह नारायण सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर अंबेडकर आश्रम के तत्वावधान में संचालित हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के बाद सांसद शाम्भवी चौधरी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं को लेकर अपने विचार रखे तथा ग्रामीण क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।


उद्घाटन करते विधानपार्षद व अन्य।

### आपस में भिड़ी तीन मोटरसाइकिलें, पांच घायल

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना के बमौरा के निकट एनएच 122 बी पर बुधवार को तीन मोटरसाइकिलों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसने पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में एक सुपर स्प्लेंडर, एक स्प्लेंडर प्रो और एक टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल शामिल बताये जा रहे हैं । घटना के बाद सूचना पर पहुंचे परिजन घायलों को इलाज के लिए ले गये। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। वहीं हादसे में शामिल दो मोटरसाइकिल को पुलिस जब्त कर थाने ले गई है। इनमें एक सुपर स्प्लेंडर और दूसरी टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल शामिल है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया की सभी घायलों को इलाज के लिए ले जाया गया है। जिसके कारण नाम पता की पूरी जानकारी खबर लिखे जाने तक पुलिस को नहीं है।

### पूर्व सरपंच के निधन पर शोक

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सिमरी पंचायत के पूर्व सरपंच रमापति राय का निधन बुधवार के सवेरे अपने निवास स्थान पर हो गया। वे करीब 83 वर्ष के थे। वे 1969 के दिसंबर में सरपंच पद पर चुने गए थे और 1974 के दिसंबर तक सरपंच बने रहे, वे शांत स्वभाव, मृदुभाषी और मिलनसार के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने अपने पीछे पुत्र उमेश सहित भरपूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन की खबर मिलते ही पूर्व मुखिया सूर्येश्वर प्रसाद राय, गनौर महतो, राज कुमार, पूर्व प्रमुख राम प्रकाश महतो, राम नंदन महतो आदि ने पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर गहरा शोक जताया है।

## अपोलो डेंटल में भीषण सड़क दुर्घटना में टूटे जबड़े का सफल बोन प्लेटिंग से इलाज

अपोलो डेंटल, चीनी मिल कैंपस, समस्तीपुर में भीषण सड़क दुर्घटना में घायल 19 वर्षीय युवक राजेश कुमार के नीचे के टूटे हुए जबड़े का सफलतापूर्वक बोन प्लेटिंग के माध्यम से इलाज किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेश कुमार मोटरसाइकिल से देवघर गए थे। देवघर से वापस लौटने के क्रम में वे भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमें उनके नीचे के जबड़े में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। दुर्घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए अपोलो डेंटल, चीनी मिल कैंपस, समस्तीपुर लाया गया। डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीज की जांच एवं आवश्यक इमेजिंग के बाद ऑपरेशन का निर्णय लिया। टीम में डॉ. फारुख आजमी, डॉ. दयानंद कुमार एवं डॉ. प्रभात रंजन शामिल रहे। चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक बोन प्लेटिंग कर टूटे हुए जबड़े को उचित स्थिति में स्थिर किया।चिकित्सकों के अनुसार, जबड़े के गंभीर फ्रैक्चर में बोन प्लेटिंग के माध्यम से टूटी हुई हड्डी को सही स्थिति में लाकर प्लेट एवं स्क्रू की सहायता से स्थिर किया जाता है। इससे जबड़े की संरचना और कार्य को सामान्य स्थिति में लाने में मदद मिलती है।सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संतोषजनक बताई गई है। चिकित्सकों ने कहा कि दुर्घटना के बाद चेहरे या जबड़े में चोट लगने पर समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच एवं उपचार कराना बेहद आवश्यक है।चिकित्सक ने बताया कि बोन प्लेटिंग के बाद मरीज को भोजन चावने और सामान्य गतिविधियों में लौटने का समय फ्रैक्चर की जगह, गंभीरता और हड्डी के जुड़ने की स्थिति पर निर्भर करता है। इसलिए मरीज को नियमित फॉलोअप में रहना चाहिए।सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति स्थिर बताई गई। चिकित्सकों ने बताया कि ऑपरेशन के बाद नियमित जांच, एक्स-रे, घाव की देखभाल तथा चिकित्सकीय सलाह के अनुसार धीरे-धीरे गतिविधियां बढ़ाना रिकवरी का महत्वपूर्ण हिस्सा है।


बोन प्लेटिंग करते चिकी त्सक।

## उर्वरक विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान को लेकर निगरानी समिति की बैठक संपन्न

### किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने पर दिया गया जोर



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार में बुधवार को प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने किया। इस दौरान किसानों को उर्वरक की उपलब्धता, उचित मूल्य पर खाद की बिक्री तथा उर्वरक विक्रेताओं की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में उर्वरक के खुदरा विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। समिति ने कहा कि विक्रेताओं की समस्याओं का समय पर समाधान होने से किसानों को खाद की उपलब्धता में परेशानी नहीं होगी और उन्हें निर्धारित एवं उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सकेगा।प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानकारी दी। बैठक में किसानों के हित में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी, उपप्रमुख रामलखन साह, बीस सूत्री अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विशाल कुमार, कृषि समन्वयक आलोक कुमार, एटीएम मधुकर श्लोक, भाजपा मंडल अध्यक्ष उतरी अविनाश भारद्वाज, उर्वरक विक्रेता में संजय कुमार, अजीत कुमार, पंकज कुमार, श्याम राय, आलम, चंदन सहित किसान सलाहकार, उर्वरक विक्रेता एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय बलभिंडा मनीराबाद में किया गया युथ एव इको क्लब का गठन

**बिस्फी(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बलभिंडा मनीराबाद में युको कल्ब का गठन किया गया. विद्यालय के सभागार में विद्यालय प्रधानाध्यापिका रिंकू कुमारी की अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में यूथ एवं इको क्लब का गठन सर्वसम्मति किया गया.जिसमे एक दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं को शामिल किया गया.. वही विद्यालय के सभी बच्चों ने सर्वसम्मति से यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक के लिए पिंकी कुमारी, किरण कुमारी, सरवन महतो का चयन किया गया. प्रधानाध्यापिका रिंकू कुमारी ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी. एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम के दौरान बच्चों से कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है. पर्यावरण को एक धरोहर के रूप में संभाल कर रखने को कहा. ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां खुले और स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रह सके. विद्यालय के सभी बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने, बिजली की खपत कम करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने का संकल्प एवं शपथ लिया!



### नव पदस्थापित सीओ शैलेंद्र कुमार ने की कर्मचारियों के साथ बैठक. दिए कई दिशा निर्देश.

**बिस्फी (एनएसबी)।**अंचल कार्यालय के सभागार में नव पदस्थापित अंचलाधकारी शैलेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में अंचल के सभी पदाधिकारी, कर्मचारियों वअमीनो की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सभी कर्मियो के परिचय कि गई. साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को ससमय निष्पादन करने पर बल दिया गया. वहीं बैठक में दाखिल खारिज, परिमार्जन, राजस्व वसूली, सभी प्रमाण पत्र सहित भूमि विवाद से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा के साथ समय पर निष्पादन करने का निर्देश दी. बैठक के दौरान सीओ शैलेंद्र कुमार ने सभी कर्मियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि आम लोगों की समस्याओं के साथ समाधान के दिए हर समय तत्परता के साथ कार्य करें. कहा कि आम जनता की सेवा करना ही हम सबों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी और कर्तव्य है. उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. बैठक में राजस्व पदाधिकारी सविता कुमारी, कर्मचारी अनिल कुमार, आदित्य कुमार, मनीष कुमार ,दशरथ कुमार, कुमारी शालिनी सहित कई कर्मी उपस्थित थे.



### राखी गीत 'राखी के ताग भैया' हुआ रिलीज

**मधुबनी (एनएसबी)।**जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन के यूट्यूब चैनल पर आज राखी गीत रिलीज हुआ जिसका बोल है 'राखी के ताग भैया, हम्मर छी भाग। इस गीत को लिखा है साहित्यकार अजित आजाद ने और स्वर दिया है अनुराधा गुप्ता ने। इस गीत का संगीत तैयार किया है आलोक कुमार झा ने। वरिष्ठ लेखक चंडेश्वर खान ने चैनल का बटन दबाकर गीत जारी किया। मैथिली में राखी गीत की कमी को देखते हुए इस गीत को जारी किया गया है। जानकी फिल्म्स के निदेशक सुनील कुमार झा ने बताया कि भाई-बहन के इस अनूठे पर्व को हमने अपनी ओर से सांगितिक महत्व देने की चेष्टा की है। भाई से दूर रहने वाली बहनों के लिए खास तौर पर इस गीत को तैयार किया गया है। गीतकार अजित आजाद ने कहा कि यह गीत बहनों को काफी पसंद आएगा क्योंकि इसमें उनके दियमान को पिरोया गया है। इसके बोल और इसका संगीत बहुत ही कर्णप्रिय बन पड़ा है।




### 650वीं जयंती के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई

**बिस्फी (एनएसबी)।**गुरु संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत बुधवार को प्रखंड मुख्यालय बिस्फी में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंत कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रजीत यादव , उपाध्यक्ष श्रीकांत यादव ने मुख्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया।इसके बाद यात्रा मुख्यालय से प्रारंभ होकर रविदास टोल परबत्ता तक पहुंची। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हिमांशु रंजन ने किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला विकास मित्र, जीविका दीदियां तथा




विभिन्न विभागों की महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्यों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कलश यात्रा के माध्यम से सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे, सामाजिक समानता और सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। मौके पर उपस्थित मुकेश पासवान, शंभू ठाकुर ,सिमरी विकास मित्र मीरा देवी, खेरी बांका विकास मित्र कामिनी देवी,विकास मित्र सरिता देवी सहित अन्य लोगों ने संत रविदास जी के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# सियासत के बीच मजबूत होते मधुबनी डीएम, जनसमर्थन ने बढ़ाई सियासी बेचैनी

**मधुबनी (एनएसबी)।**मधुबनी के जिलाधिकारी आनंद शर्मा इन दिनों प्रशासनिक कामकाज के साथ-साथ जिले की सियासी चचाओं के भी केंद्र में हैं। जनप्रतिनिधियों की नाराजगी और उन्हें हटाने की मांग के बीच सोशल मीडिया पर सामने आ रही प्रतिक्रियाएं एक अलग तस्वीर पेश कर रही हैं। जिले के बड़ी संख्या में लोग जिलाधिकारी के कामकाज, सक्रियता और जनसमस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेने की शैली की सराहना करते नजर आ रहे हैं।सोशल मीडिया पर चल रही चचाओं में कई लोगों का कहना है कि मधुबनी को लंबे समय बाद ऐसा जिलाधिकारी मिला है, जो महज कार्यालय व्यवस्था तक सीमित रहने के बजाय क्षेत्र में जाकर जमीनी स्थिति का जायजा लेने और समस्याओं के समाधान की पहल में विश्वास रखते हैं। प्रशासनिक गतिविधियों में सक्रियता तथा सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और बाढ़ जैसी समस्याओं को लेकर प्रशासनिक स्तर पर की जा रही पहल को लेकर भी लोग अपनी सकारात्मक राय व्यक्त कर रहे हैं।जनप्रतिनिधियों से भी उठ रहे सवालजिलाधिकारी के समर्थन में उठ रही आवाजों के बीच जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी सोशल मीडिया पर सवाल उठ रहे हैं। लोग पूछ रहे हैं कि यदि किसी अधिकारी के कामकाज से जनता का एक बड़ा वर्ग संतुष्ट है, तो फिर उसे राजनीतिक खींचतान का हिस्सा क्यों बनाया जाए? लोगों का कहना है कि आम जनता की प्राथमिकता प्रशासनिक टकराव नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही बुनियादी समस्याओं का समाधान है।मधुबनी में मौजूदा विवाद अब केवल किसी बैठक में अधिकारी की मौजूदगी या अनुपस्थिति तक सीमित नहीं रह गया है। चर्चा का केंद्र यह सवाल बन गया है



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

कि किसी अधिकारी के कामकाज का मूल्यांकन किस आधार पर होना चाहिए—राजनीतिक समीकरणों से या फिर उसके प्रशासनिक प्रदर्शन और जनता को मिले परिणामों से?काम के परिणाम को प्राथमिकता चाहती जनतासोशल मीडिया पर सामने आ रही प्रतिक्रियाओं से संकेत मिलता है कि जिलाधिकारी आनंद शर्मा को लेकर जनता का एक बड़ा वर्ग उनके काम के पक्ष में खड़ा दिखाई दे रहा है। हालांकि सोशल मीडिया की राय को पूरे जिले की जनता की सर्वसम्मत राय नहीं माना जा सकता, लेकिन इस चर्चा ने प्रशासन और राजनीति के बीच संबंधों को लेकर एक नई बहस जरूर छेड़ दी है।मधुबनी की मौजूदा स्थिति में अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासनिक कामकाज और राजनीतिक मतभेद के बीच आगे क्या रुख सामने आता है। आम लोगों की अपेक्षा यही है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह रहें, लेकिन विकास और जनसमस्याओं के समाधान का काम प्रभावित न हो। आखिर जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण बयान या आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि काम का ठोस परिणाम है।

## मधुबनी के विकास को मिलेगी नई गति, मुख्यमंत्री से जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा: सांसद, विधायक, एमएलसी



मुख्यमंत्री से मिलते

**मधुबनी (एनएसबी)।**मधुबनी जिले के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जिले के जनप्रतिनिधियों ने पटना स्थित लोक सेवक आवास (मुख्यमंत्री आवास) में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मधुबनी के सांसद अशोक यादव, बाबूबरही की विधायक मीना कामत, हरलाखी के विधायक सुधांशु शेखर एवं राजनगर के विधायक सुजीत पासवान मौजूद रहे। भेंट के दौरान जिले के सर्वांगीण विकास, आधारभूत संरचना, जनसुविधाओं तथा क्षेत्र की प्राथमिक आवश्यकताओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने मधुबनी जिले की प्रमुख समस्याओं एवं विकास कार्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए आवश्यक पहल को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं सहयोग से मधुबनी जिले के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है। साथ ही जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारने की दिशा में पहल होगी।

## जल की हर बूंद अनमोल, बच्चों ने चित्रों के जरिए दिया संरक्षण का संदेश

**मधुबनी(एनएसबी)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डामू, बासोपट्टी एवं जिला गंगा समिति ह्यनमामि गंगेह्ण, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में ह्यजल बचाओझ्रपृथ्वी बचाओह्ण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही 'स्वस्थ पर्यावरण - स्वस्थ जीवन' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए चित्रों के माध्यम से जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में श्रुति कुमारी ने प्रथम, प्रियंका कुमारी ने द्वितीय तथा नंदनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. एहसान अहमद ने कहा कि विद्यालय बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों की भावना विकसित करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों की रचनात्मकता के साथ जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी समझ भी मजबूत होती है।वहीं कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए विद्यालय की विशिष्ट शिक्षिका सोनी कुमारी ने कहा कि ह्लबच्चों ने ह्यजल बचाओझ्रपृथ्वी बचाओह्ण विषय को अपने चित्रों में बहुत सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। हमारा उद्देश्य बच्चों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना है। आज के बच्चे ही कल समाज में जागरूकता के वाहक बनेंगे।इस अवसर पर जिला गंगा समिति ह्यनमामि गंगेह्ण के डीपीओ आनंद अंकित ने कहा कि ह्लजल केवल हमारे जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी है। बच्चों में जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना बेहद जरूरी है। चित्रकला जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को प्रकृति के संरक्षण से जोड़ना एक प्रभावी पहल है। हमें जल की प्रत्येक बूंद को बचाने और अपने आसपास के जलस्त्रोतों एवं नदियों को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए। प्रतियोगिता के पश्चात विद्यार्थियों को नदियों एवं पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शिक्षक पूनम कुमारी, सिकंदर पासवान, रविन्द्र मंडल, सुभद्रा कुमारी, संध्या कुमारी, ज्योति कुमारी, नैतिक कुमार, अजय कुमार, निक्की कुमारी, आफरीन खातून सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में स्कूली बच्चे

## बिहार में अपराध और अफसरशाही चरम पर : ललन चौधरी

### विधानसभा से सड़क तक न्याय के लिए लड़ते रहेंगे:विधायक अजय कुमार

**मधुबनी (एनएसबी)।**भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी) मधुबनी,रहिका लोकल कमिटि द्वारा बुधवार को ककरौल चौक से प्रतिरोध मार्च निकालते हुए जोड़दार नारेबाजी के साथ हाथ में लाल झंडा थामे आक्रोशपूर्ण प्रतिरोध प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया।सभा की अध्यक्षता अंचल सचिव सोनधारी यादव ने किया।सभा को संबोधित करते हुए माकपा के बिहार राज्य सचिव ललन चौधरी ने कहा कि बिहार अपराधी और अफसरशाही के चंगुल में फंस गया है और माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के सत्ता में फल फूल रहा है, उन्होंने कहा कि माकपा के नेता, रहिका लोकल कमिटी के सदस्य भागवत यादव को अपराधियों ने हत्या कर दिया, भागवत यादव गरीबों के लिए सदैव लड़ते रहे आज अपराधी छूटा घूम रहा है बिहार के पुलिस प्रशासन पुरी तरह फेल हो गया है, पुलिस,जेल प्रशासन ने रौशन यादव को साजिश रचकर मार डाला, जिला प्रशासन हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है,हम बिहार में बढ़ते अपराध के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं , उन्होंने शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि भागवत यादव की हत्या और रौशन यादव की हत्या की उच्च स्तरीय जांच हो और रौशन यादव परिजनों को 50 लाख मुआवजा की सरकार अविलंब घोषणा करे, उन्होंने प्रतिरोध मार्च में लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभ्य समाज में अपराध का कोई जगह नहीं है,हम सब मिलकर सरकार के संरक्षित अपराधियों के खिलाफ लड़ाई तेज करें।सभा को सीपीआईएम के विधायक अजय कुमार ने कहा कि न्याय के लिए सब लोग मिलकर संघर्ष तेज करे। उन्होंने कहा कि भागवत यादव और रौशन यादव हत्याकांड विधानसभा में रखा जाएगा, उन्होंने जेल अधीक्षक को तत्काल निलंबित करने की बात कही,लाल झंडा के लोग बिहार में न्याय के लिए सदन से सड़क तक संघर्ष करती रहेगी, उन्होंने जिला प्रशासन को चेताया और कहा कि आप सही तरीके से लोगों को न्याय के लिए काम करे हम रौशन यादव के मौत के जिम्मेदार लोगों को छोड़ा नहीं जाएगा और मजबूती से विधानसभा में उठाया जाएगा , कानून के मुताबिक किसी कैदी को जेल में मौत होता है तो सबसे पहले जिला पदाधिकारी को जिम्मेदार माना जाएगा।सभा को माकपा जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि भागवत यादव कपलेश्वर से अपने घर शाम में लौट रहे थे रास्ते में अपराधियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दिया और रहिका थाना कांड संख्या 206/26 अपराधी छूटा घूम रहा है, रहिका थाना अध्यक्ष और अनुसंधान कर्ता अपराधियों को दबोचने के बजाय बचा रही है,हम अनुसंधान कर्ता को तत्काल हटाने की मांग करता हूं और भागवत यादव परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराने की जिला प्रशासन से मांग करता हूं।सभा को रामजी यादव, रामनरेश यादव, दिलीप झा, दरभंगा के नेता रामचंद्र साहु,बाबूलाल महतो, राणा प्रताप सिंह,विजय नाथ मिश्र,पवन भारती, हरिहर झा,अरूण यादव,बद्री पासवान,मो आवीद , संतोष यादव सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।




विरोध मार्च निकालते

# फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

### लंबित फार्मर आईडी के सत्यापन हेतु 24 अगस्त तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश

**मधुबनी(एनएसबी)।**मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिले में फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की प्रगति को लेकर राजस्व एवं कृषि विभाग के पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि मधुबनी जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत कुल 3,21,514 लाभुक किसान हैं। इनमें अब तक 1,89,781 किसानों की फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है। शेष किसानों की फार्मर आईडी युद्धस्तर पर तैयार करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि लगभग 33,000 फार्मर आईडी विभिन्न स्तरों, यथा अंचल एवं राजस्व स्तर पर सत्यापन के लिए लंबित हैं। जिलाधिकारी ने सभी लंबित फार्मर आईडी के सत्यापन हेतु सभी स्तरों पर विशेष अभियान चलाकर 24 अगस्त 2026 तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं भूमि सुधार उप समाहताओं को अपने-अपने क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण एवं नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अंचल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, लंबित फार्मर आईडी के सत्यापन के साथ-साथ अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं हल्का कर्मचारियों से संबंधित आईडी की समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण करते हुए नए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी समानांतर रूप से तेज गति से करने का निर्देश दिया गया, ताकि अधिक से अधिक किसानों की फार्मर आईडी समय पर तैयार हो सके। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से किसानों का डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। उन्होंने जिले में फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में और तेजी लाते हुए मधुबनी जिले को बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल करने के उद्देश्य से मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व), जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक (शष्य) सह बीज उत्पादन-सह-विपणन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी/राजस्व पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुरकर उपस्थित रहे।



बैठक करते जिला अधिकारी

## मुजफ्फरपुर जिले में अपराध व साइबर ठगी रोकने को चलेगा 'साइबर मंगलवार' अभियान

# 12 अपराधियों की संपत्ति होगी जब्त

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में अपराध और साइबर ठगी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। गंभीर अपराधों के जरिए अवैध संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि गृह विभाग के निर्देश पर हत्या, लूट, रंगदारी, शराब तस्करी, नशे के कारोबार और साइबर फ्रॉड जैसे मामलों में शामिल करीब एक दर्जन अपराधियों को चिह्नित किया गया है।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते डीएम कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा।

एसएसपी ने बताया कि अब तक 12 अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इनमें सात मामलों में न्यायालय से आदेश भी प्राप्त हो गया है। जबकि अन्य मामलों में प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि अगले एक सप्ताह में अन्य चिन्हित अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी संपत्ति जब्ती का प्रस्ताव भी भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर में इस वर्ष अब तक साइबर अपराध के 128 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में पुलिस ने 19 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में पांच डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगी करने वाले और चार अंतरराज्यीय साइबर अपराधी शामिल हैं। पुलिस की कार्रवाई से साइबर ठगी की रकम वापस कराने में भी सफलता मिली है। अब तक करीब 6 करोड़ 43 लाख रुपये की ठगी की राशि विभिन्न बैंक खातों में होल्ड कराई गई है। इनमें से 82 लाख 68 हजार रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए जा चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर एमआरए-एम पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी के पीड़ितों को बिना एफआईआर दर्ज कराए भी राशि वापस कराने की व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत अब तक 306 पीड़ितों को करीब 19 लाख 37 हजार रुपये वापस कराए जा चुके हैं। हालांकि, कुछ मामलों में न्यायालय में बॉन्ड जमा कराने की प्रक्रिया पूरी होने के कारण राशि लौटाने में समय लग रहा है। श्री मिश्रा ने बताया कि साइबर अपराध से लोगों को बचाने के लिए पुलिस की ओर से प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे मंगलवार को 'साइबर मंगलवार' के रूप में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पुलिस अधिकारी स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर लोगों और विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचने के तरीके बता रहे हैं।

**गंभीर अपराधों से अर्जित संपत्ति के मामले में 12 अपराधियों की संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया शुरू की गई**

एसएसपी ने कहा कि अब इस अभियान को केवल शहर और शिक्षण संस्थानों तक सीमित नहीं रखा जाएगा। इसे ग्रामीण इलाकों और पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा। सहयोग शिविरों में भी पुलिस की ओर से स्टॉल लगाकर लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जाएगा। निजी या सरकारी स्कूल-कॉलेज अपने यहां साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराना चाहते हैं तो वे साइबर थाने से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि

पुलिस से संबंधित शिकायतों के लिए संचालित सहयोग पोर्टल पर अब तक 864 मामले प्राप्त हुए हैं। इनमें से 814 शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन किया जा चुका है। वहीं, जिले में पुलिस बल को मजबूत करने के लिए नियुक्त किए गए 694 नए सिपाहियों में से 682 ने योगदान दे दिया है। इन सिपाहियों को अररिया, बेगूसराय समेत विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में भेजा जा रहा है। इसके अलावा सीतामढ़ी जिला बल के 273 सिपाहियों का मुजफ्फरपुर में प्रशिक्षण इसी सप्ताह शुरू हुआ है। पुलिस का कहना है कि अपराध नियंत्रण के साथ-साथ साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता और कार्रवाई को भी लगातार मजबूत किया जा रहा है। इस प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी कुमार गौरव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

## परिवहन विभाग का फिर सामने आया अनोखा कारनामा

# 4 माह से थाने में खड़ी गाड़ी का काटा 7500 रुपए का ई-चालान

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में एक चार पहिया वाहन (BR06AL9427) को लेकर दो परस्पर विरोधी मामले सामने आने के बाद परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया गया है कि जो वाहन लगभग 4 महीनों से एक दर्दनाक हादसे के बाद से क्षतिग्रस्त होकर थाना में खड़ा है, वहीं दूसरी ओर विभाग ने इसी वाहन पर ओवर स्पीडिंग का नया चालान काट दिया है।

यह मामला अब मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक पहुँच गया है, जिससे प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। बताया गया है कि BR06AL9427 नंबर की जो गाड़ी 14 फरवरी 2025 को काटी थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होकर लगभग 4 महीने से क्षतिग्रस्त होकर खडी है, परिवहन विभाग द्वारा उसी गाड़ी पर ओवरस्पीडिंग का हवाला देते हुए 13 जून 2025 की तिथि में 7500 रुपए का ई चालान काट दिया है। गाड़ी मालिक पारु थाना क्षेत्र के बतरौलिया निवासी विकास कुमार पटेल ने परिवहन विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कार्यवाही पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। वाहन मालिक का कहना है कि 14 फरवरी के हादसे के बाद से ही वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है और चलने की स्थिति में नहीं है, इस स्थिति में सड़क पर दौड़ने और ओवरस्पीडिंग का सवाल ही पैदा नहीं होता। इस संदिग्ध चालान को लेकर वाहन मालिक विकास पटेल ने प्रशासन और परिवहन विभाग से तीन प्रमुख सवाल उठाते हुए जवाब माँगा है कि जब 14 फरवरी 2025 से गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होकर खड़ी है, तो जून में ओवरस्पीडिंग कैसे संभव है? गाड़ी मालिक का कहना बिना किसी प्रमाणिक फोटो या वीडियो के केवल पुरानी एफआईआर के आधार पर चालान काटना कहां तक उचित है।वाहन मालिक के अनुसार दुर्घटना का स्थल 'अहियारी चौक, जेतपुर' दर्ज है, जबकि चालान में घटना का स्थान रामदयालु नगर दर्शाया गया है। गाड़ी मालिक का कहना है कि पूर्व में डीटीओ मुजफ्फरपुर ने मानवीय आधार पर 5 हजार का जुर्माना माफ किया था, लेकिन अब बिना किसी भौतिक सत्यापन के 7500 का नया चालान भेज दिया जाना यह कैसी कार्रवाई है। विकास पटेल ने 13 जून के कथित अपराध का डिजिटल साक्ष्य मांगा है तथा शेष चालान को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की गुहार मुख्यमंत्री सचिवालय से लगाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर सोनबरसा फोरलेन की मंजूरी से उत्तर बिहार में आर्थिक विकास और धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढावा : प्रभात मालाकार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** केन्द्र सरकार द्वारा मुजफ्फरपुर सीतामढी सोनबरस एनएच-22 को फोरलेन की मंजूरी मिलने पर हर्ष जताते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया



सह प्रभारी प्रभात मालाकार ने कहा कि यात्रा का समय घटेगा, नेपाल के साथ व्यापार आसान होगा, जाम से मुक्ति मिलेगी और उत्तर बिहार में आर्थिक विकास को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही धार्मिक पर्यटन को भी बढावा मिलेगा। यात्रा तेज हो जाएगी जिससे आवागमन में लोगों का समय काफी कम हो जाएगा। भारत-नेपाल सीमा को सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग-27 जैसे बड़े आर्थिक केंद्रों से जोड़ेगा, सीमावर्ती इलाकों और स्थानीय बाजारों से कृषि उत्पादों व अन्य सामानों की सप्लाई चेन सुगम होने से व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे से क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स और स्थानीय उद्योगों का विकास होगा, जिससे नए रोजगार मिलेंगे। सड़क पर एट-ग्रेड मीडियन ओपनिंग न होने के कारण सड़क हादसों की आशंका बेहद कम हो जायेगा। श्री मालाकार ने कहा कि फोरलेन की मंजूरी से धार्मिक पर्यटन खासकर पुनौरा धाम और बौद्ध सर्किट जैसे प्रसिद्ध पर्यटन व धार्मिक स्थलों तक पहुंचना पर्यटकों के लिए और अधिक सुगम हो जाएगा।

### बंदरा में प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन एवं आवास का क्षेत्रीय विधायक ने किया शिलान्यास

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बंदरा प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में बुधवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन और आवास का जदयू विधायक कोमल सिंह ने शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह परियोजना बंदरा प्रखण्ड क्षेत्र के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा आम लोगों को बेहतर सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगी। प्रखंड सह अंचल को 15 महीने के अंदर नया भवन मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एक ही परिसर में संचालित होने से लोगों को अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि नए भवन में राजस्व, प्रमाण पत्र, भूमि संबंधी कार्य, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, विकास योजनाएं तथा बिजली विभाग समेत अन्य प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन एक ही जगह संभव होगा। मौके पर जिला पार्षद फणीश कुमार चुन्नू, रामानन्द ओझा उर्फ मुकेश ओझा, बीडीओ गुंजा कुमारी, सीओ अदिति राय, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, तेपरी मुखिया हरिश्चंद्र राम, मुन्नी बैंगरी मुखिया दीपक कुमार, पिरापुर मुखिया गुड्डू कुमार, सिमरा मुखिया पवन कुमार, भाजपा नेता बैद्यनाथ पाठक, राजकिशोर चौधरी, ललन त्रिवेदी, अमित कुमार, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।



प्रखंड एवं अंचल कार्यालय भवन का शिलान्यास करती विधायक कोमल सिंह।

### लंगट सिंह कॉलेज के 42 छात्र छात्रा एनसीसी में चयनित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** 32 बिहार बटालियन एनसीसी मुजफ्फरपुर के समादेशी पदाधिकारी कर्नल कमल किशोर मिश्र के नेतृत्व में बटालियन की ओर से सूबेदार अजय कुमार और हवलदार जय बोहरा ने चयन की प्रक्रिया को अंजाम दिया। 54 सीटों के लिए 77 छात्र छात्राओं ने नामांकन हेतु आवेदन दिया था। इनमें से 65 अभ्यर्थी चयन हेतु शारीरिक एवं लिखित परीक्षा में उपस्थित हुए।

# पीडीएस दुकान की आड़ में चल रहा था शराब का कारोबार

## मुजफ्फरपुर में उत्पाद विभाग की कार्रवाई में कंटेनर और गोदाम से लाखों की शराब जब्त, डीलर समेत दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में शराब माफियाओं के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम लगातार अभियान चला रही है, इसके बावजूद पहले ट्रक और पिकअप की जगह अब मुजफ्फरपुर में शराब माफियाओ द्वारा कंटेंनर में भरकर शराब मंगाई जा रही है।

बुधवार को विभागीय टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने मनियारी थाना क्षेत्र स्थित काजीईड़ा टोल प्लाजा के समीप खडी शराब से भरी पश्चिम बंगाल नंबर वाले एक कंटेनर से तथा गिरफ्तार कंटेंनर चालक पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा निवासी समोल गिरी के निशानदेही पर सकरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर वहनगरी गांव स्थित जन वितरण प्रणाली दुकानदार रविकर कुमार के दुकान और गोदाम से लगभग एक कंटेंनर द्वारा अनलोड कर छुपाया गया विदेशी शराब के सैंकड़ो कार्टन बरामद कर जब्त किया गया। विभागीय टीम ने इस मामले में पीडीएस दुकानदार रविकर कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

उत्पाद निरीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के नंबर वाले एक कंटेनर ट्रक में विदेशी शराब की एक बड़ी खेप लाई गई है, जो मनियारी थाना क्षेत्र स्थित काजी ईड़ा टोल प्लाजा के पास खड़ी है। सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग की कई टीमों ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर सघन छापेमारी की। काजीईड़ा टोल प्लाजा पर की गई कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग ने कंटेनर को जब्त कर लिया और उसमें लदी भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। मौके से कंटेनर चालक को भी गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा निवासी समोल गिरी के रूप में हुई।



उत्पाद विभाग की टीम द्वारा जब्त किया गया शराब से भरा कंटेंनर।

गिरफ्तार कंटेनर चालक समोल गिरी से जब उत्पाद विभाग की टीम ने कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने बड़ा खुलासा किया। चालक ने बताया कि कंटेनर से शराब की एक बड़ी खेप पहले ही सकरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर वहनगरी गांव में एक मकान में अनलोड की जा चुकी है। इस सूचना के आधार पर उत्पाद टीम ने तुरंत बताए गए ठिकाने पर दूसरी छापेमारी की। सकरा के गोपालपुर वहनगरी स्थित मकान पर जब छापेमारी की गई, तो वहां बने गोदाम से भी भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। मौके से शराब माफिया रविकर कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया कि रविकर कुमार जन वितरण प्रणाली का राशन दुकानदार है और दुकान की आड़ में शराब की तस्करी का अवैध कारोबार चला रहा था।

उत्पाद निरीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस पूरी कार्रवाई में कंटेनर और गोदाम दोनों जगहों से लाखों रुपये मूल्य की अवैध विदेशी शराब जब्त की गई है। गिरफ्तार चालक समोल गिरी और तस्कर रविकर कुमार से गहन पूछताछ की जा रही है। उत्पाद विभाग की टीम दोनों ठिकानों से बरामद शराब की कुल मात्रा का मिलान कर आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटी है।

# मुजफ्फरपुर में बीच सड़क चलती कार बनी आग का गोला, 5 लोगों ने कूदकर बचाई जान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुसहरी थाना क्षेत्र के नारौली चौक के समीप बुधवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब बीच सड़क पर दौड़ती एक कार अचानक आग के शोले में तब्दील हो गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी जद में ले लिया और कुछ ही देर में कार धू-धूकर जल उठी। इस भयावह हादसे में गनीमत रही कि कार में सवार सभी पांच लोग समय रहते बाहर निकल गए और उनकी जान बाल-बाल बच गई।

जानकारी के अनुसार कार मुजफ्फरपुर से ढोली की तरफ जा रही थी। कार में दो महिलाएं, दो बच्चे और चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे। नारौली चौक के पास पहुंचते ही अचानक चलती कार में आग भड़क उठी। आग की लपटें उठते ही चालक ने फौरन सूझबूझ दिखाते हुए कार को सड़क किनारे रोक दिया। इसके बाद कार में बैठे सभी लोगों में अफरा-तफरी मच गई। चालक समेत सभी पांच लोग किसी तरह तेजी से कार से बाहर निकल आए। देखते ही देखते



सड़क पर आग की लपटों से घिरी कार।

आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार आग के आगोश में समा गई। सड़क पर धू-धूकर जलती कार को देखकर आसपास मौजूद लोगों में भी हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कुछ ही समय में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि समय रहते सभी यात्रियों के बाहर निकल जाने की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद कार में लगी आग पर काबू पाया। मगर तब तक आग अपना कहर बरपा चुकी थी और कार पूरी तरह जलकर मलवे में तब्दील हो चुकी थी। मामले को लेकर मुसहरी थाना पुलिस ने बताया कि नारौली चौक के समीप एक कार में अचानक आग लगने की सूचना मिली थी। घटना के वक्त कार में सवार सभी पांच लोग सुरक्षित बाहर निकल गए। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के कर्मियों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने आग पर काबू पा लिया।फिलहाल शुरूआती तौर पर कार में आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस और संबंधित विभाग घटना के कारणों की जानकारी जुटाने में लगे हैं। आशंका जताई जा रही है कि तकनीकी खराबी या किसी अन्य वजह से आग लगी होगी, लेकिन आधिकारिक तौर पर कारण सामने आने के बाद ही तस्वीर साफ हो पाएगी।

# हत्याकांड के लंबे समय से फरार आरोपी के घर पर मुजफ्फरपुर पुलिस का चला बुलडोजर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजी बुजुर्ग गांव में अपने पड़ोसी की हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियो इंद्रजीत मुखिया और दीपा देवी के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बुधवार को कुर्की जप्ति की कार्रवाई करते हुए आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलवाने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार घटना के बाद से ही दोनों आरोपी गिरफ्तारी के डर से लगातार फरार चल रहे हैं, वहीं पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी करती आ रही है।

पुलिस के अनुसार बरियारपुर थाना कांड संख्या 158/23 के दोनों नामजद अभियुक्त के लंबे समय तक फरार रहने, पुलिस की गिरफ्त में नहीं आने तथा कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में न्यायालय की ओर से उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती का वारंट निर्गत किया गया। अदालत के कड़े निर्देश के बाद पुलिस प्रशासन ने आगे की वैधानिक प्रक्रिया शुरू की। बार बार की नोटिस के बाद भी दोनों अभियुक्तों के अबतक फरार रहने की स्थिति में बुधवार को न्यायालय का आदेश मिलते ही बरियारपुर थाना की सब इंस्पेक्टर सनोवर प्रवीण ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ बुलडोजर लेकर आरोपी के घर पहुंचीं। पुलिस टीम ने गांव में पहुंचकर आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाकर घर ध्वस्त करते हुए संपत्ति की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा रही। मामले की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ ईस्ट-2 मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में बाजी बुजुर्ग गांव में एक व्यक्ति की हत्या हुई थी, जिसमें इंद्रजीत मुखिया और दीपा देवी नामजद आरोपी हैं। वे 2023 से ही फरार चल रहे है। अदालत से जारी कुर्की वारंट के तामीला के तहत पुलिस टीम ने उनके घर पहुंचकर कुर्की-जब्ती की पूरी कानूनी प्रक्रिया संपन्न की। उन्होंने बताया कि अब भी अगर दोनों अभियुक्तों द्वारा थाना या न्यायलय में आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो पुलिस और सख्ती से कार्रवाई करेगी। वही पुलिस द्वारा आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने और कुर्की जब्ती की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य फरार अपराधियों में हड़कंप मच गया है। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध करने के बाद कानून से बचना नामुमकिन है। यदि आरोपी पुलिस के सामने आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ इसी तरह की कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



फरार चल रहे आरोपी अभियुक्तों के घर पर बुलडोजर चला कुर्की जब्ती की कार्रवाई करती पुलिस।

## सोशल मीडिया पर शिक्षा विभाग और विभागीय मंत्री पर राजनीतिक टिप्पणी करना भारी पड़ा

# डीईओ ने विशिष्ट शिक्षक राजेश कुमार को किया निलंबित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सोशल मीडिया पर बिहार सरकार और शिक्षा मंत्री के खिलाफ कथित तौर पर अमर्यादित और राजनीतिक टिप्पणी करना विशिष्ट शिक्षक राजेश कुमार को भारी पड़ गया। विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार अरविन्द सिन्हा ने सख्त कदम उठाते हुए मोतीपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय साढ़ा कन्या के विशिष्ट शिक्षक राजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

शिक्षक राजेश कुमार के खिलाफ यह कार्रवाई मंगलवार, 18 अगस्त 2026 की देर शाम जारी आदेश के बाद की गई। अब विभाग की ओर से उनके खिलाफ आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक राजेश कुमार ने पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री को लेकर कथित तौर पर राजनीतिक और अशोभनीय टिप्पणी की थी। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने इसे गंभीरता से लिया और शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा था। विभाग की ओर से शिक्षक को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया। उनके जवाब और पूरे मामले की समीक्षा के बाद विभागीय स्तर पर की गई जांच में आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया गया। जांच के बाद शिक्षा विभाग ने शिक्षक के आचरण को स्वेच्छाचारिता और गंभीर अनुशासनहीनता के दायरे में माना।विभाग के अनुसार सरकारी सेवा में रहते हुए इस तरह की राजनीतिक और अमर्यादित टिप्पणी करना सेवा आचरण के नियमों के अनुरूप नहीं है।



निलंबित विशिष्ट शिक्षक राजेश कुमार।

मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षक राजेश कुमार का कृत्य बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली-1976 और संशोधित बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 2026 के प्रथम दृष्टया उल्लंघन के दायरे में पाया गया। इन्हीं आरोपों के आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

शिक्षा विभाग ने निलंबन की अवधि के दौरान शिक्षक राजेश कुमार का मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, मोतीपुर निर्धारित किया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि निलंबन के दौरान शिक्षक को निर्धारित मुख्यालय में रहना होगा और विभागीय प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई का सामना करना होगा।

विभागीय अधिकारी के अनुसार शिक्षक राजेश कुमार के खिलाफ विस्तृत आरोप पत्र यानी प्रपत्र 'क' अलग से जारी किया जाएगा। इसके बाद आरोपों पर विभागीय स्तर पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सोशल मीडिया पर शिक्षा मंत्री के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर शिक्षक के निलंबन की कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग ने साफ संकेत दिया है कि सरकारी सेवा में रहते हुए सोशल मीडिया पर अनुशासनहीन और आचार नियमों के विपरीत गतिविधियों को गंभीरता से लिया जाएगा।

### महावीर स्वामी मंदिर के नवनिर्माण का शुभारंभ



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के कल्याणी चौक स्थित श्री महावीर मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का बुधवार को पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इस पावन अवसर पर महापौर निर्मला देवी साहू एवं लघु उद्योग भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष शिव शंकर साहू ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। लगभग 100 वर्षों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोए यह मंदिर नगर की आस्था, परंपरा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इसके भव्य नवनिर्माण से क्षेत्र को एक नई आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान मिलेगी।

### विश्वविद्यालय विधेयक-2026 के विरोध में प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के स्वायत्तता खात्मे सम्बन्धी प्रस्तावित 'विश्वविद्यालय अधिनियम-2026' के विरोध में बिहार राज्य विश्वविद्यालय व महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के चरणबद्ध संघर्षात्मक व आन्दोलनात्मक कार्यक्रम के आह्वान के तीसरे चरण के घोषित कार्यक्रमानुसार दिनांक 11.08 2026 से 25.08.2025 तक आधे घंटे (1.30-2.00 के बीच) के लिए अपने-अपने कार्य-स्थल पर प्रस्तावित विश्वविद्यालय विधेयक के विरोध में प्रदर्शन के आज कार्य दिवस के सातवे दिन भी बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय विभागों एवं विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी अपने-अपने कार्य-स्थल पर एक जगह इकट्ठा होकर प्रस्तावित विधेयक के विरोध में नारे लगाए और एकजुटता का प्रदर्शन किया।

# झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने पुनौराधाम पहुंचकर मां जानकी के किये दर्शन

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार ने बुधवार 19 अगस्त को अपनी धर्मपत्नी के साथ पुनौरा धाम पहुंचकर जगत जननी मां जानकी का विधिवत दर्शन-पूजन किया। पुनौराधाम पहुंचकर उन्होंने मां जानकी की पूजा-अर्चना एवं आरती की तथा माता सीता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने सीतामढ़ी, बिहार, झारखंड सहित पूरे देश में शांति, समृद्धि, विकास और खुशहाली की कामना की।

अविनाश कुमार मूल रूप से सीतामढ़ी जिले के सुरसंड प्रखंड अंतर्गत बखरी गांव के निवासी हैं। मुख्य सचिव बनने के बाद अपने गृह क्षेत्र की धार्मिक एवं आध्यात्मिक विरासत से जुड़े पुनौराधाम पहुंचने पर स्थानीय लोगों एवं गणमान्य नागरिकों में भी उत्साह देखने को मिला। पुनौराधाम पहुंचने पर सीतामढ़ी के जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने जिला प्रशासन की टीम के साथ मुख्य सचिव एवं उनकी धर्मपत्नी का गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से उन्हें प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीतामढ़ी पुलिस की टीम ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया।



पुनौराधाम में झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार का स्वागत करते जिला पदाधिकारी रिची पांडे व भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता।

**सुरसंड के बखरी गांव के रहने वाले हैं अविनाश**



पुनौराधाम मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान झारखंड के मुख्य सचिव, उनकी धर्मपत्नी, जिलाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य।



दर्शन-पूजन करते झारखंड के मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी।

वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने भी बुके एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्य सचिव का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुनौराधाम के विकास तथा यहां चल रही विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित गतिविधियों की भी जानकारी साझा की।

मुख्य सचिव के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। अनुमंडल पदाधिकारी सदर, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, बुडको के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

इस अवसर पर सीतामढ़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दर्शन कुमार, भाजपा नेता चुनचुन सिंह, गोपाल कुमार, विशाल सिंह, अंशुल प्रकाश, सुधीर कुमार, श्रवण कुमार, प्रमोद प्रसून सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मुख्य सचिव का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

मुख्य सचिव ने दर्शन-पूजन के दौरान मुख्य सचिव ने धार्मिक आस्था के साथ मां जानकी की जन्मभूमि के प्रति अपनी भावनात्मक जुड़ाव भी व्यक्त किया। उनके आगमन से पुनौराधाम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस एवं प्रतिमा अनावरण की तैयारियों की समीक्षा

**बाजपट्टी/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ के तत्वावधान में 23 अगस्त को अमर शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले प्रतिमा अनावरण, शहीदी मेला एवं सभा की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यक्रम संयोजक सियाराम मंडल ने बताया कि आजादी की लड़ाई में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए फांसी का फंदा चूमने वाले अमर शहीद रामफल मंडल की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इसके साथ ही शहीदी मेला एवं सभा का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिमा अनावरण सह सभा के उद्घाटनकर्ता स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दामोदर रावत, समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता, पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, सांसद शंभू शरण पटेल, सांसद देवेशचंद्र ठाकुर, उप सचेतक गायत्री देवी, सहित विधायक सुनील कुमार पिंटू, पंकज कुमार मिश्रा, रामेश्वर महतो, ई. अनिल कुमार, बैद्यनाथ प्रसाद, नागेन्द्र राउत, अमित कुमार रानू एवं पूर्व मंत्री डॉ. रंजू गीता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। तैयारियों की समीक्षा के दौरान जदयू जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा ने भी आयोजन स्थल का निरीक्षण किया तथा कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम संयोजक सियाराम मंडल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। स्थल निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम संयोजक मंडल सदस्य भरत मंडल, बबलू मंडल, मनोज मंडल, रामसूरत मंडल, रामईकवाल मंडल, धीरेंद्र कुंवर, दीपक कुशवाहा, मुकेश यादव, भवेश यादव, सुलोचन मुखिया सहित अन्य कार्यकर्ता एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

**23 अगस्त को होगा प्रतिमा अनावरण, शहीदी मेला एवं सभा का आयोजन**

### कुलपति प्रो दिनेशचंद्र राय के नेतृत्व में रिसर्च टीम ने बनाई हाई प्रोटीन व करक्यूमिन से भरपूर आइसक्रीम

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में एक शोध टीम ने एंटीऑक्सीडेंट युक्त हाई प्रोटीन आइसक्रीम विकसित किया है, जिसमें हल्दी के सक्रिय तत्व करक्यूमिन को सुरक्षित रूप से समाहित किया गया है। यह शोध प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ फूड प्रोसेस इंजीनियरिंग में प्रकाशित हुआ है। इस अध्ययन में शिवांश सुमन, डॉ सुनील मीणा और प्रो राज कुमार दुआरी बीएचयू, डॉ शालिनी सिंह (बीएचयू एवं बांदा कृषि विश्वविद्यालय), तथा प्रिय ब्रत गौतम (राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान) सह लेखक के रूप में शामिल हैं। शोध में व्हे प्रोटीन के साथ सोया और मटर प्रोटीन का प्रयोग कर आइसक्रीम में प्रोटीन की मात्रा 54 प्रतिशत तक बढ़ाई गई। करक्यूमिन को प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट परत में सुरक्षित रखा गया, जिससे 90.92 से 97.23 प्रतिशत तक इनकैप्सुलेशन दक्षता प्राप्त हुई। पाचन परीक्षणों में करक्यूमिन के शरीर में बेहतर अवशोषण की पुष्टि हुई। अपनी रिसर्च टीम की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो दिनेश चन्द्र राय ने कहा कि आज बड़ी संख्या में लोग, विशेषकर नियमित व्यायाम करने वाले, अधिक चीनी के सेवन के बिना अपनी प्रोटीन आवश्यकता पूरी करने में कठिनाई महसूस करते हैं। यह शोध के बाद आइसक्रीम जैसे लोकप्रिय खाद्य पदार्थ को वैज्ञानिक रूप से इस तरह तैयार किया जा सकता है कि वह प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट दोनों प्रदान करे।प्रो राय ने कहा कि यह उपलब्धि शोध टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह शोध न केवल पोषण विज्ञान को नई दिशा देगा, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को भी लाभ पहुंचाएगा, जिससे स्थानीय किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर बनेंगे। इस नवीनतम रिसर्च उपलब्धि पर विश्वविद्यालय समुदाय ने कुलपति प्रो. राय को बधाई दी है।



कुलपति डॉ दिनेशचंद्र राय एवं शोध दल के सदस्य का फोटो।

# फोरलेन सड़क की सौगात से सीतामढ़ी में खुशी

**पटना/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति द्वारा बिहार में मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी - सोनबरसा खंड के फोर लेन मानक में उन्नत करने की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 3,590.73 करोड़ रुपए की लागत से 82.578 किलोमीटर लंबे इस महत्वपूर्ण मार्ग का फोर लेन उन्नयन उत्तर बिहार के विकास को नई गति प्रदान करेगा। हाइब्रिड एन्युटी मोड के तहत बनने वाली इस परियोजना से मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और सोनबरसा क्षेत्र के लोगों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र में कृषि उत्पादों के परिवहन, व्यापार एवं वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार एवं आर्थिक अवसरों का विस्तार होगा। बेहतर सड़क संपर्क से उत्तर बिहार की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास को भी गति मिलेगी।

**मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा फोर लेन परियोजना से उत्तर बिहार में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर होगी तथा कृषि, व्यापार, उद्योग, रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी**




मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा खंड के उन्नत की प्रतीकात्मक तस्वीर।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बिहार के आधारभूत संरचना विकास को निरंतर मजबूती प्रदान कर रही है। मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी- सोनबरसा फोर लेन उन्नयन बिहार के विकास की गति को तेज करने और विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के प्रति केंद्र सरकार का निरंतर सहयोग हमारे समृद्ध बिहार के संकल्प को और मजबूती प्रदान कर रहा है।

### सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने प्रधानमंत्री व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति जताया आभार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी होते हुए सोनबरसा तक टू लेन सड़क को फोर लेन में परिवर्तित करने को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जताया है।

सांसद ने बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था। उन्होंने बढ़ते हुए ट्रेफिक को देखते हुए टू लेन सड़क को चार लेन में बदलने का आग्रह केंद्रीय मंत्री से किया था। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने चार-पांच महीने के अंदर ही इसके लिए आदेश निकाला और केंद्रीय मंत्रिमंडल को प्रस्ताव भेज दिया। बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी। सांसद ने बताया कि यह परियोजना सीतामढ़ी समेत पूरे उत्तर बिहार के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। फोर लेन सड़क बनने से नेपाल तक आवागमन सुगम होगा। साथ ही क्षेत्र में व्यापार, उद्योग, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। सीमावर्ती क्षेत्र के लिए भी यह सड़क संपर्क की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने परियोजना की स्वीकृति और राशि आवंटित किये जाने पर उन्होंने सीतामढ़ी की जनता को बधाई दी है।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर अनुरोध पत्र देते सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर। *फाइल फोटो।*

### सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-सोनबरसा एनएच-22 के चार लेन बनने पर विमल शुक्ला ने जताया आभार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पूर्व लोक अभियोजक एवं भाजपा नेता विमल शुक्ला ने सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी होते हुए सोनबरसा तक राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन बनाने के केंद्र सरकार के निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।जारी बयान में श्री शुक्ला ने कहा कि मां जानकी की पावन धरती सीतामढ़ी धाम को मिली इस बड़ी सौगात के लिए भारत सरकार को हृदय से बधाई एवं धन्यवाद देता हूं। इस महत्वपूर्ण परियोजना से सीतामढ़ी सहित पूरे उत्तर बिहार में आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और विकास की किरण को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। सरकार के विकासोन्मुखी कार्यों से देश में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि चार लेन सड़क बनने से सीतामढ़ी की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को भी व्यापक लाभ मिलेगा।

## एनएच-22 के चार-लेन में उन्नयन की स्वीकृति पर उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद ने केंद्र सरकार का जताया आभार

**मुजफ्फरपुर/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** उत्तर बिहार के लिए एनएच-22 के मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा खंड को चार-लेन मानक में उन्नयन करने की केंद्रीय मंत्रिमंडल से मिली स्वीकृति पर उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद ने हर्ष व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया की अध्यक्षता में परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सदस्यों ने कहा कि हाइब्रिड एन्युइटी मोड के तहत इस सड़क परियोजना के विकास की स्वीकृति उत्तर बिहार के लिए ऐतिहासिक एवं दूरगामी महत्व का निर्णय है। इससे क्षेत्र में बेहतर सड़क संपर्क स्थापित होने के साथ विकास की संभावनाओं को नई दिशा मिलेगी। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि यह परियोजना महज आवागमन को सुगम बनाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और सोनबरसा सहित पूरे उत्तर बिहार में व्यापार, उद्योग, रोजगार, पर्यटन तथा आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगी। चार-लेन सड़क बनने से व्यवसायियों को माल के परिवहन में सुविधा होगी और परिवहन लागत एवं समय में भी कमी आने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र के औद्योगिक एवं व्यावसायिक विकास को मजबूत आधार मिलेगा।



परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए परिषद के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिमंडल एवं भारत सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। परिषद की ओर से इस संबंध में धन्यवाद पत्र भी प्रेषित किया गया है। परिषद ने आशा व्यक्त की कि उत्तर बिहार के विकास से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं को भी केंद्र सरकार इसी प्रकार प्राथमिकता प्रदान करेगी, जिससे क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को और गति मिल सके।

बैठक में परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया, महामंत्री प्रमोद जाजोदिया, सज्जन शर्मा, अरुण कुमार, रवि मोटानी, मुकेश रुंगटा एवं मुकेश तुलस्यान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सीतामढ़ी में चार कर्मियों का प्रतिनियुक्ति आदेश जारी

**प्रमंडलीय आयुक्त के आदेश पर विभिन्न कार्यालयों में हुई प्रतिनियुक्ति**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के आयुक्त कार्यालय की स्थापना शाखा की ओर से सीतामढ़ी जिले में कार्यरत चार कर्मियों की विभिन्न कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। वर्तमान पदस्थापन कार्यालय से अलग-अलग कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति करने के लिए जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी को निर्देश दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्रखंड कार्यालय बेलसंड के लिपिक शैलेन्द्र कुमार सिंह को जिला निर्वाचन कार्यालय, सीतामढ़ी में प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं अंचल कार्यालय बेलसंड में कार्यरत सहायक प्रशासी पदाधिकारी मो. जहीर हुसैन को भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, सीतामढ़ी सदर में प्रतिनियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जिला भूमि सुधार कार्यालय, सीतामढ़ी के लिपिक मो. नसीम अख्तर को जिला पंचायत शाखा, सीतामढ़ी तथा प्रखंड आपूर्ति कार्यालय, सुप्पी के कार्यपालक सहायक अजित कुमार को अनुमंडल कार्यालय, सीतामढ़ी सदर में प्रतिनियुक्त किया गया है।

आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश में जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी को निर्देश दिया गया है कि संबंधित कर्मियों से तीन दिनों के अंदर योगदान कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन तिरहुत प्रमंडल कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह आदेश 18 अगस्त 2026 को तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के आयुक्त की ओर से जारी किया गया है।

## शिक्षकों की प्रोन्नति एवं सेवा निरंतरता को लेकर शिक्षा मंत्री से मिले शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के भावी प्रत्याशी भूषण कुमार झा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के भावी प्रत्याशी भूषण कुमार झा ने बिहार के शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर राज्य के सभी कोटि के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने शिक्षकों के हित में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कराने का आग्रह किया।

भूषण कुमार झा ने शिक्षा मंत्री का ध्यान विभाग द्वारा 12 जनवरी 2026 को जारी प्रोन्नति एवं सेवा निरंतरता संबंधी पत्र की ओर आकृष्ट कराते हुए कहा कि पत्र जारी होने के बावजूद अब तक इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसके कारण शिक्षकों को वार्षिक वेतन वृद्धि में विसंगति के साथ-साथ चिकित्सा अवकाश, अर्जित अवकाश सहित कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने प्रोन्नति एवं सेवा निरंतरता को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अविलंब एसओपी जारी करने की मांग की। साथ ही मदरसा, संस्कृत विद्यालय एवं वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों के साथ-साथ सभी कोटि के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक-शिक्षिकाओं के लंबित बकाया वेतन का भुगतान कराने की मांग भी रखी। उन्होंने पूर्व में शिक्षकों के हित में उठाई गई विभिन्न मांगों को भी शिक्षा मंत्री के समक्ष दोहराते हुए सभी लंबित समस्याओं का जल्द समाधान कराने का आग्रह किया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रशान्त कुमार सिंह, सचिव आभाष सौरभ, कार्यसमिति सदस्य रूपक कुमार, रिंकू कुशवाहा, शिवेश कुमार, नीरज कुमार, उदय शंकर प्रसाद एवं जीतेंद्र नाथ सहित अन्य शिक्षकों ने शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए भूषण कुमार झा को बधाई दी।



शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के भावी प्रत्याशी भूषण कुमार झा व अन्य।

# जुलाई की राजस्व रैंकिंग में सीतामढ़ी का राज्य में दूसरा स्थान

## बैरगनिया अंचल को राज्य में दूसरा, चोरौत को 12 वाँ, सुप्पी को 13 वाँ स्थान हासिल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जुलाई—2026 माह की राज्यस्तरीय रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें राजस्व संबंधित कार्यों के निष्पादन में सीतामढ़ी जिला को उल्लेखनीय एवं अप्रत्याशित सफलता प्राप्त हुई है।

जारी जिलावार रैंकिंग में राजस्व संबंधी कार्यों के समग्र निष्पादन के आधार पर सीतामढ़ी जिला को पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिले को कुल 67.58 अंक प्राप्त हुए हैं।

यह रैंकिंग राज्य के सभी जिलों में जिन मानकों के आधार पर जारी की गई है उनमें सुपरविजन ऑफ म्यूटेशन, सुपरविजन ऑफ परिमार्जन प्लस, अभियान बसेराझ्र2, आधार सीडिंग स्टेटस, अपर समाहर्ता कोर्ट में निष्पादन, डीसीएलआर कोर्ट में निष्पादन,

जिलाधिकारी न्यायालय में मामलों का निष्पादन तथा अन्य निर्धारित राजस्व मानक शामिल हैं। निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रभावी कार्य निष्पादन एवं लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के कारण जिला को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। एडीएम पीओपी रैंकिंग में सीतामढ़ी के अपर समाहर्ता (राजस्व) संजीव कुमार को 64.40 अंक के साथ पूरे राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। (जून में भी तीसरा स्थान था)

यह उपलब्धि सुपरविजन ऑफ म्यूटेशन, सुपरविजन ऑफ परिमार्जन प्लस, अंचल अधिकारी कार्यालयों का निरीक्षण, अभियान बसेराझ्र2, म्यूटेशन रिवीजन, जमाबंदी कलेक्शन तथा अन्य राजस्व कार्यों में अपेक्षित एवं प्रभावी प्रदर्शन के कारण संभव हो सकी है।

**एडीएम-राजस्व राज्य में तीसरे स्थान पर, बेलसंड डीसीएलआर को पुनः प्रथम स्थान, पुपरी डीसीएलआर को 16 वाँ, सीतामढ़ी सदर को मिला 20 वाँ स्थान**

बेलसंड के भूमि सुधार उप समाहर्ता को राज्य में प्रथम स्थान, (जून माह में भी बेलसंड डीसीएलआर को प्रथम स्थान प्राप्त था), पुपरी डीसीएलआर को 16 वाँ , सीतामढ़ी सदर डीसीएलआर को पूरे राज्य में 20 वाँ स्थान मिला है।

जुलाई 2026 की ही पीओपी रैंकिंग में कुल 75.63 अंक प्राप्त कर भूमि सुधार उप समाहर्ता, बेलसंड को राजस्व कार्यों के निष्पादन में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि अनुमंडल स्तर पर राजस्व प्रशासन की कार्यकुशलता एवं प्रतिबद्धता को दशार्ती है। वहीं डीसीएलआर पुपरी को 16 वाँ एवं सीतामढ़ी सदर डीसीएलआर को 20 वां स्थान मिला है।

वहीं बैरगनिया अंचल को राजस्व कार्यो के निष्पादन में पूरे राज्य में दूसरा स्थान जबकि चोरौत अंचल को 12 वाँ, सुप्पी को 13 वाँ, स्थान प्राप्त हुआ है।

समाहर्ता रिची पांडेय ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व प्रशासन आमजन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ विभाग है। पारदर्शिता, समयबद्धता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना हमारी प्राथमिकता है। यह उपलब्धि राजस्व टीम, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, अंचल अधिकारियों एवं सभी संबंधित कर्मियों के समन्वित एवं सतत प्रयास का परिणाम है। आने वाले महीनों में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ कार्यों में और अधिक गति लाई जाएगी तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी है तथा भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने का आह्वान किया है।

## सम्पादकीय

### श्रद्धा के सैलाब में सुरक्षा क्यों हारी

लखीसराय के प्रसिद्ध अशोकधाम मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को हुई भगदड़ ने पूरे बिहार को झकझोर दिया है। जलाभिषेक के लिए उमड़ी भारी भीड़ के बीच अचानक अफरा-तफरी मची और देखते ही देखते सात महिला श्रद्धालुओं की जान चली गई, जबकि अनेक लोग घायल हुए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार बिजली के पोल-तार से जुड़े खतरे की सूचना या अफवाह और अचानक बढ़े भीड़ के दबाव के बीच स्थिति बिगड़ी तथा बैरिकेडिंग टूटने से भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। यह घटना केवल एक मंदिर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना भर नहीं है। यह उन तमाम धार्मिक आयोजनों के लिए गंभीर चेतावनी है, जहां आस्था के साथ बड़ी संख्या में लोग एकत्र होते हैं। श्रद्धालु भगवान के दर्शन और जलाभिषेक के लिए आते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करना प्रशासन और आयोजन व्यवस्था की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए।

अशोकधाम जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पर सावन के सोमवार को बड़ी भीड़ जुटना कोई अप्रत्याशित घटना नहीं है। प्रशासन के सामने यह पहले से स्पष्ट रहता है कि श्रावण के महत्वपूर्ण सोमवारों पर श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ सकती है। इस बार भी प्रशासनिक अधिकारी तड़के से मौके पर मौजूद थे और भीड़ प्रबंधन की तैयारी किए जाने की बात सामने आई है। इसके बावजूद अचानक बढ़े दबाव के सामने व्यवस्था कमजोर पड़ गई। एक साथ ट्रेनों के पहुंचने से भी श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी। यहीं से सबसे महत्वपूर्ण सवाल पैदा होता है क्या केवल पुलिस बल की तैनाती और बैरिकेडिंग कर देना पर्याप्त भीड़ प्रबंधन है निश्चित रूप से नहीं।

भीड़ प्रबंधन एक सतत प्रक्रिया है। इसमें प्रवेश और निकास के अलग-अलग रास्ते, भीड़ की गति पर निगरानी, आकस्मिक स्थिति के लिए वैकल्पिक मार्ग, बिजली और अन्य तकनीकी जोखिमों की पूर्व जांच, मेडिकल सहायता, एंबुलेंस की तत्काल उपलब्धता, सार्वजनिक उद्घोषणा व्यवस्था और अफवाहों पर तत्काल नियंत्रण जैसे अनेक पहलू शामिल होते हैं। ऐसी त्रासदी के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप स्वाभाविक रूप से सामने आते हैं। सरकार की आलोचना भी लोकतंत्र में विपक्ष का अधिकार है। लेकिन इतनी गंभीर घटना को केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित कर देना मृतकों और उनके परिवारों के साथ न्याय नहीं होगा।

यह तय करना जरूरी है कि हादसे से पहले मौके पर क्या स्थिति थी, बिजली के पोल या तार की वास्तविक स्थिति क्या थी, भीड़ कितनी थी, बैरिकेडिंग की क्षमता कितनी थी, श्रद्धालुओं के आने-जाने की व्यवस्था कैसी थी और अचानक भीड़ बढ़ने पर प्रशासन ने किस तरह प्रतिक्रिया दी। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और प्रशासनिक दावों का भी स्वतंत्र रूप से परीक्षण होना चाहिए। जिला प्रशासन ने घटना की जांच की बात कही है। यह जांच केवल औपचारिकता न बने। जांच में जिम्मेदारी, कमियों और भविष्य की सुधारात्मक व्यवस्थातीनों पर स्पष्ट निष्कर्ष सामने आने चाहिए।

इस हादसे का एक महत्वपूर्ण पहलू अफवाह का तेजी से फैलना भी है। रिपोर्टों के अनुसार बिजली के तार में करंट होने की आशंका की सूचना से श्रद्धालुओं में भय पैदा हुआ और लोग अचानक सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। भीड़ में एक व्यक्ति का भय देखते ही देखते हजारों लोगों का भय बन सकता है। यही भीड़ की सबसे बड़ी कमजोरी है। इसलिए बड़े धार्मिक आयोजनों में केवल भौतिक सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। लगातार और स्पष्ट सार्वजनिक उद्घोषणा भी उतनी ही जरूरी है। किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को यह बताया जाना चाहिए कि वे भागें नहीं, कतार बनाए रखें और निर्धारित मार्ग से ही बाहर निकलें।

प्रशासन को अफवाहों के प्रति भी एक स्पष्ट तंत्र विकसित करना होगा। किसी भी संदिग्ध घटना की वास्तविक जानकारी कुछ ही क्षणों में भीड़ तक पहुंचनी चाहिए। सूचना का अभाव भय पैदा करता है और भय भीड़ को अनियंत्रित कर सकता है। अशोकधाम की घटना यह भी बताती है कि किसी धार्मिक स्थल की भीड़ को केवल मंदिर परिसर तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। यदि रेलवे स्टेशन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ मंदिर की ओर पहुंच रहे हैं तो स्टेशन से मंदिर तक पूरा मार्ग भीड़ प्रबंधन की योजना का हिस्सा होना चाहिए।
ट्रेनों के आगमन का समय, श्रद्धालुओं के पैदल मार्ग, वाहन व्यवस्था, पार्किंग, प्रवेश द्वार और जलाभिषेक की कतारइन सभी को एक ही समन्वित योजना में शामिल करना होगा। प्रशासन, पुलिस, रेलवे, मंदिर प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय स्वयंसेवकों के बीच वास्तविक समय में समन्वय होना जरूरी है।

# हिमालय की सेहत बिगाड़ रही हैं सुरंगें


सुरेश भाई

बाढ़, भूस्खलन,भूकंप के लिए अति संवेदनशील हिमालय को भूवैज्ञानिकों ने जोन 4 और 5 में रखा है। इसके बावजूद भी क्लीन एनर्जी के नाम पर सुरंग आधारित परियोजनाओं को महत्व दिया जा रहा है। जबकि वैश्विक स्तर पर क्लीन एनर्जी के दावे अस्थाई साबित हो रहे हैं।

इस नाम पर जो निर्माण हो रहा है वह प्रकृति में अचंभित करने वाला विनाशकारी बदलाव ला रहा है। दूसरी ओर नदियों और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और संतुलन के दावे भी कमजोर हैं। पहाड़ों की नसों को काटकर बिजली के सपनों को साकार करने के लिए नदियों को सुरंग में डाईवर्ट करने वाली परियोजनायें हिमालय की सेहत बिगाड़ रही है।

हिमालय में करोड़ों लोगों का निवास स्थान भी है लेकिन यहां से नीचे बहकर जा रही नदियों का रौद्र रूप जानलेवा बनता जा रहा है। इसलिए हिमालय को कितना भी रोज जपते रहेंगे उससे नुकसान की भरपाई कभी नहीं हो सकती है। क्योंकि विकास और पर्यावरण के बीच में जब संतुलन नहीं बना पा रहे हैं तो देखिए कि हिमालय क्षेत्र में लंबी-लंबी सुरंगों के निर्माण के बाद अनेकों जिंदगियां पिछले दो दशक में दफन हो गई इसके साथ ही हिमालय की अमूल्य प्राकृतिक संपदा का जो विनाश हुआ उसे वापस नहीं लौटाया जा सकता है।

इसी तरह बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर विष्णुगाड़-पीपलकोटी (444 मेवा) परियोजना पर वर्ष 2013-14 से कार्य प्रारंभ हुआ था और तब इसकी कीमत 1597 करोड़ रुपए थी। अनुबंध के आधार पर 54 महीनों में इसे पूरा करने का लक्ष्य था जिसे 2018 में पूरा होना था। लेकिन 8- 9 वर्ष अधिक व्यतीत हो जाने के बाद भी इसका बजट 6 हजार करोड़ से अधिक होने पर भी परियोजना निर्माण में बहुत लापरवाहियां सामने आई है। प्रभावित गांवों के लोगों ने अपनी सुरक्षा और विस्थापन के लिए धरना प्रदर्शन भी किया था जिसकी अनसुनी की गई। परियोजना में 13.4 किमी लंबी हेड रेस टनल के अलावा 3.04 लंबी टेल रेस टनल भी बनाई जा रही है जिसके द्वारा टरबाइन से होकर आने वाले पानी को अलकनंदा में छोड़ा जाएगा। लेकिन लगभग 16 किमी में अलकनंदा सूखी हुई स्थिति में दिखाई देगी। चार टरबाइन वाली इस परियोजना में भूमिगत निर्माण कार्य अधिक हो रहे है जहां मजदूर काम करते रहते हैं।

13 अगस्त की घटना है कि पीपल कोटी के मायापुर क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान भारी बारिश के चलते टनल में लगभग 16 किमी तक भूधंसाव का मलबा और पानी जमा हो गया था। जहां काम कर रहे 22 से अधिक मजदूर फंस गये। जिनमें से 8 मजदूरों की जिंदगी खत्म हो गई है अभी भी उसमें लोग लापता हैं। आपदा राहत और बचाव दल द्वारा बड़ी मुश्किल से लगभग 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया है।

इससे पहले भी 13 दिसंबर 2025 की रात परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग के भीतर दो लोको ट्रेन की टक्कर हुई। उस समय भी 100 से अधिक मजदूर सुरंग के अंदर मौजूद थे जिसमें लगभग 80 लोग घायल हुए थे। हेलंग डैम साइड पर भी भूस्खलन की घटना हुई जिसमें आठ मजदूर घायल हुए थे। इसके अलावा निर्माणाधीन तपोवन- विष्णु गाड़ (520 मेवा) परियोजना की 12 किमी लंबी टनल में भी पानी का रिसाव होने लगा है। स्थिति यह बनी हुई है कि सुरंग के अंदर मजदूरों को जोखिमपूर्ण स्थिति में काम करना पड़ता है। परियोजना पर अधिकतर मजदूर छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यों से है। उत्तराखंड के मजदूर बहुत न्यूनतम संख्या में हैं। यहां पर मारे गए मजदूरों को मुआवजे के रूप में 5 लाख की घोषणा की गई है जिसका स्थानीय बांध प्रभावित और मजदूर विरोध कर रहे हैं उन्होंने यहां निरीक्षण करने आये आपदा प्रबंधन मंत्री मदन कौशिक का घेराव किया है।

सुरंग हादसों का सिलसिला लंबे समय से जारी है जिसमें 7 फरवरी 2021 में भी ऋषि गंगा क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने से अलकनंदा की सहायक धौली गंगा पर निर्मित ऋषि गंगा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट (13 मेवा) पूरी तरह जमींदोज हो गया था। जिससे आगे एनटीपीसी की विष्णु गाड़- तपोवन परियोजना में लगभग 208 मजदूर मारे गये थे।

> **वाडिया भूगर्भ विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक डा आरजे पेरूमल कहते हैं कि उत्तराखंड की सुरंग में सबसे नया दिखने वाला खतरा पानी है। बारिश का पानी सिर्फ सतह पर बहने वाला पानी नहीं बल्कि पहाड़ के भीतर चट्टानों में मौजूद दरारों से पानी नीचे आ जाता है जिसके कारण मालवा टूटकर सुरंग में जमा हो रहा है। सीधा अर्थ है कि बरसात के समय हिमालय की चट्टानों पर छेड़छाड़ से बचना चाहिए। अतः हिमालय में परियोजनाओं की सुरंग के आसपास के पहाड़, नदी, ग्लेशियर और मौसम को अलग करके नहीं देखा जा सकता है। इन सब सावधानियो से ध्यान हटाकर ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल लाइन में 17 सुरंगों पर काम हो रहा है। जहां 30 गांव के जल स्रोतों पर प्रभाव पड़ा है। देहरादून से टिहरी तक 30 किलोमीटर अंडरग्राउंड रोड बनाने के लिए भी सुरंग खोदने का प्रस्ताव है।**

2009 में भी तपोवन- विष्णु गाड़ जल विद्युत परियोजना की सुरंग में निर्माण कार्य के दौरान भूमिगत पानी के अचानक बढ़ने से भूगर्भिक अध्ययन में यह बात सामने आई थी कि निर्माण के दौरान सुरंग में पानी का दबाव, विस्फोटों के उपयोग से चट्टानों में दरारें और कमजोर क्षेत्र में सुरंग की खुदाई करना चिंता का विषय था।

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर आल वेदर सड़क की दूरी कम करने के उद्देश्य से निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल में मलबा जमा होने से 12 नवंबर 2023 से 17 दिन तक 41 मजदूर फंसे रहे।

इसके बाद केंद्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने दिसंबर 2025 में सुरंगों के ढहने की रोकथाम और बचाव के लिए एक गाइडलाइन जारी की थी। जिसमें मंत्रालय ने माना था कि हाल के वर्षो में हुये सुरंग हादसे से पहले परियोजना प्लानिंग के दौरान पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। लेकिन इस गाइडलाइन के अनुपालन में हुई लापरवाही के बाद पीपलकोटी जल विद्युत सुरंग में बड़ी संख्या में मजदूर घायल हुए थे।

अभी 16 जुलाई 2025 को सिलक्यारा टनल के भीतर काम करने के दौरान एक मजदूर की जिंदगी चपेट में आ गयी। अगस्त 2025 में भी पिथौरागढ़ जिले की धौली गंगा पावर स्टेशन की सुरंग में हुये भूस्खलन में 19 कर्मचारी फंस गए थे। जिसमें कुछ को ही निकाला गया था। बाकी तक पहुंचना बचाव दल के लिए मुश्किल हो गया था।

वाडिया भूगर्भ विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक डा आरजे पेरूमल कहते हैं कि उत्तराखंड की सुरंग में सबसे नया दिखने वाला खतरा पानी है। बारिश का पानी सिर्फ सतह पर बहने वाला पानी नहीं बल्कि पहाड़ के भीतर चट्टानों में मौजूद दरारों से पानी नीचे आ जाता है जिसके कारण मालवा टूटकर सुरंग में जमा हो रहा है। सीधा अर्थ है कि बरसात के समय हिमालय की चट्टानों पर छेड़छाड़ से बचना चाहिए। अतः हिमालय में परियोजनाओं की सुरंग के आसपास के पहाड़, नदी, ग्लेशियर और मौसम को अलग करके नहीं देखा जा सकता है।

इन सब सावधानियो से ध्यान हटाकर ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन में 17 सुरंगों पर काम हो रहा है। जहां 30 गांव के जल स्रोतों पर प्रभाव पड़ा है। देहरादून से टिहरी तक 30 किलोमीटर अंडरग्राउंड रोड बनाने के लिए भी सुरंग खोदने का प्रस्ताव है। अल्मोड़ा बाईपास के लिए 1228 मीटर की सुरंग को स्वीकृति दी जा रही है। पिथौरागढ़ से चमोली को जोड़ने के लिए भी टनल बनाने के लिए केंद्र सरकार से कहा जा रहा है।

देहरादून- मसूरी सुरंग के लिए भी प्रस्ताव विचाराधीन है। प्रदेश में 30 से अधिक परियोजनाओं की टनल बनाई जा चुकी है। उत्तरकाशी से यमुनोत्री तक टनल निर्माण पर विचार हो रहा है। उत्तराखंड में लगभग 1000 गांव इन सुरंगों के आसपास बसे हुए है जहां घरों में दरारें पड़ रही है और जल स्रोत सूख रहे हैं जिसका मूल्यांकन करने वाला कोई नहीं है।

सुरंग निर्माण से कमजोर चट्टानें बहुत जल्दी टूट कर गिर रही है। भूमिगत जल का दबाव सहन नहीं कर पाती है। निर्माण के दौरान मशीनरी और मजदूर सब खतरे में पड़ जाते हैं। सुरंग के अंदर श्रमिकों की आवाजाही, मशीनरी, लोको ट्रेनों में माल ढुलाई, संचार और ट्रैफिक प्रबंधन का भी एक जोखिम है। जो ऑपरेशन सुरक्षा पर सीधा सवाल खड़ा करती है।

2023 के बाद सुरंग आधारित परियोजनाओं को लेकर अतिरिक्तनिगरानी और व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई थी सुरंग में हर नयी खुदाई के साथ बदलते भूगर्भिक जोखिम का आकलन कितनी बार किया जाता है जिसका कोई जवाब नहीं मिलता है।

*(लेखक जाने-माने पर्यावरणविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## एलजी इलेक्ट्रनिक्स ने एनवीडिया के साथ तेज किया रोबोटिक्स सहयोग

एलजी इलेक्ट्रनिक्स (एलजी) ने घोषणा की कि वह एनवीडिया के साथ अपने रोबोटिक्स सहयोग को तेज कर रहा है। एलजी ने सियोल, दक्षिण कोरिया में कंपनी के यांगजे आरएंडडी कैंपस में निर्माणाधीन अपनी डेटा फैक्ट्री में वरिष्ठ एनवीडिया अधिकारियों की मेजबानी की, ताकि दोनों कंपनियों के सहयोग की दिशा की समीक्षा की जा सके और आगे की सिनर्जी उत्पन्न करने के तरीकों पर चर्चा की जा सके।

दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने एलजी की डेटा फैक्ट्री की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की, जिसके इस साल के अंत तक पूरी तरह से चालू होने की उम्मीद है। एलजी ने डेटा उत्पन्न करने, एकत्र करने और उससे सीखने के लिए अपने स्वयं-विकसित, फील्ड-प्रूवन एलजी क्लोइड होम रोबोट्स को बड़े पैमाने पर तैनात किया है।

ग्रुप में मुख्य क्षमताओं को एक साथ लाने वाले वन एलजी पर निर्मित सिनर्जी - और ग्लोबल पार्टनर्स के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, हम फिजिकल एआई में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता सुरक्षित करेंगे और एक व्यापक रोबोटिक्स सल्यूशंस प्रोवाइडर बनेंगे, एलजी इलेक्ट्रनिक्स के सीईओ, ल्यू जे-चिओल ने कहा।

एलजी की डेटा फैक्ट्री में ट्रेनिंग स्पेस हैं जहाँ रोबोट कई तरह के कार्यो का अभ्यास करते हैं,



साथ ही परिणामी डेटा सेट्स को वैलिडेट और रिफाइन करने के लिए समर्पित क्षेत्र भी हैं। यहाँ एक रेप्लिकेटेड होम एनवायरनमेंट है जहाँ एलजी क्लोइड सफाई के कार्यो को सीखता है और दोहराता है, और एक सिमुलेटेड मैन्युफै रिंग स्पेस है - जिसे टेनेसी में एलजी के वाशिंग मशीन प्लांट की तर्ज पर बनाया गया है - जहाँ एलजी क्लोइड यूनिट्स विभिन्न पार्ट्स को मूव, स्टैक और असेंबल करते हैं। रोबोट्स को एलजी सीएनएस के लॉजिस्टिक्स ऑटोमेशन सल्यूशंस में और उस स्थान पर भी तैनात किया जा रहा है जहाँ एलजी इनोटेक रोबोटिक हाथों को ट्रेनिंग देता है। इन सभी वातावरणों में एकत्र किए गए डेटा को एनवीडिया के रोबोटिक्स स्टैक के साथ जोड़ा जाएगा, जहाँ इसे अगमेंट किया जाता है और रोबोट लर्निंग के लिए हाई-क्वालिटी डेटा में सिंथेसाइज किया जाता है।

> **दक्षिण कोरिया के सियोल में एलजी की नई डेटा फैक्ट्री में एलजी इलेक्ट्रनिक्स का दशकों का मैन्युफै रिंग नो-हाउ एनवीडिया के रोबोटिक्स स्टैक से मिला**

डेटा फैक्ट्री एक ऐसे स्थान के रूप में कार्य करती है जहाँ रोबोट फिजिकल लर्निंग के माध्यम से डेटा एकत्र करते हैं, और यह दुनिया भर में एलजी की मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स साइट्स, और होम अप्लायंसेज से एकत्र किए गए रोबोट-लर्निंग डेटा को एक्सपैंड, सिंथेसाइज और एम्पलीफाई करने के लिए एक फरवर्ड बेस के रूप में भी काम करती है। एनवीडिया की फिजिकल एआई तकनीकें - जिनमें एनवीडिया ओमनिवर्स लाइब्रेरीज, एनवीडिया कसमस ओपन वर्ल्ड मडल्स, और ओपन एनवीडिया आइजैक रोबोटिक्स डेवलपमेंट प्लेटफार्म शामिल हैं - डेटा से लेकर डिप्लायमेंट तक इस्तेमाल की जाती हैं। चार मंजिलों में फैली - एक बेसमेंट लेवल और तीन ग्राउंड के ऊपर - 10,000 वर्ग मीटर के कुल फ्लोर एरिया के साथ, यांगजे फैसिलिटी में इस साल के अंत तक कई सौ रोबोट होंगे। एलजी की योजना अपने डेटा-लर्निंग सिस्टम्स को अपग्रेड करना जारी रखने की भी है।

## रॉकिंग स्टार यश ने 'टॉक्सिक' पर कहा- यह बड़ों के लिए एक फेयरी टेल है हमने इसे बच्चों के लिए नहीं बनाया है

**रॉकिंग स्टार** यश ने अपनी फिल्म टॉक्सिक : ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स को लेकर खुलकर बात की और बताया कि दर्शकों को इस फिल्म से क्या उम्मीद रखनी चाहिए।

यश के मुताबिक, यह फिल्म सिर्फ एक पारंपरिक कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी फितरत के उन गहरे और असहज पहलुओं को भी सामने लाती है, जिन्हें आमतौर पर कहानियों में ज्यादा नहीं दिखाया जाता। यश ने ये बातें राजत शर्मा के शो आप की अदालत में अपनी मौजूदगी के दौरान साझा कीं।

टॉक्सिक के बारे में बात करते हुए यश ने कहा कि उनके किरदार की हर परत को पूरी सच्चाई के साथ दिखाना बेहद जरूरी था। उन्होंने कहा, कहानी जहां भी पहुंचेगी, इस किरदार की हर परत तक जाना जरूरी है। और मेरे लिए ऐसी कहानी को सबसे प्रामाणिक तरीके से बताया जाना चाहिए। यह एक इंसान के तौर पर मेरे दायरे से भी आगे की बात है।

यश ने फिल्म की टैगलाइन ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स पर भी बात की और बताया कि यह टैगलाइन ही दर्शकों को फिल्म के अंदाज और कहानी का एक साफ संकेत देती है। उन्होंने कहा, जब से मैंने इसका टाइटल रखा है, तभी उसके नीचे टैगलाइन भी रखी है। यह



बड़ों के लिए एक फेयरी टेल है।

फिल्म के दर्शकों को लेकर यश ने बिल्कुल साफ कर दिया कि टॉक्सिक बच्चों के मनोरंजन के लिए नहीं बनाई गई है। उन्होंने कहा, बच्चों को यह फिल्म नहीं देखनी है। यह फिल्म बच्चों के लिए नहीं बनाई गई है। सारे बच्चे घर पर ही रहें। यह बिल्कुल साफ है। हमने इसे बच्चों के लिए नहीं बनाया है।

यश के लिए टॉक्सिक एक जटिल और कई परतों वाली कहानी है, जिसे दर्शक अपने नजरिए से समझ और महसूस कर सकते हैं। फिल्म के किरदारों और उनकी दुनिया को देखने का अनुभव हर दर्शक के लिए अलग हो सकता है। **टॉक्सिक : ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स दुनियाभर में 26 अगस्त 2026 को रिलीज होने के लिए तैयार है।**

## प्रवचन

### मनुष्य को कर्मवादी होना चाहिए, भाग्यवादी नहीं : जीयर स्वामी

> **धर्म का निर्माण नहीं होता, वह नित्य है**
>
> **भद्र महिलायें अकारण नहीं मुस्कुरातीं**

मनुष्य को कर्मवादी होना चाहिए, भाग्यवादी नहीं। भाग्य स्वतंत्र नहीं होता। यह मनुष्य के कर्मो का फल होता है। जिस तरह जल नहीं रहे तो तरंग और फेन का अस्तित्व नहीं, उसी तरह कर्म के बिना भाग्य का निमार्ण नहीं हो सकता। मनुष्य अपने सुख-दुख का कारण स्वयं है। वर्तमान के कर्म ही भविष्य में प्रारब्ध बनकर भाग्य रचते हैं। "नहीं कोई सुख-दुख कर दाता, निज कृत कर्म भोग सुनु भ्राता।" उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद भागवत महापुराण कथा के तहत प्रह्लाद जी द्वारा प्रजा को दिए गए उपदेश की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भगवान पक्षपात नहीं करते। वे निष्पक्ष हैं। जिसमे पक्षपात आ जाये, वह भगवान नहीं देवता हो सकता है। जब राक्षस साधना द्वारा बल प्राप्त करके देवाताओं पर अत्याचार करते हैं, तब भगवान राक्षसों का दमन करते हैं। यदि भगवान पक्षपाती होते तो विमलात्मा, संत, साधु और सज्जन निरंतर उनका स्मरण जप-तप नहीं करते। भगवान ही एक मात्र ध्येय, ज्ञेय, प्रेय और श्रेय हैं। हम शरीर शुद्धि के लिए भगवान का ही नाम स्मरण करते हैं। भगवान का लक्ष्य मर्यादित जीव की रक्षा और अमर्यादित जीव का नाष करना है।

स्वामी जी ने कहा कि धर्म निर्माण नहीं किया जाता, वह सृष्टि के साथ उत्पन्न होता है। धर्म को मानव जीवन से हटा दिया जाय तो जीवन को कोई महव नहीं रहा जाता। इसलिए धर्म कभी भी किसी भी परिस्थिति में त्याज्य नहीं है। पूरे विश्व में लगभग चार हजार पंथ हैं। धर्म के एक-दो सिद्धान्त को लेकर अपने अनुसार परोसना ही पंथ है। भगवान के लय-पूजा और साधना से जो अच्छाईयॉ प्राप्त होती हैं, उनको समाज में लिपिबद्ध कर परोसना और समझाना ही दर्षन कहा जाता है।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि मनुष्य जन्म के साथ ही तीन ऋणों मातृ-पितृ ऋण, ऋषि ऋण एवं देवऋण से बंध जाता हैं। उन तीनों ऋणों से उऋण होने का यत्न करना चाहिए। माता-पिता के प्रति आदर, उनकी सेवा एवं मृत्यु के बाद पितरों-देवताओं की पूजा करनी चाहिए। इसके लिये पितृ पक्ष बना हुआ है। पितृ पक्ष के बाद देव पक्ष आता है। अर्थात पहले माता-पिता और पितरों की सेवा के बाद देव सेवा करनी चाहिए। ऋषि ऋण से उऋण होने के लिये यज्ञ, पूजा, हवन एवं भंडारा आदि करना चाहिए। जो व्यक्ति स्वयं के बारे में ही सोचता एवं स्वयं के लिए ही करता है वह स्वभाव से कुत्ता-सियार ही है। बलि का अर्थ त्याग करना


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

और दूसरे को भोजन कराना है। जिस पंथ में हिंसा की स्वीकृति हो, वह धर्म नहीं से सकता। मानव जीवन के सभी सुकृत्यों का एकमात्र लक्ष्य भगवान के प्रति अनुराग, लगाव और समर्पण ही है। शास्त्रों में तामसी, राजसी और सात्विक आहार की बातें कहीं गयी हैं। तामसी और राजसी भोजन करने से शरीर द्वारा अपचार होता है। इस लिए भोजन सात्विक होना चाहिए। यदि भोजन सात्विक नहीं हो तो विचार भी सात्विक नहीं होगा। जैसा अन्न वैसा मन। द्रौपदी के चीरहरण के समय भीष्म पितामह का मौन रहना दुर्योधन के राजसी भोजन का ही परिणाम था।

स्वामी जी ने कहा कि उच्च कुल की महिलाओं की मुस्कान (हंसी) में रहस्य छिपा होता है। भद्र महिलायें कभी भी अकारण नहीं मुस्कुराती।

जब कोई अपनी नैतिकता का त्याग करता है, तो उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है, जिससे समाज और राष्ट्र का नुकसान होता है।

स्वामी जी ने कहा कि दोनों हाथों से सिर खुजलाने से दरिद्रता आती है। प्रथम और अंतिम रोटी नहीं खानी चाहिए। सुबह और शाम सूर्य का दर्शन नहीं करना चाहिए। इससे बीमारी आने का भय रहता है। मिट्टी के बर्तन का उपयोग एक बार ही करना चाहिए।

स्वामी जी ने कहा कि विषम परिस्थिति से निवृति हो जाने को मुक्ति कहते हैं और निरंतर आवागमन से मुक्ति अर्थात जन्म-मृत्यु के चक्र से निवृत हो जाना ही मोक्ष है। आत्मा को परमात्मा से जोड़ देना ही योग है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

## हर लाइफस्टाइल के लिए बेस्ट फोलडेबल फोन, गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 और गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा




**सैमसंग** के नए इनोवेशन, गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 और गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा, बेस्ट फोलडेबल फोन की परिभाषा को एक नया रूप देते हैं, क्योंकि यह दो अलग-अलग फॉर्म फैक्टर लेकर आए हैं, जो अलग-अलग लाइफस्टाइल के हिसाब से बनाए गए हैं। चाहे आप एंटरटेनमेंट में डूबे रहना पसंद करते हों, एक साथ विभिन्न कार्य संपादित करना चाहते हों या फिर कंटेंट बनाना पसंद करते हों, ये दोनों डिवाइस डिजाइन और काम का ऐसा बेहतरीन मेल देते हैं, जो आपकी हर जरूरत पर खरा उतरता है।

गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 कंटेंट को गहराई से देखने और अनुभव करने के लिए सबसे बेस्ट फोलडेबल फोन साबित होता है। इसका नया डिजाइन बंद होने पर एक कम्पैक्ट लुक देता है, जबकि खोलने पर एक बड़ी स्क्रीन मिलती है, जिससे कंटेंट देखने का अनुभव और भी बेहतर हो जाता है। इसका 4 : 3 वाला मुख्य डिस्प्ले मूवी, गेमिंग और सोशल मीडिया देखने के लिए एक शानदार अनुभव देता है, जबकि डिवाइस को 3 : 4 पोजीशन में घुमाने पर यह पढ़ने और ब्राउज करने के लिए एकदम सही बन जाता है। सिर्फ 201 ग्राम वजन के साथ यह सैमसंग का अब तक का सबसे हल्का गैलेक्सी जेड फोल्ड है। इसे साथ ले जाना जितना आसान है, इसकी 4,800 एमएएच बैटरी उतनी ही दमदार है, जो 26 घंटे तक वीडियो चलाने की क्षमता रखती है। यही वजह है कि यह उन लोगों के लिए सबसे बेस्ट फोलडेबल फोन है जो आसानी से और स्वाभाविक तरीके से कंटेंट का आनंद प्राप्त करना चाहते हैं।

## बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड के तीन साल पूरे शुरुआत से 18.21 प्रतिशत सालाना औसत रिटर्न

**बजाज फिनसर्व म्यूचुअल फंड** के प्रमुख इक्विटी फंड, बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड ने तीन साल पूरे कर लिए। यह ऐसा इक्विटी फंड है जो बड़ी, मध्यम और छोटी हर आकार की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में निवेश कर सकता है। फंड निवेश के लिए अपनी विशेष 'मेगाट्रेंड्स' रणनीति का उपयोग करता है।

14 अगस्त 2023 को शुरू हुए इस फंड के डायरेक्ट प्लान (ग्रोथ) ने 13 अगस्त 2026 तक अपनी शुरुआत से सालाना औसतन 18.21 प्रतिशत का रिटर्न हासिल किया। इसी अवधि में, फंड के प्रदर्शन की तुलना के लिए उपयोग किए जाने वाले बीएसई 500 टीआरआई इंडेक्स ने सालाना औसतन 12.74 प्रतिशत का रिटर्न दिया। इसी अवधि में, डायरेक्ट प्लान (ग्रोथ) का प्रदर्शन बीएसई 500 टीआरआई इंडेक्स से 5.47 प्रतिशत अंक बेहतर रहा। वहीं, रेगुलर प्लान (ग्रोथ) ने सालाना औसतन 16.59 प्रतिशत का रिटर्न दिया।

14 अगस्त 2023 से 13 अगस्त 2026 तक, डायरेक्ट प्लान (ग्रोथ) में किया गया निवेश 65.2 प्रतिशत बढ़ा। इसके मुकाबले, इसी अवधि में बीएसई 500 टीआरआई ने 43.3 प्रतिशत और रेगुलर प्लान (ग्रोथ) ने 58.5 प्रतिशत का रिटर्न दिया।

अगर किसी व्यक्ति ने फंड की शुरुआत में डायरेक्ट प्लान में 10,000 लगाए होते, तो 13 अगस्त 2026 तक उनका मूल्य बढ़कर 16,513 हो गया होता। समान अवधि में यही राशि बीएसई 500 टीआरआई में 14,325 और निफ्टी 50 टीआरआई में 13,003 होती। फंड के प्रदर्शन की तुलना बीएसई 500 टीआरआई से की जाती है, जबकि निफ्टी 50 टीआरआई अतिरिक्त बेंचमार्क है। रेगुलर प्लान ग्रोथ में लगाए गए 10,000 का मूल्य बढ़कर 15,843 हो गया होता।

डायरेक्ट प्लान में निवेशक सीधे म्यूचुअल फंड कंपनी के माध्यम से निवेश करता है, जबकि रेगुलर प्लान में वितरक या सलाहकार की सेवाएं शामिल होती हैं। इसी कारण दोनों प्लान के खर्च और रिटर्न अलग हो सकते हैं।

फंड ने रिटर्न कमाने के साथ जोखिम को संभालने के मामले में भी अपने तुलना वाले इंडेक्स से बेहतर आंकड़े दर्ज किए।
फंड का शार्प रेशियो 0.82 रहा, जबकि बीएसई 500 टीआरआई का शार्प रेशियो 0.50 था। आसान शब्दों में, शार्प रेशियो बताता है कि लिए गए जोखिम के मुकाबले कितना रिटर्न मिला। अधिक शार्प रेशियो आम तौर पर जोखिम और रिटर्न के बेहतर संतुलन का संकेत माना जाता है।

फंड का स्टैंडर्ड डिविएशन 13.24 रहा, जबकि बीएसई 500 टीआरआई का यह आंकड़ा 14. 22 था। स्टैंडर्ड डिविएशन से पता चलता है कि निवेश के मूल्य में कितना उतार-चढ़ाव आया। अपेक्षात कम आंकड़ा कम उतार-चढ़ाव का संकेत देता है।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### कई महिनों से बंद है बथना 7नम्बर वार्ड का स्वास्थ्य उप केन्द्र

**केसरिया(एनएसबी)।** प्रखंड के बथना पंचायत के वार्ड नंबर सात में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र (एसएससी) इन दिनों शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई माह से स्वास्थ्य कर्मी सेंटर पर नहीं आ रहे हैं ।आम लोग का स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।ग्रामीण फुलेना देवी, सुनैना देवी, कावेरी देवी, मुकेश कुमार, श्रीनारायण सिंह एवं ध्रुव कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र पर कर्मियों की नियमित उपस्थिति नहीं होने से मरीजों को इलाज एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मामले की जांच कर केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है।इस संबंध में प्रतिनियुक्त सीएचओ महिपाल यादव ने बताया कि उनकी प्रतिनियुक्ति सुंदरापुर में है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ पूजा कुमारी ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र पर एक सीएचओ एवं दो एएनएम की नियुक्ति है। सीएचओ का सप्ताह में तीन दिन कार्य दिवस निर्धारित है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा जाएगा।

### आज से आपूर्ति पदाधिकारी रहेंगे सांकेतिक हड़ताल पर, काला बिला लगा करेंगे विरोध

**चकिया(एनएसबी)।** आपूर्ति सेवा के सभी पदाधिकारी बिहार आपूर्ति सेवा संघ के आह्वान पर अपने लंबित मांगों को लेकर 20 अगस्त से 26 अगस्त तक सांकेतिक हड़ताल पड़ रहेंगे। कार्यालय में कार्य के दौरान काला बिला लगाकर विरोध करेंगे। अगर 26 अगस्त तक मांगे पूरी नहीं हुई तो सभी आपूर्ति पदाधिकारी सामूहिक अवकाश पर जाने को बाध्य होंगे। जिससे जन वितरण प्रणाली के दुकानों से लोगों को मिलने वाली राशन प्रभावित हो सकती है। उक्त जानकारी बिहार आपूर्ति सेवा संघ के संयुक्त मंत्री ने बुधवार को एक भेंट के दौरान दी। उन्होंने बताया कि विभाग से मांग की गई है कि चार पहिया वाहन,प्रत्येक प्रखंड में दो कमरे, दो सहायक, दो अनुसेवक के साथ कार्यालय के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर,स्कैर, इंटरनेट,लैपटप आदि,प्रथम प्रोन्नति पर पे लेवल नौ का लाभ,रिक्तपदों पर डीपीसी की बैठक कर उच्चतर प्रभार प्रदान करने,आपूर्ति निरीक्षक पद नाम में संशोधन कर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किया जाए सहित विभिन्न मांगे शामिल है। वहीं राशन कार्ड अभियान के लिए अतिरिक्तमानव बल, कंप्यूटर, इंटरनेट, वाहन उपलब्ध कराने की मांग है। साथ हीं तकनीकी समस्याओं का समाधान हो व पदाधिकारियों को दोषी नहीं ठहराया जाए।

### सीएसपी लूटकांड में 5 हजार रुपये का इनामी फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**मेहसी(एनएसबी)।** जयबजरंग थाना कांड संख्या-38ध25, दिनांक 12 मई 2025 से संबंधित सीएसपी लूटकांड में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारपुर निवासी अक्षय कुमार, पिता बिंदा साह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, उक्त अभियुक्त लूटकांड में लंबे समय से फरार चल रहा था तथा उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। थानाध्यक्ष अफजल रजा ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अक्षय कुमार को उसके बरियारपुर स्थित घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी हैस पुलिस द्वारा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दवा दुकान से बाइक की चोरी,पुलिस ने चोर का फुटेज जारी किया

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एक दवा दुकान के समीप से मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले मे थाने में आवेदन आया है ।इस मामले मे अमोद कुमार उपाध्याय ने थाने मे दिए आवेदन मे बताया है की मेरा भाई जिसका मोटरसाइकिल संख्या बीआर 05 एपी 8033 से दवा लेने एक दवा दुकान पर बाईक लगाकर गया था। इसी दौरान जब वह आया तो देखा की बाईक नहीं है ।काफी खोजबीन के बाद बाईक नहीं मिला। मोटरसाइकिल चोरी की सीसुटीवी में कैद फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल फुटेज के अनुसार चोर पहले से ही मोटरसाइकिल चोरी की ताक में था।

# 132 खेल मैदानों की जमीन का एनओसी लंबित, डीएम ने सीओ को शीघ्र जमीन चिन्हित कर कार्रवाई का दिया निर्देश

## 1190 नीलाम पत्रवाद के मामले लंबित, बड़े बकायादारों पर कार्रवाई का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिले में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने में हो रही देरी पर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने अधिकारियों को तेजी से कार्रवाई का निर्देश दिया है। बुधवार को समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में आयोजित अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में डीएम ने अंचल अधिकारियों को जमीन चिति कर संबंधित विभागों को शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) उपलब्ध कराने को कहास बैठक में डीडीसी ने बताया कि जिले की 262 पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 132 स्थानों पर भूमि संबंधी एनओसी अब तक लंबित है। डीएम ने संबंधित सीओ को शीघ्र जमीन चिति कर एनओसी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।जिले के 112 हाट-बाजारों में अतिक्रमण की शिकायतों की भी समीक्षा हुई। सूची उपलब्ध होने के बावजूद अतिक्रमणवाद की कार्रवाई नहीं होने पर डीएम ने सीओ को संबंधित हाट-बाजारों की जांच कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने और नियमानुसार अतिक्रमणवाद चलाने का निर्देश दिया।मनरेगा के तहत 105 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण लंबित बताया गया। डीएम ने संबंधित सीडीपीओ को सीओ से समन्वय कर जमीन चिति कराने एवं एनओसी प्राप्त करने को कहा। वहीं पंचायत सरकार भवन के लिए चिन्हित 14 जमीनें भूमि विवाद में होने की जानकारी पर संबंधित बीडीओ, बीपीआरओ एवं सीओ को विभागीय दिशा-निर्देश के अनुसार विवादों का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया।


समीक्षा बैठक करते डीएम व डीडीसी।

बंजरिया और रामगढ़वा में सीएचसी तथा जिले में 15 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरध्उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए भी भूमि की आवश्यकता बताई गई। डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्वयं जमीन चिति कर सीओ से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। स्कूलों में स्थानांतरित 60 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्कूल परिसर में जगह उपलब्ध होने पर वहीं कमरा निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया।

1190 नीलाम पत्रवाद मामले लंबित

बैठक में नीलाम पत्रवाद की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों को बड़े बकायादारों के मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ने बताया कि जिले में कुल 1985 नीलाम पत्रवाद प्राप्त हुए हैं, जिनमें 795 का निष्पादन हो चुका है, जबकि 1190 मामले लंबित हैं। डीएम ने बड़े मामलों को चिति कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करने तथा बकायादारों की सूची मीडिया को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

डीएम ने सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन, क्षेत्रीय अधिकारियों की समय पर कार्यालय में उपस्थिति और आम लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समस्याओं का आपसी समन्वय से तत्काल समाधान करें और किसी कार्य को दूसरे अधिकारी के भरोसे न छोड़ें।

उन्होंने जिला कार्यालय से भेजे जाने वाले पत्रों का लगबुक संधारित करने और समय पर जवाब देने, विभागीय अधिकारियों को अपने कार्यालयों का स्वयं निरीक्षण करने तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को आयकर व जीएसटी कटौती का रिटर्न समय पर दाखिल करने का निर्देश दिया। बरसात को देखते हुए पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं को सड़कों पर बने गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने को कहा। मौके पर नगर आयुक्त आशीष कुमार, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, डीडीसी ड़ प्रदीप कुमार, एडीएम पीजीआरओ शैलेंद्र कुमार भारती, एडीएम विभागीय जांच मो़ सिबगतुल्लाह, सहायक समाहर्ता राजष्ण झा, सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार सिंह सहित जिले के सभी एसडीओ, डीसीएलआर, बीडीओ, सीओ एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व अभियंता मौजूद थे।

## तुलसीदास जयंती पर केसीटीसी कॉलेज में संगोष्ठी, साहित्यकारों ने दी भावांजलि

**रक्सौल(एनएसबी)।** हिन्दी साहित्य के महान कवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर बुधवार को खेमचंद ताराचंद महाविद्यालय, रक्सौल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन प्राचार्य प्रोफेसर ड़ संत साह ने कीस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। स्वागत गान कलेज की छात्राओं मुस्कान, प्रिया, प्रति बरनवाल, रहमा साबीर और रहिमा साबीर ने प्रस्तुत किया। अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया गयास मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार ड़ हरिन्द्र हिमकर ने कहा कि तुलसी का संपूर्ण जीवन संघर्षो से भरा था। उन्होंने व्यक्तित्व और तित्व के क्षेत्र में नई लकीर खींची। विशिष्ट अतिथि ड़ स्वयंभू शलभ ने कहा कि रामचरितमानस भारतीय समाज और संसति की अनमोल धरोहर है। तुलसी ने क्लिष्ट संस्त के स्थान पर अवधी में रामकथा लिखकर उसे घर-घर पहुंचायास बीज व्याख्यान में प्राचार्य ड़ संत साह ने कहा कि तुलसी साहित्य को समझने के लिए 500 साल पहले की सामाजिक व्यवस्था को समझना होगा। उस समय क्षेत्रीय भाषा को हेय माना जाता था, पर तुलसी ने अवधी को प्रतिष्ठा दिलाईस हिन्दी विभाग के ड़ इन्द्रभूषण, ड़ पीक़े चक्रवर्ती सहित कई वक्ताओं ने तुलसी साहित्य में सामाजिक समरसता पर विचार रखे। अंत में काव्यपाठ हुआ। ड़ हिमकर ने भोजपुरी खंडकाव्य श्रामबोलाश, अजमत अली ने गीत और ध्रुव सिंह ठाकुरी ने गजल सुनाकर समां बांध दिया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो़ प्रेम प्रकाश ने किया।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बीपीआरओ व न्याय सचिवों की बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता एवं पंचायत स्तर तक निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाने को लेकर बुधवार को एडीआर भवन, सिविल कोर्ट परिसर में बैठक हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बीपीआरओ एवं न्याय सचिव समेत करीब 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया।सचिव ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित एवं सुलह योग्य मामलों की पहचान कर संबंधित पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से विवादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का सरल एवं त्वरित समाधान संभव है।बैठक में मोतिहारी प्रखंड की सभी न्याय पंचायतों में विधिक सहायता क्लिनिक स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। सचिव ने कहा कि इन क्लिनिकों के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को उनके अधिकारों, कानूनी उपायों और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने पंचायत स्तर पर व्यापक विधिक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश देते हुए बाल विवाह, बाल संरक्षण, महिला एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, नशा मुक्ति, मानव तस्करी और साइबर अपराध से बचाव सहित विभिन्न कानूनी विषयों पर लोगों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने कहा कि न्याय तभी सार्थक है, जब उसकी जानकारी और पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक हो।सचिव ने सभी प्रतिभागियों से 12 सितंबर की राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने तथा जरूरतमंद लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की निःशुल्क विधिक सेवाओं से जोड़ने का आह्वान किया।


बैठक में भाग लेते अधिकारी।

# विश्व मानवतावादी दिवस पर गूंजा मानवता का संदेश, बच्चों ने लिया जरूरतमंदों की मदद का संकल्प

## 'ट्री ऑफ ह्यूमैनिटी' के जरिए बच्चों ने दिया प्रेम, सहयोग और संवेदना का संदेश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** विश्व मानवतावादी दिवस के अवसर पर मोतिहारी सदर प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, उत्तरी ठेकहा में बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर विशेष जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानवता, सेवा, सहयोग, संवेदनशीलता और आपदा के समय एक-दूसरे की सहायता करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को मानवतावाद की भावना से जोड़ना और उन्हें यह समझाना था कि समाज में किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना केवल सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को यह बताया गया कि संकट, आपदा, बीमारी, दुर्घटना या किसी अन्य कठिन परिस्थिति में प्रभावित लोगों की सहायता के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार आगे आना चाहिए।

जि, भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें जि प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता प्रमुख रहीं।जि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के सामान्य ज्ञान के साथ-साथ आपदा प्रबंधन, मानवतावादी सहायता और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़े ज्ञान को परखा गया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने मानवता और सेवा के महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों और चित्रों के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि समाज में प्रेम, भाईचारा, सहयोग और संवेदना कितनी महत्वपूर्ण है। बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता ने कार्यक्रम को विशेष रूप से आकर्षक बना दिया।


कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

'ट्री अफ ह्यूमैनिटी' ने खींचा सभी का ध्यान

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक एवं रचनात्मक हिस्सा बच्चों द्वारा तैयार किया गया ट्री अफ ह्यूमैनिटी यानी मानवतावादी वृक्ष रहा।

बच्चों ने एक वृक्ष का चित्र बनाकर उसकी अलग-अलग पत्तियों पर सहयोग, साझेदारी, देखभाल, सम्मान जैसे मानवीय मूल्यों को प्रदर्शित किया। इन शब्दों के माध्यम से बच्चों ने समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया कि मानवता की जड़ें सहयोग में, उसकी शाखाएं संवेदना में और उसके फल सेवा एवं सम्मान में निहित हैं।बाल रक्षा भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों में केवल प्रतियोगिता की भावना ही विकसित नहीं करतीं, बल्कि उनके अंदर रचनात्मकता, आत्मविश्वास, सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करती हैं।प्रधानाध्यापक ने बताया मानवता को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, उत्तरी ठेकहा के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार पाठक ने की। उन्होंने विश्व मानवतावादी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों में बचपन से ही सेवा, सहयोग, संवेदना और मानवता की भावना विकसित करना बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों का ज्ञान देना नहीं है। एक शिक्षित व्यक्ति वही है जो अपने ज्ञान और क्षमता का उपयोग समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए करे। बच्चों में यदि छोटी उम्र से ही दूसरों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना विकसित की जाए तो भविष्य में एक अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार समाज का निर्माण किया जा सकता है।

सेव द चिल्ड्रेन की टीम ने बच्चों को किया जागरूक

कार्यक्रम का संचालन बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) के हामिद रजा एवं सत्य प्रकाश ने किया। उन्होंने बच्चों के साथ संवाद करते हुए मानवतावादी सहायता, आपदा के समय सावधानी, जरूरतमंद लोगों की मदद और सामुदायिक सहयोग के महत्व को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया।

शिक्षकों और विद्यार्थियों की रही सक्रिय भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सहायक शिक्षिका जुही कुमारी ने भी कार्यक्रम के आयोजन एवं बच्चों की गतिविधियों में सराहनीय भूमिका निभाई।कार्यक्रम में अरविंद कुमार, जुही कुमारी, राजकुमार, संध्या कुमारी, कविता कुमारी, कुमकुम कुमारी, सविता कुमारी, पंकज राज, अंजलि पटेल, सुमित्रा सिंह, पुष्पांजलि कुमारी, आशुतोष कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहेस कार्यक्रम के अंत में बच्चों, शिक्षकों और आयोजकों ने मानवता, सहयोग और संवेदना के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराया।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम सूर्य घर योजना के लिए ई-रिक्शा वाहनों को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजनों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण द्वारा ई-रिक्शा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये ई-रिक्शा जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को योजना एवं राज्य सरकार द्वारा दी जा रही अतिरिक्तसब्सिडी के संबंध में जागरूक करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा पूर्व से दी जा रही सब्सिडी के अतिरिक्त अब राज्य सरकार द्वारा भी अतिरिक्त अनुदान दिया जा रहा है। 1 किलोवाट के सोलर संयंत्र पर केंद्र सरकार की ῆ30,000 की सब्सिडी के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा ῆ10,000 की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। इसी प्रकार 2 किलोवाट पर कुल ῆ80,000 तथा 3 किलोवाट पर कुल ῆ98,000 तक की सब्सिडी का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही यह अतिरिक्तसब्सिडी पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगी तथा यह लाभ मार्च 2027 तक ही दिया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि इच्छुक उपभोक्ता बिना विलंब के पीएम सूर्य घर योजना के लिए आवेदन करें और योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने से आम उपभोक्ताओं को बिजली के बिल में राहत मिलेगी तथा स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, मोतिहारीय कार्यपालक अभियंता, रक्सौलय कार्यपालक अभियंता, चकियाय सहायक विद्युत अभियंता, मोतिहारी शहरी एवं ग्रामीण सहित विद्युत विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग द्वारा जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को योजना से जोड़ने तथा उन्हें उपलब्ध सब्सिडी की जानकारी देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।


हरी झंडी दिखा वाहन रवाना करते डीएम।

### सुगौली में तीन बाल श्रमिक मुक्त, दो प्रतिष्ठानों के संचालकों पर प्राथमिकी की कार्रवाई

**मोतिहारी(एनएसबी))** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के निर्देश पर बुधवार को सुगौली प्रखंड क्षेत्र में विशेष धावा दल ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सुगौली के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान दो प्रतिष्ठानों से तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया।जांच के दौरान आयांश अटो मोबाइल रिपेयरिंग से दो तथा सरोज मोटरसाइकिल सर्विस से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। मुक्त कराए गए सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक सत्या प्रकाश ने बताया कि बाल श्रमिकों से प्रतिष्ठानों में काम कराना कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण जिले में बाल श्रम के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि बाल श्रमिकों से काम कराने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ जुर्माना एवं कारावास का प्रावधान है। इसके अलावा नियोजकों से प्रत्येक बाल श्रमिक के लिए 20 हजार रुपये की राशि की वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान में सुगौली, पहाड़पुर, हरसिद्धि एवं रक्सौल के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रयास संस्था, डंकन हस्पिटल रक्सौल, ग्राम नियोजन केंद्र के प्रतिनिधि, पुलिस लाइन के सात पुलिसकर्मी तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल रही।

### महिला का गला रेतकर हत्या, शव बरामद होने से इलाके में फैली सनसनी

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र के तपुर पंचायत के गड्डुपुर सरेह स्थित गन्ने के खेत से बुधवार को एक महिला का गला रेतकर हत्या किया हुआ शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बनकटवा गांव निवासी झमन मियां की पत्नी नगमा खातून के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही अरेराज डीएसपी रवि कुमार, हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल (फरेंसिक साइंस लैब) की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के पुत्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि मंगलवार को वह अपनी मां को बाइक से लेकर अरेराज स्थित एक बैंक से पैसे निकालने गया था। बैंक से राशि निकालने के बाद दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में गड्डुपुर चिमनी के समीप वह बाइक रोककर शौच करने लगा। इसी दौरान एक बोलेरो वाहन से पहुंचे कुछ बदमाशों ने उसकी मां के पास मौजूद पैसे छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए वह बाइक लेकर वहां से भाग निकला, जबकि बदमाश उसकी मां को जबरन बोलेरो में बैठाकर अपने साथ ले गए। बुधवार सुबह उसी स्थान के समीप गन्ने के खेत में नगमा खातून का शव मिलने की सूचना मिली। शव पर गला रेतने के निशान मिले हैं, जिससे स्पष्ट है कि उनकी निर्मम हत्या की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।प्राथमिक जांच में पुलिस कई बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। मृतका के परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा घटना को लेकर कई आशंकाएं जताई जा रही हैं। वहीं, पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या के पीछे किसी करीबी रिश्तेदार की संलिप्तता की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी जांच प्रारंभिक चरण में है और सभी पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है।हरसिद्धि थाना पुलिस ने बताया कि एफएसएल टीम द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रंगदारी नही देने पर दिया जान मारने की धमकी, मुखिया ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** दो लाख रंगदारी नही देने पर मुखिया को जान से मारने की धमकी मिली है। इसे लेकर तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया रामजन्म पासवान ने कोरैया गांव के अनीस आलम के विरुद्ध थाना पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में मुखिया ने बताया है कि अनीस आलम ने दो लाख रंगदारी मांगी है। साथ ही फेसबुक, व्हाट्सएप व अन्य सोशल मिडिया पर गत 13 अगस्त से कहता है कि भटियारा सरकार का भटियारा मुखिया रामजन्म पासवान इंदिरा आवास में 20 हजार रुपए मांगता है। रंगदारी नही देने पर उसे व उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी भी देता है। जिससे उसका पुरा परिवार दहशत में आ गया है। डर के कारण वह घर से बाहर नही निकल रहे हैं। इसके पहले भी अनीस आलम द्वारा रंगदारी की मांग की गई थी। इस मामले में भी इसके विरुद्ध थाना पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके विरुद्ध गो तस्करी सहित कई मामले इसी थाना में दर्ज है। प्राथमिकी में यह भी उल्लेख किया गया है कि हरिजन समझकर सोशल मीडिया पर आरोप लगाकर उसकी प्रतिष्ठा धूमिल की जा रही है। जिस कारण उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर आयुक्त ने रमेश झा महिला कॉलेज के सामने स्थित स्थल का निरीक्षण



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर की सीरत व सूरत को बदलकर खूबसूरत बनाने की कवायद तेज कर दी गई है। नगर निगम क्षेत्र में पार्क,भेन्डिग जोन तथा महात्मा गांधी पथ बनाये जाने को लेकर अभियान तेज कर दी गई है। बुधवार को रमेश झा महिला कॉलेज के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ था। अब नगर निगम द्वारा यहां मिट्टी भराई का कार्य कराया गया है। मिट्टी भराई के बाद इस स्थल पर कई तरह के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारने को लेकर नगर निगम प्रशासन रणनीति तैयार कर रहा है। नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा ने कहा कि नगर निगम प्रशासन की लगातार कोशिश है कि सहरसा शहर को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर बनाया जाए। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर के प्रतिष्ठित महिला कालेज एवं गर्ल्स स्कूल के अगल-बगल गंदगी लगना ठीक नही है।इसे स्वच्छ बनाना नगर निगम की नैतिक जिम्मेदारी है।इसे दूर करने के लिए विगत एक सप्ताह से निरीक्षण कर मिट्टी भराई कार्य किया जा रहा है। स्थल निरीक्षण के दौरान निगम पार्षद राजेश कुमार सिंह, आशीष रंजन, राजा मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि शिंकु सिन्हा, रोहित झा सहित नगर निगम के कार्यालय कर्मी मौजूद रहे। अब देखना होगा कि रमेश झा महिला कॉलेज के सामने इस स्थल पर नगर निगम की प्रस्तावित योजनाएं कब तक धरातल पर उतरती हैं और इससे शहर की खूबसूरती में कितनी वृद्धि होती है।

### सीएचसी के बाथरूम में कर्मचारी को सांप ने डसा, मची अफरा-तफरी।



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अस्पताल के बाथरूम में एक कर्मचारी को सांप ने डस लिया। घटना में सीएचसी में कार्यरत कर्मचारी आशीष कुमार जख्मी हो गए। सांप के डसने की जानकारी मिलते ही अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, आशीष कुमार किसी काम से अस्पताल के बाथरूम में गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद सांप ने उन्हें डस लिया। सांप के डसने के बाद उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल अस्पताल के अन्य कर्मियों को दी। इसके बाद कर्मियों ने उन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा। सदर अस्पताल में आशीष कुमार का उपचार कराया गया। इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। फिलहाल वह खतरे से बाहर हैं और उनकी हालत सामान्य है। इस संबंध में बनमा ईटहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार संत ने बताया कि आशीष कुमार को बाथरूम में सांप ने डस लिया था। उन्हें तत्काल सदर अस्पताल भेजकर इलाज कराया गया, जहां उनकी स्थिति अब ठीक है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी खतरे से बाहर हैं। घटना के बाद कुछ समय तक अस्पताल परिसर में कर्मचारियों के बीच दहशत का माहौल बना रहा।

### आपदा मंत्री र●ेश सादा ने दिवंगत समाजसेवी सीताराम सिंह को दी श्रद्धांजलि



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के महारस गांव समाजसेवी स्वर्गीय सीताराम सिंह के निधन पर बुधवार को बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा उनके आवास पहुंचे। उन्होंने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। मंत्री रत्नेश सादा ने कहा कि स्वर्गीय सीताराम सिंह समाजसेवा एवं जनहित के कार्यों के प्रति सदैव समर्पित रहे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। क्षेत्र के विकास एवं सामाजिक कार्यों में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की बात कही। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि प्रेम कुमार, विधायक प्रतिनिधि सिकेंद्र महतो, बिजेंद्र यादव, सत्यनारायण सिंह, सरपंच प्रतिनिधि जयकांत कुमार, रामावतार सिंह, किशोर वर्मा, गुँजेश्वर सिंह, देवानंद यादव, सुरेश सिंह, हरिशंकर सिंह, धनेश्वर सिंह, भरत सिंह, अजय सिंह, रामस्वरूप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत सीताराम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### अनिकेत कुमार बने बिहार क्रिकेट संघ के टापर, जिले का नाम रौशन



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र के गंगजला इस्लामिया चैक निवासी दून पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पिता शशि कुमार सिंह एवं माता बबीना सिंह के पुत्र तथा बिहार स्टेट ─19 का प्रतिनिधित्व कर चुके फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त फ्रेंड्स इलेवन क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी अनिकेत कुमार ने राजगीर स्थित बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के स्थापना के बाद के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग इन क्रिकेट के पहले सत्र में पूरे यूनिवर्सिटी में सर्वोच्च स्थान (टॉप) किया है जो जिला क्रिकेट संघ एवं हम सहरसा ही नहीं कोशी के लिए गौरव का क्षण है।विदित हो कि अनिकेत कुमार बिहार क्रिकेट संघ द्वारा ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित बिहार क्रिकेट लीग में भी गया ग्लेडियेटर्स टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है। साथ ही बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित किए जाने वाले घरेलू मैचों के लिए जिला क्रिकेट संघ द्वारा चयनित जिला क्रिकेट टीम के सीनियर एवं ─23 आयु वर्ग में भी अनिकेत कुमार लगातार बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे है।सहरसा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार,उपाध्यक्ष आशीष कुमार कात्यायन,सचिव विश्वजीत बनर्जी,संयुक्त सचिव आशुतोष आनंद,कोषाध्यक्ष असफहान खान जिला क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मदेव कामत,पूर्व उपाध्यक्ष मसूद आलम,पूर्व सचिव बादल कुमार,पूर्व संयुक्त सचिव गुलनियाज रब्बानी,खिलाड़ी प्रतिनिधि नसीम आलम,प्रभात सिंह,नित्यानंद ठाकुर इत्यादि ने अनिकेत के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

### 45.5 लीटर विदेशी व 37.5 लीटर देसी शराब का किया गया विनष्टीकरण

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** पतरघट पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में जब्त किए गए देशी तथा विदेशी शराब को पुलिस प्रशासन ने बुधवार को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 45.5 लीटर विदेशी शराब एवं 37.5 लीटर देसी शराब का विनष्टीकरण किया. राजस्व कर्मचारी प्रभात कुमार एवं थानाध्यक्ष शशि कुमार की मौजूदगी में जब्त शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों के अलावा संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहें. थाना अध्यक्ष ने बताया की थाना क्षेत्र में अलग-अलग मामलों में पुलिस द्वारा कार्रवाई के दौरान शराब बरामद किया गया था. जब्ती के बाद शराब को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया था . संबंधित मामलों में विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब्त शराब के विनष्टीकरण की कार्रवाई की गयीं। पुलिस कर्मियों ने जब्त शराब को निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट किया. अधिकारियों ने बताया कि शराबबंदी कानून के तहत जब्त की गयी शराब को नियमानुसार विनष्ट किया जाता हैं। इसी प्रक्रिया के तहत विभिन्न मामलों में जब्त 45.5 लीटर विदेशी शराब और 37.5 लीटर देसी शराब को नष्ट किया गया. शराब के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थाना क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार, भंडारण एवं बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस को शराब के अवैध कारोबार से संबंधित सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश हैं। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर शराब की बरामदगी के साथ ही कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती हैं। अधिकारियों ने आम लोगों से भी शराब के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस एवं आम लोगों के बीच सहयोग जरूरी हैं। सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाती हैं. थानाध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस की नजर हैं। शराब की बिक्री, परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार क्षेत्र में निगरानी रख रही हैं। और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जा रही हैं. विभागीय नियमों के तहत हुआ विनष्टीकरण अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब को विभागीय नियम एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया।

# रायपुरा में हुआ भव्य सम्मान समारोह बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार व आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा विधायक संजय कुमार सिंह हुआ भव्य स्वागत

पप्पु कुमार नगर संवाददाता

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का बुधवार को सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के रायपुरा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन मैदान में आयोजित एनडीए के सम्मान समारोह में शामिल हुए। समारोह में दोनों मंत्रियों का स्वागत भव्य रूप से किया गया। जिसमें कार्यकत्ताओं ने मंत्रियों, विधायक व गणमान्य अतिथियों को पुष्पवर्षा की और जोरदार नारेबाजी भी हुई। समारोह की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गूजेश्वर साह ने की जबकि संचालन जदयू नेता रघुनंदन सिंह ने किया। मंच पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह, बिहारीगंज विधायक निरंजन मेहता सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। अतिथियों को पाग, चादर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर स्वागत समारोह का माहौल गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम से पहले दोनों मंत्रियों ने प्रसिद्ध बाबा मटेश्वर धाम पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। समारोह में संबोधन के दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बाबा मटेश्वर धाम में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम परिसर में हाट का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए तालाब के चारों ओर फेवर ब्लॉक लगाने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ और नदी कटाव से बेघर हुए परिवारों की समस्या को उजागर किया। आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने आश्वस्त किया कि प्रभावित परिवारों की समस्या से संबंधित मांगों को विभागीय सचिव तक पहुंचा दिया गया है और पटना लौटने पर इस दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्रवण कुमार ने उच्च विद्यालय रायपुरा की चहारदीवारी निर्माण कराने की घोषणा की और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा शराबबंदी कानून के सफल क्रियान्वयन पर जोर दिया। समारोह के दौरान असहज क्षण भी पेश आए जब संचालन कर रहे जदयू नेता रघुनंदन सिंह ने मंच से ही सिमरी बख्तियारपुर के बीडीओ मोहन कुमार सिंह के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने यह शिकायत की कि बीडीओ आम लोगों और कार्यकताओं के फोन तक नहीं उठाते तथा कोई रिस्पांस नहीं देते। इस आपत्ति के बाद कुछ देर के लिए मंच पर सन्नाटा छा गया। कार्यक्रम में तेज धूप और उमस भरे मौसम के कारण पंडाल में रखी कुर्सियाँ लोगों को बेठने के लिए कम पड़ गईं और अपेक्षित जन सैलाव भीड़ की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी। जिस पर मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान टिप्पणी की। वहीं आयोजकों ने सभी की भव्य रूप से सम्मान समारोह को भव्य रूप देने के लिए मंत्री, विधायक व विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एनडीए घटक दलों के जिला उपाध्यक्ष सर्वेश साह, जिला जदयू उपाध्यक्ष रघुनंदन सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मंगल शर्मा, सेवानिवृत्त अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मृदुला कुमारी, जदयू नेता रंजन यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ पप्पू, पूर्व मुखिया दिलीप साहब सहित तमाम प्रमुख नेता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकत्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



मंत्री द्वय, विधायक का स्वागत करते कार्यकत्ता

## आरएमएम लॉ कालेज को चालू करने को लेकर लोजपा जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से की मुलाकात

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** लोजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा ने जिले के एकमात्र बंद पड़े आरएमएम विधि महाविद्यालय को चालू करने सहित अन्य मांगो को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की।नई दिल्ली स्थित पंचशील भवन में सहरसा जिला लोजपा अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से शिष्टाचार मुलाकात की।इस दौरान सहरसा जिले की बंद पड़ी एकमात्र आर एम एम विधि महाविद्यालय को चालू करने सहित सहरसा जिले में रोजगार हेतु उद्योग स्थापित करने सहित विभिन्न जनसमस्याओं एवं संगठनात्मक विषयों से उन्हें अवगत कराया गया। जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा ने सहरसा से रोजगार के अभाव में पलायन को लेकर भी केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। चिराग पासवान ने विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र उचित पहल करने का आश्वासन दिया। उनके इस सकारात्मक आश्वासन से सहरसा के विकास को बल मिलेगा और बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का सपना साकार होगा।



चिराग पासवान से मिलते श्री षर्मा

## शिक्षकेतर कमचार्री संघ का गठन सर्वसम्मति से हुआ

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एम.एल.टी. कॉलेज सहरसा में शिक्षकेतर कमचार्री संघ का गठन सर्वसम्मति से हुआ। महाविद्यालय में शिक्षकेतर कर्मचारियों के हितों के संरक्षण एवं आपसी समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से शिक्षकेतर कर्मचारी संघ का पुनर्गठन सर्वसम्मति से किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। संघ के नये पदाधिकारी निम्न प्रकार हैं। अध्यक्ष लखन कुमार, उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार, सचिव गौरव कुमार, संयुक्त सचिव कुमार सौरभ, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष कुमार सिंह, पदम बहादुर राणा, रूपम सिन्हा, हरिनन्दन कुमार। गठन के उपरांत संघ के अध्यक्ष लखन कुमार के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने महाविद्यालय के विकास एवं कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य डॉ सुधीर कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की कि नया संघ कर्मचारियों और संस्थान के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



बैठक में शिक्षकेतर कमचार्री संघ

### आज सुबह 07,00 बजे से 09,00 बजे तक बाधित रहेगी बिजली

सहरसा शहर (एनएसबी)। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सहरसा अंतर्गत ओल्ड पीएसएस में खराब 11 ज्ञट मीटरइंग यूनिट को बदलने का कार्य 20 अगस्त को किया जाना है। इस कार्य के कारण टाउन-1 फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 07,00 बजे से 09,00 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान टाउन-1 फीडर से जुड़े निम्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, शंकर चैक, दहलान चैक, महावीर चैक कपड़ा पट्टी,डी.बी. रोड में प्रभावित रहेगा। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि निर्धारित अवधि में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने को देखते हुए आवश्यक तैयारियां पहले से कर लें तथा विभागीय कार्य में सहयोग प्रदान करें। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहरसा अमित कुमार ने संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की अवधि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विद्युत संबंधी कार्य पहले से पूरा कर लें।

### मंत्री र●ेश सादा ने सनोज विश्वास के घर पहुंचकर की मातमपुर्सी



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर गांव में बुधवार को बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने सनोज विश्वास के घर पहुंचकर मातमपुर्सी की। बीते दिनों सनोज विश्वास की पुत्री का हृदयाघात से अचानक निधन हो गया था। मंत्री रत्नेश सादा ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को धैर्य रखने की बात कही। इस दौरान प्रखंड जदयू अध्यक्ष जयकुमार सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष मुकेश झा, पूर्व सरपंच चुड़ामणि झा, जदयू जिला महासचिव नंदकिशोर झा उर्फ पप्पू, पप्पू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का भव्य आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मारवाड़ी युवा मंच शाखा एवं मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को डीबी रोड स्थित पूजा बैंकट हॉल में हरियाली तीज महोत्सव 2026 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दो सौ से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों के साथ तीज के उल्लास और मारवाड़ी संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात गीत-संगीत, झूला, मनोरंजक गेम्स, विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। डीजे एवं डांस, फन गेम्स, स्वादिष्ट भोजन, आकर्षक पुरस्कार एवं फोटो मेमोरी जैसी गतिविधियों ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।इस पावन अवसर पर प्रमुख अतिथियों के रूप में, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजेश यादुका बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी महिला समिति अध्यक्ष श्रीमति उमा डोकानिया,श्री खाटू श्याम भक्त मंडल उपाध्यक्ष गोपाल दहलान व दीपक पंसारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके सान्निध्य एवं शुभकामनाओं से आयोजन को विशेष गरिमा प्राप्त हुई।आयोजन का उद्देश्य मारवाड़ी समाज की समृद्ध संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत बनाए रखना, महिलाओं को एक मंच पर जोड़ना तथा समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द एवं सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच शाखा अध्यक्ष आदित्य मित्तल,निवर्तमान अध्यक्ष निकुन तुलस्यान, आनंद भीमसेरिया अंकित कुमार,आशीष अग्रवाल, आयुष भीमसेरिया, दीक्षित खेतान, कुबेर कुमार तुलस्यान, नवरात्र कुमार शर्मा,नीरज कुमार अग्रवाल, नीरज कुमार परशुरामपुरिया, नीतीश कुमार, नीतीश कुमार अग्रवाल, प्रीतम कुमार उदयपुरिया, राहुल सलामपुरिया, रवि शर्मा,शिवम कुमार अग्रवाल, सुमित केजरीवाल, प्रीतम कुमार, विकास कुमार खेतान, विनय कुमार एवं विनीत कुमार अग्रवाल एवं मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा के सदस्य आरती मित्तल, अंकित अग्रवाल,अनुराधा पचेरिया, ज्योति अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, कीर्ति तुलस्यान, ललित भदौरिया, मधु अग्रवाल, ममता तुलस्यान,मनीषा बंका, मोना तुलस्यान, मोना अग्रवाल, प्रिया दहलान,प्रिया शर्मा, प्रज्ञा तुलस्यान,प्रीति अग्रवाल, प्रीति तुलस्यान, रीना तोदी, सपना पचेरिया एवं सुमन अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सम्मानित प्रायोजकों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। मंच की ओर से सभी प्रायोजकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। मारवाड़ी युवा मंच एवं संस्कृति शाखा ने कार्यक्रम में शामिल हुई 200 से अधिक महिलाओं, मुख्य अतिथियों, सम्मानित प्रायोजकों, सहयोगकताओं एवं सभी सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। मंच ने कहा कि हरियाली तीज जैसे आयोजन हमारी संस्कृति एवं परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के साथ-साथ समाज में महिला सहभागिता, आपसी प्रेम और एकजुटता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।



हरियाली तीज महोत्सव में महिलाएं

## पचार्धारियों ने सीओ को आवेदन देकर कब्जा दिलाने की मांग की

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** काशनगर पंचायत के बराही गांव स्थित वार्ड नंबर 11 के करीब 50 पचार्धारी परिवार अपनी पर्चे वाली जमीन पर दखल-कब्जा दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। सभी ने अंचलाधिकारी ललन चैधरी को आवेदन देकर पर्चे में मिली जमीन पर दखल-कब्जा दिलाने की मांग की। पचार्धारियों ने कहा कि जब तक उन्हें पर्चे वाली जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया जाता, तब तक वे पोखर की जमीन खाली नहीं करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर सभी परिवारों के साथ जिलाधिकारी के समक्ष मंगलवार को अनशन एवं भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। इस मामले में सहरसा के एडीएम ने प्राप्त आवेदन को जांच के लिए सोनवषार्राज अंचलाधिकारी के पास भेज दिया है। वहीं, अंचलाधिकारी ललन चैधरी ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पचार्धारियों में शिबू पासवान, सुरेश पासवान, छुतहरु पासवान, लक्षतर पासवान, शंकर पासवान, महेश्वर पासवान, विदो पासवान, सुदामा देवी, सिकेंद्र पासवान, सारो देवी, हीरा पासवान, कनिक पासवान, विनोद पासवान, संजन देवी, उमेश पासवान, झनक पासवान, कुमोद पासवान, अशोक कुमार, नागेश्वर पासवान, मनोहर पासवान, जितेन्द्र पासवान, समतोलिया देवी, सुबोध पासवान, निर्मला देवी, पप्पू कुमार, संतोष पासवान, सनोज पासवान, लालबहादुर पासवान, प्रेमजीत, जयकुमार, मटख पासवान, जय कुमार पासवान, जवाहर पासवान, भूषण कुमार, लतर पासवान, राम पुकार पासवान, बुलबुल पासवान, रिजेन कुमार, अनील कुमार, कमल कुमार, देवन पासवान, मिथुन कुमार, रविन कुमार, अरविंद कुमार, शशी कुमार, राजा कुमार, मनोज पासवान, इंदल पासवान, सिकरी पासवान, गुलशन पासवान, रंजीत कुमार, मुकेश पासवान, सुरेन्द्र पासवान, पप्पू पासवान, सुमन पासवान, मटरु पासवान, हिरा पासवान, विलेक्षण पासवान, योगेन्द्र पासवान, मीरा देवी एवं उमेश कुमार सहित अन्य शामिल थे।



सीओ को आवेदन देती महिलाएं

## संक्षिप्त खबरें

### संत रविदास जयंती को लेकर गोगरी में निकली जागरूकता कलश यात्रा

**गोगरी ।** प्रखंड में संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न पंचायतों में आयोजित होने वाली कलश यात्रा को लेकर जागरूकता कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान लोगों को संत रविदास जी के जीवन, उनके विचारों और समाज में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने समाज में समानता, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम में एसडीओ संजय कुमार, बीडीओ रघुनन्दन आनंद,गोगरी प्रखंड प्रमुख अशोक पंत , बीस सूत्री अध्यक्ष सह बोरना मुखिया प्रतिनिधि मु नासिर इकबाल सहित प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के विकास मित्र एवं जीविका समूह के सदस्य मौजूद रहे। जागरूकता यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों से संत रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

### बोरना पंचायत में डाक विभाग ने लगाया खाता खोलने का शिविर 25 ग्रामीणों ने खुलवाया खाता

**गोगरी ।** प्रखंड के बोराना पंचायत में बुधवार को इंडिया पोस्ट अफिस की ओर से विशेष शिविर लगाकर ग्रामीणों के डाकघर खाते खोले गए। शिविर में करीब 25 ग्रामीणों ने अपना खाता खुलवाया। मौके पर बोरना पंचायत के नव पदस्थापित पोस्टमैन चंदन कुमार ने ग्रामीणों को डाकघर में खाता खुलवाने के फायदे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डाकघर में खाता खुलने के बाद ग्रामीणों को जमा और निकासी के लिए गोगरी पोस्ट अफिस का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पंचायत भवन में ही जमा-निकासी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। शिविर को लेकर ग्रामीणों में भी उत्साह देखा गया। इस दौरान मु शमीम, तारिक, बोरना मुखिया प्रतिनिधि मु नासिर इकबाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।वहीं इस मौके पर बोरना मुखिया प्रतिनिधि मु नासिर इकबाल ने कहा की बोरना के लोगों के फायदे के लिए जो भी करना होगा वो करेंगे। खाता खोलवाएँ और अपने पैसे को सुरक्षित रखें।

### कातिवों का असहयोग, निबंधन कार्य ठप

**गोगरी ।** बिहार सरकार के पेपरलेस पद्धति से निबंधन की प्रकिया पर असर दिखने लगा है। विगत 17 अगस्त से सम्पूर्ण बिहार में सरकार का आदेश प्रभावी होने से दस्तावेज लेखकों में आक्रोश साफ दिखाई दे रहा है। गोगरी निबंधन कार्यालय में तीसरे दिन भी कातिवों और अधिवक्ताओं के असहयोग के कारण एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। अवर निबंधक ने कातिवों से बात कर प्रक्रिया की जानकारी दी और कार्य में सहयोग की अपील की परन्तु दस्तावेज लेखकों पर इसका कोई असर नहीं होता दिख रहा है ।दस्तावेज लेखकों का कहना है कि भूधारी और क्रेता के साथ साथ गवाह,पहचान अपना आधार आधारित ओटीपी देने को तैयार नहीं है। उन्हे आशंका है कि ओटीपी देने पर उनके साथ फ्रड हो सकता है। केन्द्र सरकार और बैंक भी ओटीपी साझा करने से मना करता है। अनेकों लोग स्टाम्प आधारित दस्तावेज और उसपर सभी पक्षकारों का हस्ताक्षर और निशान युक्त दस्तावेज चाहता है। इस संबंध में दस्तावेज लेखक संघ के सचिव शैलेन्द्र अम्बष्ट का साफ कहना है पेपरबेस से उन्हें कम कुछ भी स्वीकार नहीं है ।कहा कि वर्तमान पद्धति में पक्षकार या निबंधन कार्यालय के गलती से राजस्व की हानि होती है तो वह दस्तावेज लेखकों से ही वसुली जायगी। खेत खाय गदहा और मार खाय जुलहा। गैरकानूनी तौर पर कातिवों का वर्तमान लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है, और नया मिला ही नहीं है। भौतिक दस्तावेज आज भी सौ वर्ष से लोगों के पास सुरक्षित और पठनीय है जबकि पेपरलेस में आज के साइबर युग में हैक होने और एआई तकनीक से तीन कठठा को तेरह कठठा आसानी से बनाया जा सकता है। सरकार के इस व्यवस्था से अपराध ही बढेगा। अतः पेपरबेस होने तक असहयोग जारी रहेगा।

# मंत्री श्रवण कुमार का जदयू कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**खगड़िया (एसएनबी)।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार का मंगलवार देर शाम पटना से सहरसा जाने के क्रम में खगड़िया जिले में जदयू कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। मानसी पश्चिमी रेलवे केबिन ढ़ाला, लोहिया चौक, चकहुसैनी एवं सैदपुर में जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत व सम्मान किया। जदयू प्रदेश महासचिव सह प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सुमित सिंह महतो भी मंत्री के साथ मौजूद थे। सैदपुर में पूर्व मुखिया प्रत्याशी अवधेश सिंह के आवास पर मंत्री कुछ देर रुके। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया तथा जदयू संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने को लेकर मार्गदर्शन किया। इस मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा, प्रदेश महासचिव सुमित सिंह महतो, प्रदेश सचिव नीलम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष निर्मला कुमारी, जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, जिला महासचिव राजीव रंजन, युवा जदयू जिलाध्यक्ष सावन कुमार बंटी, पंकज कुमार गुप्ता, हर्षवर्धन कुशवाहा, जयप्रकाश मौर्य, भविष्य सिंह कुशवाहा, मानसी नगर अध्यक्ष रौशन कुमार, दीपक कुमार सिंह एवं अवधेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। सैदपुर पहुंचने पर मंत्री श्रवण कुमार ने अवधेश सिंह के परिवार से उनकी छोटी मां स्मृति शेष अंशु देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें धैर्य बनाए रखने के लिए सांत्वना दी।


जदयू कार्यकर्ता से मिलते मंत्री श्रवण कुमार।

## बेलदौर में बेखौफ अपराधियों युवक के मारी गोली

**बेलदौर ।** थाना क्षेत्र के नारदपुर चौढ़ली पेट्रोल पंप के समीप घात लगाए अपराधियों ने 35 वर्षीय युवक को निशाना बनाकर दो गोलियां मार दीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बेलदौर थाना क्षेत्र के चौढ़ली पंचायत के वार्ड नंबर 10 निवासी मोहम्मद मोदीन का 35 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इस्तिखार अपनी मोटरसाइकिल से डुमरी बाजार सामान खरीदने जा रहा था। जैसे ही वह नारदपुर चौढ़ली पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो पहले से घात लगाए बेखौफ अपराधियों ने उस पर दो गोली चला दी,जिसमें एक गोली बाया जांध के समीप लग गया। जिसके बाद वह खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन और स्थानीय लोग घायल इस्तिखार को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लेकर पहुंचे। वही पीएचसी में मौजूद डक्टर विनोद कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित के भाई मोहम्मद असलम ने कहा कि मेरा भाई को किसी से कोई दुश्मनी था। इसके बावजूद अपराधियों ने मेरे भाई को निशाना बनाया और गोली मारकर घायल कर दिया। घटना की खबर मिलते ही बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार दल-बल के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और जिंी और मौत से जूझ रहे घायल युवक से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और अपराधियों की धरपकड़ के लिए इलाके में छापेमारी की जा रही है। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।


प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती घायल।

## विकास की दौड़ में भी अछूता रह गया प्रखंड मुख्यालय की सड़क

**चौथम ।** एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाला और आधारभूत सुविधाओं के विकास का दावा कर रही है, वहीं चौथम प्रखंड मुख्यालय के उत्तर द्वार से होकर जाने वाली सड़क आज भी बदहाली का दंश झेल रही है। प्रखंड मुख्यालय के मुख्य प्रवेश मार्ग के रूप में उपयोग होने वाली यह करीब 40 से 50 मीटर लंबी सड़क वर्षो से मरम्मत की बाट जोह रही है। स्थिति यह है कि हल्की बारिश होते ही सड़क पर जलजमाव और कीचड़ फैल जाता है, जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क की दशकों से समुचित मरम्मत नहीं हुई है। प्रखंड परिसर के अंदर पार्क, सड़क, नाला और अन्य विकास कार्यो पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन मुख्यालय के उत्तर द्वार की में रोड से मुख्यालय जाने वाली इस छोटी-सी सड़क की ओर अब तक किसी का ध्यान नहीं गया। महज 40 से 50 मीटर की इस सड़क की मरम्मत हो जाए तो हजारों लोगों को राहत मिल सकती है। यह सड़क प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, थाना, एफसीआई गोदाम तथा पंचायत सरकार भवन तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम लोग, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी और अधिकारी इसी रास्ते से आवाजाही करते हैं। बावजूद इसके सड़क की हालत दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के खराब होने का एक बड़ा कारण इसके किनारे स्थित एफसीआई का गोदाम भी है। गोदाम में प्रत्येक महीने लगभग 30 से 40 बड़े ट्रकों का आवागमन एवं अनलोडिंग होती है। भारी वाहनों के लगातार दबाव के कारण सड़क जगह-जगह टूट चुकी है और बारिश के मौसम में यह पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाती है। इससे पैदल चलने वाले लोगों, बाइक सवारों तथा चारपहिया वाहनों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा पंचायती राज पदाधिकारी को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने हर बार सड़क की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी।

## नगर सभापति ने नवनिर्मित पीसीसी सड़क का किया उद्घाटन

**खगड़िया ।** नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड संख्या-33 के लोगों को एक और महत्वपूर्ण विकास सौगात मिली है। करीब 15 लाख 53 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का नगर सभापति अर्चना कुमारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद जवाहर ने की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद खगड़िया का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्थानीय जरूरतों एवं नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सड़क, नाला, जलनिकासी, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और बेहतर सड़क किसी भी मोहल्ले के विकास की बुनियाद होती है। सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। इसी सोच के साथ नगर परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में योजनाओं को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर सभापति ने कहा कि विकास योजनाओं को केवल स्वीत करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारना भी जरूरी है। नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यो में गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे विकास कार्यो में सहयोग करें और यदि किसी योजना में गुणवत्ता संबंधी कोई कमी दिखाई देती है तो नगर परिषद को इसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जनता की सक्रिय भागीदारी से विकास कार्य और बेहतर तरीके से पूरे किए जा सकते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में विकास कुमार, नवीन यादव, अमित कुमार, मनीष, बंदना पटेल, गुड़िया कुमारी, भानु कुमारी, प्रेमपाल कुमारी, बलवंत जी, मंजे सिंह, पप्पू जी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।


उद्घाटन करते नप सभापति।

## बाबा फुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर की जमीन को लेकर विवाद

**बेलदौर ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पांडवकालीन बाबा फुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर फुलवड़िया डीह की जमीन को लेकर विवाद गंभीर रूप लेता जा रहा है। श्रद्धालुओं ने मंदिर की सरकारी और दान की जमीनों पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे और फर्जी तरीके से मनमानी कमेटी चलाकर गुटबाजी करने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंचलाधिकारी द्वारा कायम जमाबंदी (संख्या 876) की 3 एकड़ 66 डिसमिल जमीन में से कुछ हिस्से पर संजय सिंह और सिकंदरपुर के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर फसल उगा ली है। वहीं, मंदिर परिसर व सड़क किनारे की अन्य जमीनों पर भी अतिक्रमण कर रास्ता बाधित किया गया है। श्रद्धालुओं ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया, तो भविष्य में कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। श्रद्धालुओं ने अंचलाधिकारी और पुलिस-प्रशासन से मांग की है कि 7 दिनों के भीतर राजस्व रिकर्ड की जांच कर मंदिर परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। साथ ही, मनमानी गुटबाजी को समाप्त कर प्रखंड स्तरीय सार्वजनिक कमेटी व पारदर्शी कोष का गठन किया जाए, ताकि खगड़िया की आस्था के इस प्रमुख केंद्र की पवित्रता और सुरक्षा बनी रहे।

# जांच पूरी होने पर बिचौलियों पर किया जाएगा प्राथमिकी दर्ज: सीओ

**परबत्ता (एसएनबी)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व सतीश प्रसाद सिंह के पैतृक गांव सतीशनगर के वार्ड संख्या छह में सरकारी भूमि पर भूमिहीन परिवारों को बसाने के लिए पर्चा व बंदोबस्ती कराने के नाम पर कथित अवैध वसूली का मामला सामने आया है। वार्ड सदस्य मुरारी मंडल पर भूमिहीन लोगों से कथित रूप से प्रति व्यक्ति 16 हजार रुपये लेने तथा अन्य लाभुकों से भी इतनी ही राशि की मांग करने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर करीब दो दर्जन महिलाओं ने अंचलाधिकारी हरिनाथ राम को लिखित आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं में रिमझिम कुमारी, ललिता देवी, सुमित्रा देवी, बुधो देवी, सुनीता देवी और कंचन देवी समेत अन्य महिलाएं शामिल हैं। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सरकारी भूमि पर भूमिहीन परिवारों को बसाने के लिए पर्चा एवं बंदोबस्ती का लाभ दिलाने के नाम पर कथित रूप से 16 हजार रुपये लिए गए। वहीं, कुछ अन्य भूमिहीन लोगों से भी राशि की मांग किए जाने की बात कही गई है। महिलाओं ने इसे गरीब एवं भूमिहीन परिवारों के साथ अन्याय बताते हुए मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत के बाद बुधवार को अंचलाधिकारी हरिनाथ राम सतीशनगर गांव पहुंचे और मामले की बारीकी से जांच की। सीओ ने बताया कि जांच के दौरान तीन पर्चाधारियों ने दूसरे व्यक्ति के माध्यम से वार्ड को पैसा दिए जाने की बात कही है। वहीं, अन्य पर्चाधारियों से पूछताछ के लिए कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। सीओ ने कहा कि सभी पर्चाधारियों से पूछताछ एवं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि आरोपों की पुष्टि होती है तो कथित बिचौलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।


जांच करते सीओ।

## संक्षिप्त खबरें

### खगड़िया में सोलर मेला का आयोजन, किया गया जागरूक

**खगड़िया ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आम लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से अनुमंडल कार्यालय परिसर, खगड़िया में सोलर मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सोलर मेले में उप विकास आयुक्त आरती, विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल, बेगूसराय, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, खगड़िया, अनुमंडल पदाधिकारी, खगड़िया, खगड़िया विद्युत कार्यालय के सहायक विद्युत अभियंता एवं कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, खगड़िया, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि तथा सोलर पैनल से जुड़े कार्यरत एजेंसियों के प्रतिनिधि सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लिया। मेले का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराना तथा योजना के माध्यम से मिलने वाले लाभों से अवगत कराना था। इस दौरान उपभोक्ताओं को सोलर रूफटप सिस्टम लगाने, योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया एवं सोलर पैनल से संबंधित जानकारी दी गई। मेले में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान पर भी विशेष जोर दिया गया। उपभोक्ताओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विद्युत कार्यालय एवं सोलर एजेंसी से संपर्क कर उसका समाधान कराया जा सकता है। अधिकारियों ने आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपने घरों की छत पर सोलर संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ एवं सौर ऊर्जा को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सोलर संयंत्र स्थापित कराने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित उपभोक्ताओं में पुरुषोत्तम कुमार सिंह,अमिष कुमार,योगेश चन्द्र गुप्ता, अनु कुमार,अभिमनंद कुमार सिंह,जय ष्ण कुमार शामिल हैं। एडीम आरती ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। योजना के तहत रूफटप सोलर को बढ़ावा देकर परिवारों को बिजली के खर्च में बचत के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर किया जा रहा है। एडीएम ने लोगों को जागरूक करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की अच्छी योजना है। इस योजना में उपभोक्ताओं को सरकार के द्वारा सब्सिडी भी दी जा रही है। वही विधुत विभाग के कार्यपालक अभियंता ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार भी अपने तरफ कुछ सब्सिडी दे रही है। उन्होने कहा कि सोलर से बिजली आपको नियमित मिलता है ही और इससे पर्यावरण को भी फायदा है।


उद्घाटन करते अधिकारी।

### महिला ने पुलिस से शिकायत कर किया कार्रवाई की मांग

**बेलदौर ।** थाना क्षेत्र के सकरोहर पंचायत के वार्ड नंबर नौ निवासी मिथिलेश शर्मा के तीस वर्षीय पत्नी पूजा देवी ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर अपने ही जेठ एवं जेठानी सहित पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए मारपीट कर घायल कर देने की शिकायत की है। घटना बुधवार के सबेरे की बताई जा रही है। आवेदिका के मुताबिक आंगन में गी फैलाने को लेकर उत्पन्न विवाद में नामजदों ने घटना को अंजाम दिया। घायलावस्था में पति-पत्नी का इलाज स्थानीय पीएचसी में की जा रही है। आवेदन में आवेदिका ने अपने जेठ गणेशी शर्मा के पुत्र मुकेश शर्मा, अखिलेश शर्मा, मुकेश शर्मा के पुत्र बाबू साहेब कुमार, पत्नी संगीता देवी एवं अखिलेश शर्मा के पत्नी पूजा कुमारी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए मारपीट कर पति-पत्नी को घायल कर आभूषण छीन लेने की शिकायत की है। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बेलदौर में नागपंचमी मेला का समापन

**बेलदौर ।** नगर पंचायत के भगवती मंदिर परिसर में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मेले का बुधवार को कलश विसर्जन के साथ समापन हो गया। इस मेले में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। मेले के मुख्य आकर्षणों में भागलपुर के मशहूर महंत श्री गोपाल महंत और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत दो दिवसीय बिहुला विषहरी नाट्य कार्यक्रम रहा। बारिश के बावजूद, दर्शकों ने रात भर पौराणिक कथा बिहुला विषहरी पर आधारित इस नाटक का भरपूर आनंद लिया। भगवती स्थान परिसर में विभिन्न प्रकार के झूले और मीना बाजार भी लगाए गए थे। ये झूले और बाजार विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए सुरक्षा की ष्टि से दर्जनों स्वयंसेवकों को तैनात किया गया था। मेला आयोजन समिति में चौतु शर्मा महंत, फुचो शर्मा, अरुण साह, कैलाश भगत, सुमन भगत, नरेश शर्मा, सुशील मिस्त्री, अजय कुमार और सिकंदर ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


मेला में उमड़ी भिड़।

### भैस चुराने की असफल प्रयास

बेलदौर। थाना क्षेत्र के दिघौन पंचायत के वार्ड नंबर ग्यारह सोण्डिहा बासा निवासी पैंसठ वर्षीय कस्तूरी सदा ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर अपने ही पंचायत के तरौना गांव निवासी मोहम्मद मंसूर एवं उसके दो पुत्र क्रमशः मोहम्मद शमशेर एवं मोहम्मद तैयब को नामजद अभियुक्त बनाते हुए दरवाजे पर बंधे भैंस को खोलकर पिकअप पर लोड कर चोरी कर भागने की असफल कोशिश करने की शिकायत की है। जिसे की आवेदक ने पकड़ लिया। घटना मंगलवार के रात नौ बजे के करीब की बताई जा रही है। चोरी होने वाले भैंस की अनुमानित कीमत अस्सी हजार रुपये बताई गई है। आवेदक ने घटना के समय बनाए गए वीडियो को सबूत के रूप में दिखाते हुए थानाध्यक्ष से नामजदों पर विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बीपी मंडल पुल पर सोशल मीडिया चलानेवाले युवाओं की लगी रहती है भीड़

**बेलदौर ।** प्रखंड क्षेत्र स्थित बीपी मंडल पुल इन दिनों स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया क्रिएटर्स के बीच भारी चर्चा का विषय बना हुआ है। कभी अपनी खूबसूरत वादियों और नजारे के लिए जाना जाने वाला यह पुल अब 'सेल्फी जोन' के लिये प्रसिद्ध हो गया है। मालूम हो कि प्रतिदिन बेलदौर थाना क्षेत्र समेत आसपास के अन्य प्रखंडों से बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स यहां पहुंच रहे हैं। इंस्टाग्राम रील और सेल्फी बनाने की होड़ में लोग अपनी जान की परवाह किए बिना पुल के खतरनाक हिस्सों पर उतर आते हैं। यही वजह है कि यह जगह सोशल मीडिया पर तो ट्रेंड कर रही है, लेकिन इसके पीछे का सच बेहद खौफनाक और चिंताजनक है। हाल के दिनों में इस पुल से एक के बाद एक दुखद घटनाएं सामने आई हैं। जानकारी के अनुसार, अब तक करीब आधे दर्जन से अधिक नवविवाहिताओं और किशोरियों ने इस पुल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। इसके बावजूद हादसों से बेखबर लोग रोजाना यहां रील बनाने और मौज-मस्ती के लिए पहुंच रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता सुरक्षा और निगरानी के अभाव में बीपी मंडल पुल पर जानलेवा जोखिम लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यदि समय रहते रील बनाने और खतरनाक पइंट पर आवाजाही रोकने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो यह स्थान और भी बड़े हादसों का गवाह बन सकता है। स्थानीय प्रबुद्ध लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल पर सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं और कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाएं।

# मेदांता पटना से टाई-अप हुआ जमालपुर के रेल अस्पताल का

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलकर्मियों और उनके आश्रितों को बेहतर एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जमालपुर रेलवे अस्पताल के लिए बड़ी उपलब्धि सामने आई है। श्रमिक संगठन एवं रेल कर्मियों की ओर से लंबे समय से उठाई जा रही मांग के बाद मुख्य रेलवे अस्पताल जमालपुर का पटना स्थित जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के साथ टाई-अप होने की जानकारी सामने आई है। इस पहल पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन, मेंस कांग्रेस, एससी एसटी एसोसिएशन, ओबीसी संगठन, पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ सहित रेल कर्मियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक एवं अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार जताया है। यूनियन नेता गोपाल जी, देव शंकर सिंह, जितेंद्र कुमार ष्ण कुमार, सिसिलिया टुडू, मनोज कुमार, सतीश भारती, एके आजाद, भानु प्रताप पाठक ने कहा है कि यूनियन एवं रेल कर्मियों के इस मांग को गंभीरता पूर्वक मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय



रेलवे अस्पताल जमालपुर का मुख्य द्वार।

प्रसाद वर्णवाल समझते हुए इस दिशा में सकारात्मक कार्रवाई की है जिसका नतीजा है कि आज जमालपुर के रेल कर्मी अत्याधुनिक अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। यूनियन नेता एवं रेल कर्मियों ने अस्पताल एवं कारखाना प्रशासन के प्रति आभार जताया है।यूनियन का मानना है कि मेदांता जैसे सुपर स्पेशियलिटी संस्थान से टाई-अप होने से गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए रेलकर्मियों और उनके आश्रितों को बेहतर चिकित्सा विकल्प मिल सकेगा।रेलवे के आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार जमालपुर स्थित वर्कशप रेलवे अस्पताल में पहले से ही विभिन्न चिकित्सा सेवाओं के लिए बाहरी अस्पतालों के साथ टाई-अप की व्यवस्था रही है। वहीं रेलवे के उपलब्ध रिकर्ड में जमालपुर अस्पताल को 252 बेड वाले वर्कशप अस्पताल के रूप में दर्ज किया गया है।पटना का जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल कार्डियक केयर, न्यूरोसाइंसेज, कैंसर केयर, गैस्ट्रोसाइंसेज, रीनल केयर और अर्थोपेडिक्स सहित कई सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध कराता है। अस्पताल के अनुसार यह बिहार सरकार और मेदांता समूह के सार्वजनिक-निजी भागीदारी मडल के तहत संचालित है।

यूनियन ने इस उपलब्धि को जमालपुर के रेलकर्मियों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने से गंभीर रोगों के इलाज के लिए कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत मिलेगी। संगठन ने उम्मीद जताई कि इस टाई-अप का लाभ अधिक से अधिक रेलकर्मियों और उनके आश्रितों तक पहुंचेगा।यूनियन ने यह भी कहा यह पहल केवल एक टाई-अप नहीं, बल्कि जमालपुर के रेलकर्मियों के स्वास्थ्य एवं बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संगठन ने इसके लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक और रेलवे अस्पताल प्रशासन के प्रयासों से संभव हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत पटवन के दौरान करंट की चपेट में आया किसान, मौत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बख्तियारपुर टाल क्षेत्र में खेत की पटवन करने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से माधोपुर निवासी किशोर राय (45) की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि किशोर राय खेत में पटवन के कार्य में लगे थे। इसी दौरान वे बिजली के करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया और उपचार के लिए ले जाने की कोशिश की, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने खेतों में खुले अथवा क्षतिग्रस्त बिजली तारों और असुरक्षित विद्युत व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### पेपर लीक के विरोध में पूर्व विधायक अनिरुद्ध यादव का राजभवन कूच

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पेपर लीक मामले को लेकर राजद के पूर्व विधायक अनिरुद्ध यादव अपने समर्थकों के साथ राजभवन के लिए कूच किया। इस दौरान समर्थकों में सरकार और परीक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखने को मिली। प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।पूर्व विधायक ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता से किसी भी प्रकार का समझौता युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने पूरे मामले की पारदर्शी जांच कर वास्तविक दोषियों तक पहुंचने तथा परीक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की।राजभवन कूच के दौरान समर्थकों ने अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के मद्देनजर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर भी नजर रखी गई। नेताओं ने कहा कि युवाओं के हित और परीक्षा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सरकार को मामले में स्पष्ट और प्रभावी कदम उठाना चाहिए।पेपर लीक जैसे मामलों पर उठ रहे सवालों के बीच विपक्ष की ओर से किया गया यह राजभवन कूच अब राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मामले में आगे प्रशासन और सरकार की ओर से उठाए जाने वाले कदमों पर सभी की नजर है।

### पिकअप-बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**फतुहा।** नदी थाने के पाल टोला के पास बुधवार की देर शाम बाइक और पिकअप वैन की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया जहां डक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे घायल को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेज दिया। लाश को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुटी थी। वैशाली रुस्तमपुर निवासी राजकुमार एवं उसका पड़ोसी अनिल कुमार नदी थाने के सबलपुर में किराए के मकान में रहकर मकसूदपुर स्थित एक फैक्ट्री में काम करते थे। बुधवार की शाम दोनों एक ही बाइक से अपने घर सबलपुर लौट रहे थे। तभी नदी थाने के पालटोला के पास उनकी बाइक की एक पिकअप वैन से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। इधर हादसे के बाद पिकअप वैन के साथ चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को फतुहा अस्पताल पहुंचाया जहां डक्टर ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार के बाद अनिल को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेज दिया। संवाद प्रेषण तक पुलिस लाश को पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुटी थी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है।

## जमालपुर लोको शेड में लाइट स्पीड व्हील रोटेशन टेस्ट बेंच का शुभारंभ


निर्माण एवं शुभारंभ करते रेल अधिकारी।

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर लोको शेड में लोको रखरखाव व्यवस्था को आधुनिक और समयबद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की गई है। लोको शेड के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा इन-हाउस विकसित लाइट स्पीड व्हील रोटेशन टेस्ट बेंच का बुधवार को शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य विद्युत लोको अभियंता मुख्यालय, कोलकाता सुमंता दत्ता ने किया।नई टेस्ट बेंच के माध्यम से ट्रैक्शन मोटर और व्हील सेट की जांच एवं परीक्षण पहले की तुलना में अधिक सरल, सटीक और सुरक्षित तरीके से किया जा सकेगा। मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता और जमालपुर लोको शेड के सीनियर डीएमई केके दास ने बताया कि नई व्यवस्था से कई मामलों में पूरी बोगी को उठाने की आवश्यकता नहीं होगी। पहले ट्रैक्शन मोटर और व्हील सेट की जांच के दौरान पूरी बोगी उठाकर मोटर एवं व्हील सेट को फिट करना पड़ता था। जांच के दौरान तकनीकी खराबी सामने आने पर पूरी प्रक्रिया दोबारा करनी पड़ती थी। इससे समय और श्रम दोनों की अधिक खपत होती थी। नई टेस्ट बेंच पर अब ट्रैक्शन मोटर एवं व्हील सेट को सीधे फिट कर रोटेशन सहित विभिन्न तकनीकी परीक्षण किए जा सकेंगे।

## पेपर लीक मामले के विरोध में राजद कार्यकर्ताओं ने राजभवन कूच किया

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पेपर लीक मामले के विरोध में राजद कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राजभवन कूच किया। बाढ़ विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व प्रत्याशी कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के भाई धरवीर यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता राजभवन के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। कार्यकर्ताओं का कहना था कि परीक्षा से जुड़े प्रश्नपत्र लीक होने की किसी भी घटना का सीधा असर मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों के भविष्य पर पड़ता है। धरवीर यादव ने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े ऐसे मामलों में सरकार को गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की। राजभवन कूच को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और कहा कि परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।


राजद कार्यकर्ता बाढ़ राजभवन पटना में।

## रेल कॉलोनी रामपुर में 50 दुकानों व झोपड़ियों पर चिपकाए गया नोटिस

### 26 अगस्त तक खाली करने का निर्देश

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल कलोनी रामपुर में रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से मकान, दुकान एवं झोपड़ी बनाकर रह रहे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को रेलवे की टीम ने कलोनी में करीब 50 दुकानों एवं झोपड़ियों पर नोटिस चस्पा कर 26 अगस्त तक जगह खाली करने का निर्देश दिया। नोटिस चस्पा किए जाने की कार्रवाई शुरू होते ही दुकानदारों और अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। रेल प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा के अंदर संबंधित लोगों द्वारा जगह खाली नहीं करने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। रेलवे की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर चलाए जा रहे अभियान से स्थानीय दुकानदारों में काफी बेचैनी देखी गई।मौके पर आईओडब्ल्यू मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार, आरपीएफ कांस्टेबल गुंजन कुमार सहित रेलवे के कई कर्मचारी मौजूद थे। टीम ने एक-एक कर दुकानों एवं झोपड़ियों पर नोटिस चस्पा किया और संबंधित लोगों को रेलवे की जमीन खाली करने की हिदायत दी।विदित हो कि दो दिन पूर्व आरपीएफ एवं जमालपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने रामपुर रेल कलोनी में अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित दुकानों एवं अन्य निर्माणों को खाली करने का निर्देश दिया था। अभियान के दौरान अधिकारियों ने बताया था कि कलोनी में होने वाली आपराधिक गतिविधियों को लेकर भी इन अवैध दुकानों पर नजर है। आशंका जताई गई थी कि असामाजिक तत्व इन स्थानों पर बैठकर आपराधिक घटनाओं की योजना बनाते हैं। रेलवे प्रशासन की ताजा कार्रवाई को इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


नोटिस चिपकाने के बाद बंद पड़ा दुकान।

## रेल कॉलोनी में सुविधा-सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे सीडब्ल्यूएम

**जमालपुर(मुंगेर)।** रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों को बेहतर आवासीय सुविधा, सुरक्षा और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल ने बुधवार को रामपुर रेल कलोनी का औचक निरीक्षण किया। सीडब्ल्यूएम को अचानक कलोनी में देखकर शुरुआत में रेलकर्मी एवं उनके आश्रित कुछ देर के लिए हैरान रह गए। बाद में जब उन्हें जानकारी हुई कि सीडब्ल्यूएम कलोनी की समस्याओं और सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे हैं, तो रेल परिवारों ने खुलकर अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं।निरीक्षण के दौरान रेलकर्मियों ने कलोनी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चारदीवारी निर्माण कराने, अवैध रास्तों को बंद करने तथा खाली पड़े र्टरों को आवंटित कराने की मांग रखी। इसके अलावा कलोनी में नियमित साफ-सफाई, जल निकासी और जर्जर र्टरों की मरम्मत में तेजी लाने की भी मांग की गई।सीडब्ल्यूएम ने रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कलोनी में साफ-सफाई, सुरक्षा एवं आवासीय सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। सीडब्ल्यूएम के इस औचक निरीक्षण और रेल परिवारों से सीधे संवाद की पहल की कलोनी में रहने वाले रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों ने सराहना की।मौके पर डिप्टी ड़ अभ्युदय, सौरभ कुमार, बीपी के मिंज, आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त हीरा प्रसाद सिंह सहित कई अधिकारी, कर्मचारी एवं यूनियन नेता मौजूद थे।


कॉलोनी का निरीक्षण करते सीडब्ल्यूएम।

# जनगणना कार्य की प्रगति को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी के नेतृत्व में बुधवार को जमालपुर प्रखंड कार्यालय में वर्ष 2027 की जनगणना कार्य की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना के द्वितीय चरण जिला जनगणना पुस्तिका जिला जनगणना पुस्तिका से संबंधित कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र में जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने, आंकड़ों के संकलन एवं सत्यापन तथा संबंधित अभिलेखों को अद्यतन रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने जनगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं हो, इसके लिए सभी स्तरों पर सावधानी बरतने पर जोर दिया।बैठक में बताया गया कि जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रखंड क्षेत्र में कुल 32 विलेज अफिसर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में कार्य की नियमित निगरानी करने तथा प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में बीएसओ राम प्रवेश कुमार,एमओ नितेश कुमार केसरी एवं एलईओ विक्रम कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। बीडीओ ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसलिए सभी पदाधिकारी और कर्मी पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य समय पर पूरा किया जा सके।


जनगणना को लेकर बैठक करते बीडीओ।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने सोनपुर-बरौनी एवं बरौनी-कटिहार रेलखंड का किया निरीक्षण

**सोनपुर (एनएसबी)** मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर श्री अमित सरन द्वारा आज दिनांक 19 अगस्त 2026 को सोनपुरबरौनी एवं बरौनीकटिहार रेलखंड का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य रेल परिचालन की संरक्षा, यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसरों की स्वच्छता तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा करना था। निरीक्षण के क्रम में शाहपुर पटोरी स्टेशन पर प्ै रूम, रिले रूम, पैनल रूम, बैटरी रूम सहित स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया गया। साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यो की प्रगति का जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को कार्यो में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। इसके पश्चात साहेबपुर कमाल, खगड़िया स्टेशन का निरीक्षण किया गया, जहां प्ै रूम, रिले रूम, पैनल रूम, बैटरी रूम एवं स्टेशन परिसर आदि का जायजा लिया गया। यहां भी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष कार्यो को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। कुर्सेला जंक्शन पर पैनल रूम एवं स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेशन पर उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं परिचालन से संबंधित सुविधाओं का जायजा लिया गया। वहीं सेमापुर स्टेशन पर पैनल रूम, न्ै, च्ै एवं बुकिंग कार्यालय के साथ-साथ इलेक्ट्रनिक मोशन वे-ब्रिज तथा स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं काढ़ागोला रोड स्टेशन पर न्ै, च्ै एवं बुकिंग कार्यालय तथा स्टेशन परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसर में साफ-सफाई एवं यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया तथा स्वच्छता व्यवस्था को निरंतर उच्च स्तर पर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार तथा सभी विकास कार्यो को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।


निरीक्षण करते अधिकारी।

### हरिहर क्षेत्र सोनपुर दीपोत्सव के सफल आयोजन में बैठक

**सोनपुर (एन एसबी)** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला भव्य श्हरिहर क्षेत्र दीपोत्सवश इस बार भी अत्यंत धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। दीपोत्सव के सफल आयोजन और व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार करने को लेकर आज शाम 4रू00 बजे दीपोत्सव घाट पर आयोजन समिति की पहली महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ने की। सर्वप्रथम दीपोत्सव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेनेवाले हरिहरक्षेत्र जनजागरण मंच के सदस्य दिवंगत केदार राय जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। हरिहरनाथ मंदिर एवं गजेन्द्रमोक्ष मंदिर से यह ज्ञात होने के बाद की इस वर्ष दीपावली 8 नवंबर को मनाया जाएगा, इस हिसाब से एक दिन पहले यानी 7 नवंबर को 3 लाख दीप जलाकर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान दीपोत्सव को और अधिक भव्य, आकर्षक तथा सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस प्रथम बैठक में आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह, सचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही हरिहरक्षेत्र जन जागरण मंच के संस्थापक श्री अनिल कुमार सिंह, महासचिव अमरनाथ तिवारी की भी विशेष उपस्थिति रही। बैठक में पिछले दीपोत्सव आयोजन के लिए गठित पुराने कमिटी को भंग कर नए कमिटी का गठन किया गया। गत वर्ष की समिति से नई कमिटी में अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष, सह-कोषाध्यक्ष स्वागताध्यक्ष आदि पूर्ववत रखे गए जो पिछली बार थे। अन्य पदों के लिए अगली बैठक में चर्चा होगी।बैठक में उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पत्रकार विश्वनाथ सिंह, ड अनिल कुमार सिंह, ष्णकांत सिंह, अरुण कुमार सिंह, मुकुंद कुमार सिंह, सतीश कुमार सिंह, संजय कुमार सिन्हा दीवाना, दयाशंकर सिंह, निशांत कुमार, आशीष कुमार, अनिल कुमार राय, विनोद राय समेत कई स्थानीय समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं ने आयोजन को भव्य रूप देने हेतु अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किये। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि हरिहरक्षेत्र दीपोत्सव सोनपुर की गरिमा और सांस्तिक पहचान का प्रतीक है।


बैठक में भाग लेते लोग।

### हुजूर, खाना कैसे खाएं, गोदाम के चावल पर उठे सवाल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जनवितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले चावल की गुणवत्ता को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बाढ़ क्षेत्र के ैथ्ब् गोदाम में रखे चावल की स्थिति ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्हें ऐसा चावल मिल रहा है, जिसकी गुणवत्ता देखकर ही उसके खाने योग्य होने पर संदेह पैदा हो जाता है। जनता की शिकायतों के बाद गोदाम में रखे चावल को देखा गया तो कई बोरे पुराने और गुणवत्ता की ष्टि से संदिग्ध नजर आए। गोदाम में मौजूद कर्मियों के अनुसार पिछले वर्ष का चावल भी वितरण में शामिल है। यदि यह चावल निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता है तो उसे लाभुकों तक पहुंचाना गंभीर चिंता का विषय है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि खराब अथवा संदिग्ध गुणवत्ता वाले खाद्यान्न की शिकायत आखिर लाभुक और डीलर किससे करें स्थानीय लोगों के अनुसार ैथ्ब् के एजीएम का गोदाम पर नियमित रूप से नहीं आना और संबंधित अधिकारियों के अन्य कार्यो में व्यस्त रहने की स्थिति में शिकायतों के त्वरित समाधान की व्यवस्था कमजोर दिखाई दे रही है। लाभुकों का कहना है कि गरीब परिवारों के लिए सरकारी राशन महज अनाज नहीं, बल्कि उनके घर की रसोई का सहारा है। ऐसे में यदि चावल की गुणवत्ता पर ही सवाल उठने लगे तो पूरी वितरण व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। डीलरों की भी परेशानी यह है कि उन्हें ऊपर से प्राप्त खाद्यान्न का वितरण करना होता है, जबकि गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सीधे उनके पास पहुंचती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाढ़ के साथ-साथ पंडारक ैथ्ब् गोदाम का भी औचक निरीक्षण कराया जाए। चावल के नमूने लेकर उसकी गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच हो और यदि मानक से कम गुणवत्ता का खाद्यान्न पाया जाता है तो जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाए। जनता की सीधी मांग हैहुजूर, एक बार गोदाम खुद देख लीजिए, तभी पता चलेगा कि गरीबों की थाली तक क्या पहुंच रहा है। प्रशासन की निगरानी और नियमित जांच ही इस पूरे मामले में उठ रहे सवालों का जवाब दे सकती है।


गोदाम में सड़ी गली चावल।

# कइसे खेलन ज ईबू सावन में कजरिया...



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** कइसे खेलन ज ईबू सावन में कजरिया, बदरिया घिर आई ननदी... मिर्जापुर भइले गुलजार हो, कचौडी गली सून कइलअ बलमू जैसे मनभावन कजरी व सावन गीतों के साथ लोगों ने यहां आयोजित सावन महोत्सव का भरपूर आनंद उठाया। नगर परिषद पीरो की सभापति किरण उपाध्याय की पहल इस कार्यक्रम विशेष रुप से महिलाओं के लिए किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में स्थानीय पुरुष भी गायक कलाकारों की झलक पाने व कजरी गीतों का रसास्वादन के लिए बेताब दिखाई दिए।

कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार, नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय, कार्यपालक पदाधिकारी मेघा व समाजसेवी मनोज उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अपने संबोधन में एसडीएम श्री उपाध्याय ने कहा कि कजरी गायन हमारी लोक परंपरा का हिस्सा है। कजरी गीतों के बोल हृदय की गहराई से निकलते है जो दिल को छू जाते हैं। यह परंपरा पूर्वांचल व बिहार के शाहाबाद प्रक्षेत्र में लंबे समय से प्रचलित है। इस परंपरा को बनाए रखने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन जरुरी है। महोत्सव का शुभारंभ सलोनी चक्रवर्ती एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद अयोध्या से यहां पहुंची लोक गायिका संजोली पांडेय ने कजरी गीतों से ऐसा शमां बांधा कि कार्यक्रम मौजूद लोग उनके सुर में सुर मिलाकर थिरकती नजर आए।

इस दौरान सरस्वती संगीत विद्यालय की स्थानीय गायक कलाकारों ने भी अपने गीत-संगीत का जलवा बिखेरा। संजोली पांडेय की प्रस्तुति हरि हरि शंभु चलेले ससुरारी, बदरवा चढी आइल अंगनवा ना... पर महिलाएं जमकर झूमी। कार्यक्रम के बीच में नारी शक्ति सम्मान समारोह के तहत विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं गरिमा कुमारी, मेघा, डा ममता मिश्रा, आदि को आयोजन समिति द्वारा मोमेंटो व शाल देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्थानीय पत्रकारों, पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व कई अन्य बुद्धिजीवियों को भी सम्मानित किया गया।

# सोन नदी किनारे रंगदारी गिरोह का भंडाफोड़

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** सोन नदी किनारे अवैध बालू खनन में लगे नाविकों से हथियार के बल पर रंगदारी वसूलने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

**हथियार के साथ चार गिरफ्तार एसटीएफ और बबुरा थाने की पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई**



एसटीएफ और बबुरा थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से 315 बोर की दो राइफल, एक देसी कट्टा, नौ जिंदा कारतूस तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बबुरा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 18-19 अगस्त की रात बिंवा स्थित जोगा बाबा मंदिर के समीप सोन नदी किनारे छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान चारों अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह गिरोह सोन नदी में अवैध बालू खनन में लगे नाविकों से हथियार के बल पर रंगदारी वसूलता था। गिरफ्तार आरोपियों में कोईलवर थाना क्षेत्र के महादेवचक निवासी पुटुस उर्फ रवि कुमार, बबुरा थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी अखिलेश कुमार, गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर निवासी संजीत कुमार तथा आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महकमपुर बारा निवासी छोटू यादव शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, पुटुस उर्फ रवि कुमार के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, चोरी, रंगदारी, मारपीट और अवैध बालू खनन समेत कई मामले दर्ज हैं। संजीत कुमार के खिलाफ गीधा थाना में एक मामला दर्ज है, जबकि छोटू यादव के विरुद्ध कोईलवर एवं चांदी थाना में भी आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। गिरफ्तार सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा थाने की पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए 15 लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरतार किया है। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर कायमनगर गांव निवासी मुबारक हुसैन (40 वर्ष), पिता निजामुद्दीन अंसारी को गिरतार किया। पुलिस ने गिरतार आरोपी के पास से 15 लीटर देशी शराब, एक मोबाइल फोन तथा 2,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद सामान को जब्त कर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ गीधा थाना पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे धंधेबाजों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्ग महिला ने खाया जहर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में बुधवार की शाम एक बुजुर्ग महिला ने जहर खा लिया। जिससे उनकी हालत काफी गंभीर हो गई। तब परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त बुजुर्ग महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी 60 वर्षीया विजान्ती देवी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम घरेलू विवाद को लेकर घर के सदस्यों से कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में आकर उन्होंने जहर खा लिया। जिससे उनकी हालत काफी गंभीर हो गई।

### संत रविदास की 'कलश यात्रा' का आयोजन



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया के निदेशानुसार श्री गुरु संत रविदास की 650वीं जयंती पर समरसता संकल्प अभियान के तहत आज समाहरणालय, भोजपुर से गुरु संत रविदास की 'कलश यात्रा' का आयोजन किया गया। 'कलश यात्रा' का शुभारंभ समाहरणालय, भोजपुर से किया गया। यात्रा विद्या भवन होते हुए नागरी प्रचारिणी भवन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्री दुर्गा राज द्वारा हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया गया। कलश यात्रा में जिला युवा खेल/संसृति पदाधिकारी, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, विकास मित्र, आरा सदर की जीविका दीदियां एवं अनुसूचित जाति समुदाय के सदस्यों सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अनुसूचित जाति टोलों में श्री गुरु संत रविदास की 'कलश यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं विकास मित्रों के माध्यम से किया जाएगा।

### भोजपुर एसपी को दी शुभकामनाएं



**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जागा कुशवाहा एवं जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा ने बुधवार को भोजपुर के पुलिस अधीक्षक श्री राज से शिष्टाचार मुलाकात कर उनके नए पदस्थापन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नेताओं ने उन्हें कलम और डायरी भेंट कर सम्मानित किया। मीडिया से बातचीत में जागा कुशवाहा ने कहा कि एसपी श्री राज ने भोजपुर जिले में अपने कार्यकाल में निष्पक्ष, संवेदनशील और जनहितैषी पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि गरीबों और समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने की उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी में भी उनकी कलम और निर्णय आम लोगों के हित में काम करते रहेंगे। जागा कुशवाहा ने कहा कि एसपी श्री राज की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वे आम लोगों के फोन और संदेशों का त्वरित जवाब देते थे। उनकी कार्यशैली और जनता के प्रति जवाबदेही के कारण भोजपुर में उनका कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आकर किसान की मौत

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पंडित दीनदयाल रेल मंडल अंतर्गत आरा-सासाराम रेलखंड पर हसनबाजार हाल्ट के समीप बुधवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गई। मृतक कन्हैया सिंह हसनबाजार थानान्तर्गत कातर गांव निवासी स्व रामानंद सिंह के पुत्र थे। बताया जा रहा है कि वे खेत में खाद डालने के लिए जा रहे थे तभी सासाराम से पटना की ओर जा रही 13250 डाउन भभुआ-पटना इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में दो शादीशुदा पुत्र निशांत कुमार व सुशांत कुमार हैं।

### प्रधानाचार्य कृष्ण मोहन हुए सम्मानित

**संदेश (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण मोहन को श्रीराम फाउंडेशन सदस्य सोनू गुप्ता सहित अन्य ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक की सेवा सराहनीय है। वे विद्यालय के छात्राओ के शिक्षा के प्रति हमेशा तत्पर रहते है, जिससे यहां पठन-पाठन के अलावे विद्यार्थी को व्यवहारिक ज्ञान भी मिलता है। दूसरी तरफ दिल्ली फैशन के संचालक विष्णु ने इस संस्था के साथ मिलकर छात्राओं के बीच जूता वितरण किया। इस मौके पर सुरेन्द्र कुमार, पवन, भोला कुमार, विकाश, निरंजन, अभय, किरण कुमारी, वीणा कुमारी, शशिकांत चौबे, अंजली कुमारी, पुनीत कुमार, महेंद्र चौधरी, रजिया आदि शिक्षकगण एवं सुशांत, आलोक, सूरज, सुरभि, स्वाति नजरुल, फातिमा, अंजू, काजल, मन्नी, नव्या आदि थे।



### पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र प्रियांशु तथा पिंटू होंगें सम्मानित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** स्वतंत्रता दिवस की 80वां वर्षगांठ शनिवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय फरना तथा उत्क्रमित मवि लौहर कला के प्रांगण में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय, फरना के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार तथा उत्क्रमित मवि लौहर कला के प्रधानाध्यापक उमेश प्रसाद सिंह के द्वारा संबोधित किया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने स्वतंत्रता सेनानियों के अमूल्य बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही देश की वास्तविक प्रगति का आधार है और युवाओं को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने मशाल प्रतियोगिता में विद्यालय का नाम रौशन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं पुरस्कार स्वरूप 3-3 लाख रुपए प्राप्त करने वाले विद्यालय के 11 वीं कक्षा के दो छात्र प्रियांशु कुमार तथा पिंटू कुमार राय को विद्यालय के तरफ से सम्मानित किया गया।

# 14 चक्का ट्रक से 432 लीटर शराब बरामद

**जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 6 लाख रुपए**

दैनिक नवसंदेश

**आरा।** भोजपुर जिला के वरीय आईएएस संजय कुमार सिंह का कल मद्य निषेध विभाग में सचिव का पदभार ग्रहण करने के साथ ही विभाग ने बड़ी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद कर उनका स्वागत किया है। विदित हो कि जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को कल गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश की ओर से एक ट्रक द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध श्री रजनीष द्वारा निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा छापेमारी के क्रम में मोहनिया-आरा मेन हाइवे पर धनगाई थाना क्षेत्र के महुरही ओवेरब्रिज के पहले एक 14 चक्का ट्रक में गिट्टी के नीचे छुपा कर रखे भरी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन पर बिहार का निबंधन संख्या अंकित पाया गया। इस दौरान वाहन के चालक रोहतास जिले के चुटिया थाना क्षेत्र के तिलोखर, वार्ड नंबर-12 निवासी नागेश्वर राम के पुत्र मनीष कुमार को गिरतार करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। उक्त वाहन से 2400 पीस में 432 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य 6 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से बिहार में लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक राणा विकाश कुमार, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। सहायक आयुक्त श्री रजनीष ने बताया कि जिला प्रषासन के सहयोग से विभाग द्वारा जारी अभियान में इस सप्ताह यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि सरकार द्वारा लागु षराब बंदी का पूर्णतः पालन हो। उन्होंने आमजन से भी अपील किया कि अगर कहीं से अवैध षराब निर्माण, विक्री या भेजे जाने की सूचना प्राप्त होती है तो वे विभाग को अवश्य सूचित करें। उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।



**उत्तर प्रदेश से बिहार लायी जा रही थी शराब**

गिट्टी लदे ट्रक से बरामद शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त।

### शराब सेवन के आरोप में पांच गिरतार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा थाने की पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए शराब के नशे में पांच लोगों को गिरतार किया है। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि कायमनगर बिंद टोली के समीप विशेष अभियान के दौरान पांच व्यक्तियों को शराब के नशे की हालत में पकड़ा गया। गिरतार लोगों में चन्द्रमा बिंद (33 वर्ष), पिता स्व भन्नु बिंद, रमेश चौधरी (38 वर्ष), पिता सीताराम चौधरी, धन्नजय बिंद (40 वर्ष), पिता रामपूजन बिंद, रामप्रसाद बिंद (48 वर्ष), पिता स्व सूर्यवंश प्रसाद तथा रामकिसुन बिंद (25 वर्ष), पिता स्व अशोक बिंद उर्फ बोतल बिंद शामिल हैं। सभी गिरतार आरोपी कायमनगर गांव के निवासी हैं। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि सभी आरोपितों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से माननीय न्यायालय ने पांचों आरोपितों को जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के निर्माण, तस्करी और सेवन के विरुद्ध पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है तथा आगे भी इसी तरह सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

# पेपर लेश रजिस्ट्री के खिलाफ दस्तावेज नविसों व स्टाम्प वेंडरों की हड़ताल जारी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार द्वारा पेपर लेश रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू करने के खिलाफ 17 अगस्त से दस्तावेज नविसों और स्टाम्प वेंडरों की हड़ताल जारी है तथा आरा में रजिस्ट्री की प्रक्रिया पुरी तरह ठप है। हड़ताल के तीसरे दिन भी आरा में रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी तरह ठप रहा।

पेपर लेश रजिस्ट्री के खिलाफ हड़ताल पर गये दस्तावेज नविसों और स्टाम्प वेंडरों ने आज आरा में एक बैठक की तथा हड़ताल पुरी प्रभावी हो इसको लेकर रणनीति बनाई। माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि पेपर लेश रजिस्ट्री से बेरोजगारी बढ़ेगी तथा रजिस्ट्री से जुड़े कई तरह के लोगों के जीवन यापन का संकट पैदा हो जाएगा। रजिस्ट्री प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज नविसों और स्टाम्प वेंडरों की हड़ताल से बिहार सरकार को भी भारी क्षति हो रही है भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने बिहार सरकार से मांग की है कि वे हड़ताली नेताओं से मुलाकात कर वार्ता करे और आम बिहार के लोगों की परिशानी को समाप्त करें। वही इस हड़ताल के पक्ष में बोलते हुए सत्यनारायण प्रसाद सिन्हा और हनुमान सिंह ने कहा कि हड़ताल की वजह से आरा रजिस्ट्री सहित बिहार के 123 रजिस्ट्री कार्यालय में पुरी तरह रजिस्ट्री बंद है और हम लोग हड़ताल को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। आरा में आयोजित इस बैठक में सामिल प्रमुख लोगों में भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी के अलावे बिहार दस्तावेज नविस संघ आरा के अध्यक्ष हनुमान सिंह, सचिव लवकुश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद सिन्हा, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

# विधायक ने किया विशुनपुर हाई स्कूल का निरीक्षण

**आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** ड़हरा प्रखंड अंतर्गत बिशनपुर उत्क्रमित हाई स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्क्रमित हाई स्कूल के प्रधानाचार्य राघवेंद्र कुमार सिंह एवं मंच संचालन शिक्षा हरेराम चंद्रवंशी ने किया। मुख्य अतिथि बड़हरा विधायक राघवेद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बड़हरा विधायक का स्कूल प्रशासन एवं ग्रामीण जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। विद्यालय की व्यवस्था को देखते हुए मदद करने की बात कही। विद्यार्थियों को ज्यादा संख्या होने के उपरांत दो शिट में स्कूल चलाने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी से फोन से वार्ता किया। गमीणों के द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया। वही विधायक ने सबलपुर और बिशुनपुर काली मंदिर में चुनरी और मिठाई से पूजा अर्चना की। मौके पर उपस्थित मिडिल स्कूल के प्रधानाचार्य विजय प्रसाद, मंडल अध्यक्ष शुभम पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह संटू, मंडल अध्यक्ष टुनटुन महतो, उपाध्यक्ष पिंटू सिंह, मुन्ना सिंह, अंगद पांडे, सरोज पांडे, पंकज कुमार, पप्पू कुमार, गजेंद्र सिंह, त्रियुग सिंह प्रभु सिंह, मनजीत कुमार, रामेश्वर सिंह, अनिल पांडे, विजेंद्र सिंह, सभी ग्रमीण सहित स्कूल के सभी शिक्षक गण विद्यार्थी गण से उपस्थित रहे।



छात्र-छात्राओं के साथ विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह।

# प्राइवेट स्कूल वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर बाजार के समीप बुधवार की दोपहर प्राइवेट स्कूल वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उदवंतनगर पंचायत के मुखिया राजेश कुमार सिंह उर्फ पेड़ा सिंह एवं अन्य ग्रामीणों के सहयोग से उसे सदर अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे।

जख्मी उदवंतनगर गांव निवासी शत्रुघ्न सिंह का 27 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार उर्फ भुअर है। मुखिया राजेश कुमार सिंह ने बताया कि वह बाइक से अपने घर से बाजार की तरफ आ रहा था। इस दौरान उदवंतनगर बाजार के समीप पीछे से आ रही प्राइवेट स्कूल वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

# बिहार फोटोग्रफर्स एसो. ने मनाया वर्ल्ड फोटोग्राफी डे



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन भोजपुर ने आज शहर के रमना मैदान में वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के अवसर पर स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस फोटोग्राफी प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अमित मिश्रा, मो अशरफ आलम और प्रदीप रंजन कुमार थे। प्रतियोगिता में मो. जाहिद को प्रथम, आशुतोष गोंड को द्वितीय और विकाश कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन विजेताओं को संस्था के अध्यक्ष जयंत ओझा व सचिव चंदन कुमार द्वारा मोमेंटो देकर पुरस्त किया गया। साथ में उपाध्यक्ष पंकज कुमार और कोर कमेटी के सदस्य जितेंद्र प्रसाद और सुमित कुमार द्वारा मनीष कुमार, सागर कुमार और सुनील कुमार को मेडल देकर संतावना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन भोजपुर के अधिकारी और सदस्यों ने विजेताओं के साथ मिलकर केक काटा गया ।

# देर से मिली सूचना, सहयोग शिविर में कम संख्या में पहुंचे ग्रामीण

**अपर समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी ने किया सहयोग शिविर का निरीक्षण**



गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय प्रखंड के बगवां पंचायत अंतर्गत पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, मनरेगा सहित विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टल लगाए गए थे, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा सके। हालांकि प्रचार-प्रसार के अभाव में शिविर में ग्रामीणों की उपस्थिति काफी कम रही।

बताया गया कि शिविर मे कुल 44 आवेदन आया जिसमे राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन अधिक रहे। वहीं अपर समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी मीनु कुमारी ने कर्मियों को उपस्थिति दर्ज करने के साथ ही प्राप्त आवेदनो का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। बगवां पंचायत के मुखिया पति कमोद कुमार ने बताया कि उन्हें पंचायत सचिव की ओर से रात करीब 8 बजे जानकारी दी गई कि अगले दिन सहयोग शिविर का आयोजन होना है। इतनी देर से सूचना मिलने के कारण पर्याप्त संख्या में ग्रामीणों तक इसकी जानकारी नहीं पहुंच सकी। ग्रामीण अवधेश पाण्डेय, उपेंद्र सिंह और अनिल यादव ने कहा कि उन्हें सहयोग शिविर के आयोजन की कोई जानकारी नहीं थी। ग्रामीणों ने कहा कि यदि पंचायत स्तर पर पहले से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाता, तो बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और सरकारी योजनाओं से संबंधित मामलों को लेकर शिविर में पहुंच सकते थे। ग्रामीणों ने शिविर के आयोजन को लेकर समय से सूचना देने तथा निर्धारित अवधि में सभी संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि ऐसे शिविरों का वास्तविक लाभ आम लोगों को मिल सके। साथ ही कहा कि शिविर में सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। शिविर से किसी शिकायतकर्ता का समाधान नहीं हो रहा है।मौके पर जदयू मीडिया सेल प्रभारी मोहम्मद इमरान अहमद उर्फ सोनू सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की मोबाइल के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड के कलेर थाना क्षेत्र के अमीर विगहा से चोरी हुए मोबाइल मामले का पुलिस ने विस्तृत जांच के बाद खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान धनंजय कुमार राजवंशी के रूप में की गई है,.जानकारी के अनुसार, अमीर विगहा स्थित एक बालू स्टॉक पर शम्भू कुमार का मोबाइल रखा हुआ था। इसी दौरान धनंजय कुमार राजवंशी ने मौका पाकर मोबाइल चोरी कर लिया। बताया जाता है कि आरोपी युवक बगल के एक होटल में कार्यरत था और बालू स्टॉक पर उसका प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता था, इसी का फायदा उठाकर उसने मोबाइल पर नजर रखी और मौका मिलते ही उसे चुरा लिया तथा वहां से फरार हो । घटना के बाद जब शम्भू कुमार को मोबाइल गायब होने की जानकारी मिली तो उन्होंने इसकी सूचना कलेर थाना को दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें आरोपी की पूरी हरकत स्पष्ट रूप से कैद हो गई। फुटेज के आधार पर पुलिस ने उसकी पहचान सुनिश्चित की और फिर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बताया कि उसने जल्द पैसे कमाने के लालच में यह कदम उठाया था।थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि चोरी का मोबाइल बरामद होने के बाद आरोपी युवक को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं पर सख्त नजर रखी जा रही है और किसी भी आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है तथा मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया अन्नप्राशन दिवस बीडीओ ने किया निरीक्षण

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुधवार को अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया. इस दौरान 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों को आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पहला अन्न खिलाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कुपोषण को दूर करना और माताओं को पूरक पोषाहार के महत्व के प्रति जागरूक करना था। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।उनके साथ महिला पर्यवेक्षिका सोनल कुमारी, पूनम कुमारी, पिंकी कुमारी, रिमी कुमारी सहित अन्य विभागीय कर्मी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने सेविकाओं से बच्चों की संख्या, पोषाहार वितरण और टीकाकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 6 माह तक बच्चों को केवल मां का दूध पिलाना चाहिए। 6 माह पूरे होने के बाद खिचड़ी, दलिया, सूजी, फल और हरी सब्जियों से बने पोषक आहार देना जरूरी है. इसी को अन्नप्राशन कहते हैं।इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है।कार्यक्रम में पोषक क्षेत्र के लाभार्थी बड़ी संख्या में पहुंचे, आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बच्चों को खीर और दलिया खिलाकर अन्नप्राशन कराया, साथ ही माताओं को साफ-सफाई, स्तनपान और संतुलित आहार के बारे में विस्तार से बताया।

### पीड़ित परिवारों से मिलीं जिला परिषद सदस्या हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**मेहंदिया (एनएसबी)।** पालीगंज थाना क्षेत्र के मसौढ़ा नहर में बीते सप्ताह शिफ्ट डिजायर कार पलटने से उसरी डीह गांव के दो युवकों की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।मृतकों की पहचान रामानुज शर्मा के पुत्र सिंधु कुमार और नागेंद्र शर्मा के पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की जानकारी मिलने के बाद कलेर भाग-1 की जिला परिषद सदस्य अमृता रानी मृतकों के घर पहुंचीं। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दो युवकों की असामयिक मौत की खबर बेहद दुखद और हृदयविदारक है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।अमृता रानी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार खुद को अकेला न समझें, वह उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उनके पहुंचने पर ग्रामीणों ने भी मृतक युवकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।
करंट से घायल शिक्षक के घर भी पहुंचीं अमृता रानी इसके बाद जिला परिषद सदस्य अमृता रानी निरंजनपुर गांव पहुंचीं, जहां बिजली के करंट की चपेट में आने से शिक्षक पप्पू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने घायल शिक्षक के परिजनों से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और बिजली विभाग के अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। उन्होंने बिजली विभाग से घायल शिक्षक को नियमानुसार मुआवजा देने की बात कही।
विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मुआवजे के लिए आवश्यक आवेदन के साथ घायल शिक्षक की फोटो संलग्न कर बिजली विभाग के एसडीओ कार्यालय में जमा करना होगा, जिसके बाद नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी। अमृता रानी ने परिजनों से कहा कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर विभाग में जमा करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुआवजा दिलाने के लिए वह भी अपने स्तर से हरसंभव सहयोग करेंगी।

### नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का हुआ आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** नशामुक्ति के प्रति जन-जागरूकता एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त करने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित कार्यालय तथा अरवल जिला के सभी थानों से उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण एवं नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।

### जैन धर्मावलंबियों ने तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मोक्ष सप्तमी के रूप में मनायाए



**पटना (एनएसबी)।** पटना सहित सभी जगहों के जैन धर्मावलंबी तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मोक्ष सप्तमी के रूप में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया। पटना के सभी जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक, पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। पटना के कदमकुआं स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की 108 कलशों से अभिषेक की गई और उसके बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इसके साथ हीं पटना के मीठापुर, काली बीबी कटरा, गुरारा, मुरादपुर एवं नाला रोड चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक, पूजा एवं निर्वाण लाडू श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ चढ़ाया। जैन संघ के मीडिया प्रभारी एम पी जैन ने बताया कि मोक्ष सप्तमी जैन धर्म का एक प्रमुख पर्व है। इस पर्व को मुकुट सप्तमी पर्व भी कहा जाता है। इस दिन जैन धर्मावलंबियों के द्वारा भगवान पार्श्वनाथ का विशेष पूजन अर्चन, अभिषेक, विश्वशांति की कामना से महाशांतिधारा करके निर्वाण लाडू चढ़ाते है। यही प्राचीन परम्परा है एवं इस दिन भगवान पार्श्वनाथ विधान भी किया जाता है, जिससे लोगों के कुण्डलियों में कालसर्प का योग का निवारण भी हो जाता है। जैन धर्म के अनुसार इसी दिन तेईसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान ने शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर जी पारसनाथ के स्वर्णभद्र कूट से मोक्ष अर्थात मुक्ति पद को प्राप्त किया था।

## आभा आईडी बनाने को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान

**अरवल (एनएसबी)।** डिजिटल आभा आईडी से सुरक्षित होगा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आशा फैसिलिटेटर को दिया गया प्रशिक्षण आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत जिले में अधिक से अधिक नागरिकों का आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी आशा फैसिलिटेटर को प्रशिक्षित किया गया है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र की आशा कार्यकताओं के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों का आभा कार्ड बनवा सकें। आभा आईडी 14 अकों की एक यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी है, जो नागरिक को एक विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य पहचान प्रदान करती है। इसके माध्यम से जांच रिपोर्ट, दवाओं तथा इलाज से संबंधित डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रखा जा सकता है और जरूरत के समय आसानी से एक्सेस किया जा सकता है। पुराने इलाज, जांच रिपोर्ट और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध होने पर चिकित्सकों को उसे देखना आसान हो जाता है, जिससे बेहतर और त्वरित इलाज संभव हो पाता है। आभा आईडी के दायरे को और बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अंतर्विभागीय समन्वय पर भी जोर दिया जा रहा है। इस क्रम में जीविका तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें एवं लाइजनिंग की जा रही है, ताकि जीविका दीदियों के समूहों तथा विद्यालयों के माध्यम से भी अधिक से अधिक नागरिकों को आभा आईडी से जोड़ा जा सके। इससे न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों तक भी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। नागरिक इन माध्यमों से बनवा सकते है आभा आईडी नागरिक अपनी सुविधा अनुसार आभा आईडी को ऑनलाइन, नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, आशा कार्यकर्ता, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर या सरकारी अस्पतालों के माध्यम से बनवा सकते हैं। आभा से जुड़े डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को नागरिक अपनी अनुमति के आधार पर संबंधित डॉक्टर या स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के साथ साझा कर सकते हैं, जिससे इलाज में समय की बचत होती है और अस्पतालों में भीड़ कम करने में भी मदद मिलती है। जिला कार्यान्वयन इकाई द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि आभा आईडी होने का यह अर्थ नहीं है कि नागरिक को कोई इलाज या स्वास्थ्य बीमा योजना अपने आप मिल जाएगी, बल्कि यह नागरिकों की एक डिजिटल स्वास्थ्य पहचान है जो भविष्य में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में सहायक सिद्ध होगी।



आभा आईडी बनाते कर्मी।

## कामता उच्च विद्यालय में राखी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


राखी प्रतियोगिता में छात्र लेती छात्राएं।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड के +2 जगदीश ब्रजकिशोर उच्च विद्यालय, कामता में बुधवार को श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर छात्राओं के बीच राखी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं, दसवीं और ग्यारहवीं की कुल 20 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने आकर्षक और कलात्मक राखियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रभारी प्रधानाध्यापक गजेन्द्र कान्त शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन का पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह और आत्मीय रिश्ते का प्रतीक है। विद्यालय में इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्राओं में रचनात्मकता और कलात्मक सोच का विकास होता है।प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए विद्यालय की तीन शिक्षिकाओं नंदिता भारती, रेखा कुमारी और बबिता कुमारी की तीन सदस्यीय चयन समिति बनाई गई थी। समिति के सदस्यों ने छात्राओं द्वारा तैयार राखियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं की छात्रा रागिनी कुमारी ने प्रथम, कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा सुगंधा कुमारी ने द्वितीय तथा कक्षा नौवीं की छात्रा अनुष्का कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिले में इसाई मिशनरियों के गतिविधियां तेज, सावधान रहने की जरूरत : जमीयत उलेमा


लोगों से मिलते जमीयत उलेमा के लोग।

**अरवल (एनएसबी)।** जमीयत उलेमा ए हिंद को ऐसी सूचना मिली कि अरवल जिले के कुर्था प्रखंड के राजेपुर गाँव में पिछले कुछ समय से ईसाई मिशनरी गतिविधियों और प्रचार-प्रसार में बढ़ोतरी देखी जा रही थी। इसके कारण कुछ कमजोर धार्मिक पृष्ठभूमि वाले मुसलमान इस्लामी शिक्षाओं से दूर होने लगे और कुछ लोगों के धर्म परिवर्तन की चिंताजनक सूचनाएँ भी सामने आईं। इस परिस्थिति को देखते हुए मुसलमानों के ईमान, अकीदे और इस्लामी पहचान की सुरक्षा के लिए दावत, सुधार और धार्मिक जागरूकता का काम व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने की आवश्यकता महसूस हुई। इसी उद्देश्य से हाफिज मुहम्मद तुफैल अशरफ, जनरल सेक्रेटरी, जमीयत उलमा जिला अरवल की निगरानी में राजेपुर बस्ती में दावत व तब्लीग और समाज सुधार का प्रयास किसी व्यक्ति या समुदाय के प्रति नफरत पैदा करना नहीं, बल्कि प्रेम, समझदारी और भलाई की भावना के साथ मुसलमानों को कुरआन व सुन्नत, सही अकीदे, नमाज और इस्लामी जीवन से मजबूती के साथ जोड़ने के लिए किया जा रहा है। 16 अगस्त 2026 को हाजी मुहम्मद इस्लाम अंसारी, निसार अख्तर एडवोकेट, मास्टर जमील साहब , मौलाना मिन्तुल्लाह कासमी और हाफिज मुहम्मद तुफैल अशरफ ने राजेपुर गाँव का दौरा किया। वहाँ के हालात का जायजा लिया और दीन व समाज सुधार की कोशिशों को और व्यवस्थित करने के संबंध में महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए 19 अगस्त 2026 को राजेपुर के मदरसा अशरफुल उलूम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद हाफिज नूरुल्लाह और मौलाना मिन्तुल्लाह कासमी हाफिज मुहम्मद तुफैल अशरफ की निगरानी में दावत व तब्लीग तथा समाज सुधार का काम किया। उलमा और साथियों ने राजेपुर बस्ती में घर-घर जाकर मोहब्बत और भलाई के साथ दीन की दावत दी तथा नमाज, अकीदा, इस्लामी जीवन और अल्लाह से संबंध की अहमियत समझाई। इस दौरान ऐसे कुछ लोग भी सामने आए जो इस्लाम से दूर हो चुके थे। जिन लोगों ने दोबारा इस्लाम की ओर लौटने की इच्छा जाहिर की, उन्हें कलिमा-ए-तैय्यबा पढ़ाया गया, तौबा व इस्तिगफार की हिदायत दी गई और इस्लाम पर कायम रहने की नसीहत की गई। यह अवसर दावत का काम करने वालों के लिए उम्मीद और खुशी का कारण बना। राजेपुर की वर्तमान परिस्थिति इस बात की मांग करती है कि बस्ती में धार्मिक शिक्षा और प्रशिक्षण का स्थायी इंतजाम हो, बच्चों और युवाओं को कुरआन व सुन्नत की सही शिक्षा दी जाए, महिलाओं तक भी धार्मिक शिक्षा पहुँचाई जाए और घर-घर ईमान व नेक अमल का माहौल बनाया जाए।इसी के तहत अगले 12 रबीउल अव्वल मुताबिक 26 अगस्त को राजेपुर गाँव में इस्लाह-ए-मुआशरा (समाज सुधार) कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का कार्यक्रम रखा गया है। इसमें धार्मिक जागरूकता, अकीदा, नमाज, इस्लामी सामाजिक जीवन, नई पीढ़ी की धार्मिक शिक्षा और समाज सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत होगी।

## शिविर में कूव्यवस्था के कारण बिजली बिल सुधार कराने पहुंचे उपभोक्ता दिखे परेशान



**कुर्था(एनएसबी)।** विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत विपत्र से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिले के सभी विद्युत प्रमंडलों में 17 से 22 अगस्त तक विशेष विद्युत विपत्र सुधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को कुर्था प्रखंड मुख्यालय में विद्युत विभाग की ओर से शिविर लगाया गया। हालांकि शिविर में बुनियादी व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां पहुंचे उपभोक्ताओं के साथ-साथ विभागीय कर्मियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शिविर में गलत मीटर रीडिंग की जांच व सुधार, अधिक विद्युत बिल की समीक्षा, बकाया राशि से संबंधित समस्याओं तथा विद्युत विपत्र में अन्य त्रुटियों का समाधान किया जाना था। उम्मीद थी कि उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर अपनी बिजली बिल संबंधी समस्याओं का समाधान मिल सकेगा। लेकिन शिविर स्थल पर उपभोक्ताओं और कर्मियों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं की गई थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अन्य आवश्यक सुविधाओं का कितना अभाव रहा होगा। जिसके चलते अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे लोगों को काफी हद तक परेशानी झेलनी पड़ी। कई उपभोक्ता खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। उपभोक्ताओं ने विभाग से मांग की कि भविष्य में आयोजित होने वाले ऐसे शिविरों में बैठने, पेयजल सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को अपनी बिजली बिल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

## पैक्स चुनाव को लेकर बारा में अध्यक्ष पद के लिए दो व सचई में छह सदस्य प्रत्याशियों ने किया नामांकन


नामांकन दाखिल करते प्रत्याशी।

**कुर्था (एनएसबी)** प्राथमिक कृषि सहयोग साख समिति (पैक्स) चुनाव को लेकर कुर्था प्रखंड क्षेत्र की बारा एवं सचई पंचायत में बुधवार को नामांकन के प्रथम दिन प्रखंड मुख्यालय में बने नामांकन काउंटर पर प्रत्याशियों की गहमागहमी रही। नामांकन को लेकर सुबह से ही प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों की भीड़ जुटी रही। समर्थक अपने प्रत्याशियों के समर्थन में नारेबाजी करते नजर आए। प्रखंड से मिली जानकारी के अनुसार, बारा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इनमें गुड़िया देवी और सुशील शर्मा शामिल हैं। वहीं सदस्य पद के लिए सामान्य वर्ग की एक महिला एवं एक पुरुष प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार सचई पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। इनमें सामान्य वर्ग की एक महिला एवं दो पुरुष, पिछड़ा वर्ग के एक पुरुष एवं एक महिला तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के एक पुरुष प्रत्याशी शामिल हैं। नामांकन प्रक्रिया को लेकर प्रखंड मुख्यालय में सुरक्षा एवं व्यवस्था के मद्देनजर अधिकारी एवं कर्मी पूरी तरह मुस्तैद रहे। नामांकन काउंटर पर प्रत्याशियों के दस्तावेजों की जांच के बाद नामांकन पत्र स्वीकार किया गया। चुनाव को लेकर दोनों पंचायतों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और प्रत्याशी अपने-अपने समर्थन में मतदाताओं से संपर्क करने में जुट गए हैं।

## योग्य लाभुकों के राशन कार्ड आवेदनों की पोर्टल पर अपलोडिंग एवं ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**पटना (एनएसबी)।** पटना जिला में विशेष अभियान के तहत राशन कार्ड बनाने के लिए प्राप्त आवेदनों एवं इससे संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार द्वारा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले के निर्धारित 1 लाख 18 हजार के लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त आवेदनों में से 97 हजार आवेदन राशन कार्ड के लिए योग्य पाए गए हैं। इन योग्य आवेदनों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ भारत सरकार द्वारा राशन कार्ड के लिए विकसित नए पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। समीक्षा में पाया गया कि अब तक 23,600 आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है।

## नव पदस्थापित प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने प्रभार ग्रहण किया



**पटना (एनएसबी)।** पटना प्रमंडल के नव पदस्थापित प्रमंडलीय आयुक्त श्री राजेश कुमार ने बुधवार को आयुक्त कार्यालय, पटना में प्रमंडलीय आयुक्त के पद का प्रभार ग्रहण किया।

प्रभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा कार्यालय के विभिन्न क्रियाकलापों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों के प्रभावी एवं समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर दिया।

प्रमंडलीय आयुक्त ने पटना प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी छह जिलों—पटना, नालंदा, भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर—से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों, विकासात्मक कार्यों एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। उन्होंने जिलों में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आयुक्त श्री राजेश कुमार ने कहा कि पटना प्रमंडल के सभी जिलों में सरकार की लोककल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं तथा कार्यक्रमों का लाभ सहजता, पारदर्शिता एवं प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर आयुक्त के सचिव श्री विनय कुमार ठाकुर, उपनिदेशक खाद्य,श्रीमती प्रतिभा सिन्हा, उपमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रोशन अली, क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी श्रीमती अनुमेहा, उपनिदेशक, जनसम्पर्क लालबाबू सिँह समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## खबरें : एक नजर में

### चार दिन तक बंधक बनाकर चालक की पिटाई करने वाक ट्रक मालिक गिरफ्तार

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर थाना क्षेत्र में एक ट्रक मालिक द्वारा अपने ही ट्रक चालक को बंधक बना कर चार दिनों तक निर्ममता से पिटाई की गई। चालक ने किसी तरह ट्रक मालिक के चंगुल से भागकर अपनी जान बचाई जिसके बाद पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक जमुई का रहने वाला है जो वैशाली के नगर थाना क्षेत्र निवासी मुन्ना सिंह का ट्रक चलाता है।इसी बीच अरवल से बालू ले कर कुर्सेला जा रही ट्रक रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें ट्रक हल्का क्षतिग्रस्त हो गया।जिसके बाद ट्रक मालिक द्वारा ट्रक चालक से ट्रक में क्षति के रूप में भारी भरकम राशि मांगने लगा और जब ट्रक चालक ने पैसा देने से इंकार कर दिया तब आरोपी ट्रक मालिक ने चालक को बंधक बना लिया और चार दिनों तक बेरहमी से उसकी पिटाई की।बहरहाल पुलिस ने ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की जांच में जुट गई है।


गिरफ्तार ट्रक मालिक के साथ एसडीपीओ गोपाल मंडल।

### महुआ में स्वर्णकार संघ की हुई बैठक में केंद्र सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ के पुरानी बाजार स्थित सभागार में वैशाली स्वर्णकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के महासचिव राजू साह ने की, जबकि संचालन शशि कुमार ने किया। इस बैठक में वैशाली जिलाध्यक्ष श्याम भगवान सोनी सहित हरिओम कुमार, ददन साह, संतोष साह, प्रमोद कुमार, सुभाष सोनी, विनोद प्रसाद, श्याम बाबू सोनी, रविन्द्र प्रसाद, महेश साह समेत बड़ी संख्या में स्वर्ण व्यवसाई मौजूद रहे। इस बैठक में उपस्थित सभी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि देश में प्रत्येक वर्ष लगभग 08 टन सोना खरीदा जाता है। इसमें से 04 टन सोना पूंजीपतियों के पास चला जाता है और शेष 04 टन ब्लैक मनी के रूप में उपयोग होता है। इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। साथ ही बिहार में स्वर्ण व्यवसाइयों के साथ लगातार


स्वर्णकार संघ की बैठक में उपस्थित सदस्य।

हो रही आपराधिक घटनाओं पर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई। संघ ने मांग की कि स्वर्ण व्यवसाइयों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें शस्त्रों का लाइसेंस दिया जाए ताकि वे अपनी और अपने प्रतिष्ठान की सुरक्षा कर सकें। राजू साह ने कहा कि भारतीय समाज का शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी प्रखंडों में संघ की बैठकें कर सदस्यों से सुझाव लिए जाएंगे और इसके बाद पूरे राज्य स्तर की एक बड़ी बैठक बुलाई जाएगी। उस बैठक में आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में मांग की कि सरकार स्वर्ण व्यवसाइयों की सुरक्षा और आर्थिक हितों को लेकर गंभीरता से विचार करे, अन्यथा संघ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में पुलिस अधीक्षक यातायात, पटना द्वारा 1 परिचारी सार्जेंट एवं एक महिला सिपाही को निलंबित किया गया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** प्राप्त आवेदन पत्र एवं अड़ियो में लगाये गये आरोप की जाँच पुलिस उपाधीक्षक यातायात तृतीय पटना से कराई गई। उनके द्वारा जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया। जाँच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि परिचारी रिंकी कुमारी के द्वारा यातायात पोस्ट पर आवेदक के वाहन संख्या-1 3191 (कार) को रोककर 05 हजार रूपये शमन करने की बात बोलने तथा आवेदक द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए वाहन को छोड़ देने के अनुरोध करने पर आवेदक के द्वारा 2000 रूपया नगद देने पर भी 2000 रूपया का पेंडिंग चालान निर्गत करने का आरोप लगाया गया है। जाँच के क्रम में यह बात प्रकाश में आई है कि आवेदक से शमन के रूप में 2000 रूपया नगद लेने की बात परिचारी रिंकी कुमारी के संज्ञान में थी, यदि आवेदक के वाहन पर पेंडिंग चालान निर्गत हो गया तो इनको चाहिये था कि आवेदक को रूपया वापस कर दिया जाता एवं तत्क्षण इस आशय की सूचना वरीय पदाधिकारी को देना चाहिये था।

# दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बेखौफ अपराधियो ने दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दिया। घटना राघोपुर विधानसभा क्षेत्र के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन ओवरब्रिज के पास घटी।

घटना की पुष्टि करते हुए वैशाली एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन ओवरब्रिज के पास पिलर संख्या-32 के समीप अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा बिदुपुर (चेचर) निवासी अंशुमान कुमार, पिता-श्री सुनील कुमार सिंह को गोली मार दी गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। घटना के दौरान उनके साथ वाहन पर सवार रौशन कुमार, पिता-श्री जगदेव राय गिरकर घायल हो गए, जिनका उपचार कराया जा रहा है तथा उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की विस्तृत जानकारी ली गई। घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन हेतु एफएसएल टीम द्वारा भी निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्यों का संकलन किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के शीघ्र उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु एसडीपीओ एवं जिला आसूचना इकाई के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है। गठित टीम द्वारा मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना के सभी संभावित पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।साथ ही, घटना के संबंध में सिक्स लेन ओवरब्रिज के दोनों एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का सूक्ष्मता से अवलोकन एवं विश्लेषण भी कराया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है।


घटनास्थल पर एसपी और आक्रोशित लोग।

## ऊर्जा सचिव ने वैशाली में विद्युत परियोजनाओं एवं उपभोक्ता सेवाओं का लिया जायजा, समयबद्ध पूर्णता के दिए निर्देश

**हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)।** । ऊर्जा विभाग के सचिव-सह-अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड अजय यादव, भा.प्र.से. ने बुधवार को वैशाली जिले का दौरा कर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, निर्माणाधीन एवं संचालित विद्युत परियोजनाओं तथा उपभोक्ता सेवाओं की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दिघी स्थित विद्युत उपकेंद्र एवं ग्रिड उपकेंद्र, महुआ में निर्माणाधीन ग्रिड उपकेंद्र, बिदुपुर प्रखंड में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं मॉडल के तहत स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों तथा हाजीपुर ग्रामीण में आयोजित बिल सुधार कैंप का निरीक्षण किया।


जानकारी लेते सचिव।

निरीक्षण के क्रम में ऊर्जा सचिव ने संबंधित अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति की स्थिति, तकनीकी व्यवस्थाओं, उपकेंद्रों की कार्यप्रणाली एवं परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ विद्युत तंत्र की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया।

महुआ में निर्माणाधीन ग्रिड उपकेंद्र का निरीक्षण करते हुए ऊर्जा सचिव ने परियोजना की वर्तमान प्रगति एवं निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं हो तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर परियोजना को पूर्ण कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मनिटरिंग करने एवं कार्य में अनावश्यक विलंब को हर हाल में रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने, सौर ऊर्जा के लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा योजना के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। हाजीपुर ग्रामीण विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के अंतर्गत आयोजित बिल सुधार कैंप में ऊर्जा सचिव ने पहुंचकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बिल सुधार से संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्युत बिल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा शिकायतों के निपटारे की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक ट्रांसपोर्ट एजेंसी से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद किया । साथ ही पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जो जहानाबाद जिले का रहने वाला है।


बरामद कफ सिरफ।

नगर थाना के जढूआ ओपी को सूचना मिली थी कि बाजार समिति के पास स्थित एसपीएस ट्रांसपोर्ट एजेंसी में एक ट्रक से प्रतिबंधित कफ सिरप को पिकअप पर अनलोड किया जा रहा है जिसके बाद एसपी शुभांक मिश्रा ने औषधि निरीक्षक के साथ एक टीम का गठन किया और जब पुलिस की विशेष टीम ने ट्रांसपोर्ट एजेंसी में छापेमारी की तो वहां कफ सीरप को पिकअप पर लोड किया जा रहा था ।जिसके बाद पुलिस टीम ने पिकअप सहित लगभग 800 लीटर कफ सीरप को बरामद कर लिया ।हालांकि छापेमारी के दौरान मौके से तीन लोग फरार हो गए जिन्हें चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है ।बताया जा रहा है कि कफ सीरप कार्टन में पैक था जिसकी कीमत लाखो में है ।बता दे कि शराबबंदी के कारण वैशाली में बड़े पैमाने पर नशे के लिए कफ सिरप का इस्तेमाल किया जा रहा है जिस कारण कफ सीरप की तस्करी भी बढ़ गई है।

## नर्सिंग ट्यूटर्स के लिए 5 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सरकारी नर्सिंग संस्थानों में कार्यरत नर्सिंग ट्यूटर्स के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम स्टेट इंस्टीट्यूट अर्शफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर , पटना में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 से 21 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन डा अनुपमा, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।


प्रशिक्षण कार्यक्रम ।

यह पहल नर्सिंग ट्यूटर्स को आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें व्यावहारिक रूप से इन तकनीकों का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, सरकारी नर्सिंग संस्थानों में कार्यरत नर्सिंग ट्यूटर्स के लिए इस प्रकार का संगठित रिफ्रेशर प्रशिक्षण पहली बार बिहार में ही नहीं, बल्कि देश में भी आयोजित किया जा रहा है, जो राज्य के लिए गौरव का विषय है।

## बाइक सवार बदमाशों ने कांग्रेस नेता की गाड़ी से उड़ाया लाखो का सामान

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** हाजीपुर में बेखौफ बदमाशों ने एक बार फिर एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया और कांग्रेस के बड़े नेता की गाड़ी से कीमती बैग सहित लाखो का सामान उड़ा लिया ।घटना नगर थाना क्षेत्र स्थित शहर के मुख्य पथ पर व्यवहार न्यायालय गेट के पास की है ।बताया जा रहा है कि वैशाली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार रहे संजीव कुमार अपने नीजि काम से कोर्ट आए थे और उनका ड्राइवर गाड़ी लेकर मुख्य सड़क पर गेट के पास खड़ा था। इसी बीच बाइक पर सवार दो उच्चके पहुंचे और संजीव कुमार के ड्राइवर को कहा कि गाड़ी से मोबील गिर रहा है ।जिसपर ड्राइवर गाड़ी का बोनट खोल कर देखने लगा इसी बीच बाइक सवार बदमाश गाड़ी में रखा बैग ले कर फरार हो गए ।कांग्रेस नेता संजीव कुमार ने बताया कि एलवी कंपनी का बैग था जिसमें तीन कीमती मोबाइल,एक एप्पल का लैपटप, एटीएम कार्ड्स और अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था ।उन्होंने बताया कि बैग की कीमत भी लाखों में है लिहाजा चोरों ने कांग्रेस नेता के लाखों का सामान लेकर फरार हो गए है ।जिसके बाद कांग्रेस नेता संजीव कुमार ने नगर थाना पहुंच कर आवेदन दिया है ।जिसपर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है ।वहीं कांग्रेस नेता ने विधि व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए बताया कि जब नेता और सामाजिक कार्यकर्ताओ के साथ इस तरह की घटनाएं घट रही है तो फिर आम लोगो की सुरक्षा भगवान भरोसे है ।उन्होंने वैशाली पुलिस से अपील करते हुए कहा कि पुलिस जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करे और उनका सामान बरामद करें।

## खबरें खास-खास

### पुष्करणी पोखर एवं ऐतिहासिक नेपाली मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर जिला पदाधिकारी ने प्राक्कलन समिति के अध्ययन दल से किया विमर्श

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** विधानसभा की प्राक्कलन समिति के अध्ययन दल के हाजीपुर आगमन पर जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने अध्ययन दल के सदस्यों के साथ जिले के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श के पश्चात् पौधारोपण किया। जिला पदाधिकारी ने अध्ययन दल के सदस्यों के साथ वैशाली स्थित ऐतिहासिक पुष्करणी पोखर एवं नेपाली मंदिर के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने दोनों ऐतिहासिक स्थलों के महत्व को रेखांकित करते हुए इनके संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की।


नेपाली मन्दिर का निरीक्षण करते डीएम।

अध्ययन दल के सदस्यों ने ऐतिहासिक नेपाली मंदिर का स्थल निरीक्षण कर इसकी वर्तमान स्थिति एवं जीर्णोद्धार की संभावनाओं का जायजा लिया। समिति के सदस्यों ने मंदिर के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार की दिशा में हरसंभव सहयोग का आश्वासन जिला पदाधिकारी को दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि वैशाली की ऐतिहासिक एवं सांस्तिक विरासत का संरक्षण जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में है। ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास से जिले की गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के साथ-साथ पर्यटन की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

### दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में चार किशोर घायल

**बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)।** हाजीपुर मार्ग पर रामदौली मिडिल स्कूल के समीप बुधवार को तेज रफ्तार दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में चार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बिदुपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चारों को बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि अपाची बाइक पर रामदौली गांव निवासी अर्जुन कुमार के साथ छोटू कुमार सवार था, जबकि मधुरापुर निवासी पिंटू कुमार हीरो साइन बाइक चला रहा था, जिस पर माइल गांव का अंकित कुमार पीछे बैठा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक काफी तेज और अनियंत्रित गति में थीं। पीछे बैठे दोनों किशोर रास्ते में मुंह से सीटी बजाते हुए जा रहे थे।

### पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पेंशनर समाज हाजीपुर के सभागार में भव्य पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता गजलकार सीताराम सिंह और संचालन उमेश कुमार निराला ने किया। कवि विजय कुमार सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया । समारोह में आगत अतिथियों ने कवि विजय कुमार सिंह द्वारा रचित काव्य पुस्तक तुम्हारी याद आती है का विधिवत लोकार्पण किया। पुस्तक की भूमिका लेखक अखौरी चन्द्रशेखर ने पुस्तक के विभिन्न रस-गंधों का विश्लेषणात्मक चित्रण प्रस्तुत किया। डॉ शत्रुघ राय शशांक ने समीक्षालेख प्रस्तुत किया। अवकाशप्राप्त एडिशनल जज गंगा प्रसाद एवं अवकाशप्राप्त उप समाहर्ता कैलाश मिश्र ने अपने अपने वक्तव्यों में कवि की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अध्यक्ष सीताराम सिंह ने पुस्तक की विशेषताओं को रेखांकित किया। आयोजन के दूसरे सत्र में काव्य पाठ का आयोजन हुआ। कवि डॉ सुधांशु कुमार चक्रवर्ती ने प्रस्तुत किया घिर घिर आया मेघ गगन में, भींगी हर इक डाली। डॉ अशोक कुमार सिंह ने दान मन्दिर में न दिया,महल बना लिया प्रस्तुत कर धन का औचित्य व्यक्त किया। कवि हरिविलास राय सरस सुन्दर तमाच्छादित घन के माध्यम से सावन का मनुहार किया। डॉ शिवबालक राय प्रभाकर ने धन के कारण भातृत्व की मर्यादा को भूलने पर प्रश्न उठाया। डॉ वीरमणि राय ने खुद को व्यर्थ होने से बचाने पर बल दिया। आशुतोष सिंह ने निस्पंद शान्त जग रहता, तब मौन बहुत कुछ कहता है का दर्शन व्यक्त किया। शम्भू शरण मिश्र ने लिख रहा श्रृंगार गीत, क्या इसे तुम गा सकोगी मधुरिम छन्द प्रस्तुत किया। अखौरी चन्द्रशेखर ने तू अषाढ का प्रथम मेघ, हम तप्पल धरती अकुलाएल बज्जिका गीत गाकर अपनी प्रेयसी को याद किया। उमेश कुमार निराला ने अपने काव्यपाठ में पर्चे आउट गगघहोने पर प्रश्न उठाया। अध्यक्षीय काव्यपाठ में सीताराम सिंह ने प्रस्तुत किया श्उनसे क्या होगी नाराजगी,आड़े आती है दीवानगी। शिक्षक प्रमोद राय के धन्यवाद ज्ञापन से आयोजन सम्पन्न हुआ।


पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन।

### चर्चित लेखिका रूबी भूषण के कहानी-संग्रह गंडकी धीरे बहो का लोकार्पण एवं कथापाठ

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** गंडकी धीरे बहो की ग्यारह कहानियों में स्त्री का तेज, परम्परा से संघर्ष का द्वंद्व, मूल्यों से टकराव, आम आदमी का जीवन संघर्ष, मनुष्य की आंतरिक दुष्प्रवृत्तियों से टकराव आदि का जीवंत कथात्मक चित्रण है जो हमें समकाल की परिस्थितियों से कहीं गहरे जोड़ता है। रूबी भूषण सामाजिक संतुलन के साथ समकालीनता का आख्यान रचने में सिद्धहस्त हैं। ये विचार उन लेखकों के हैं, जो रूबी भूषण के कहानी संग्रह गंडकी धीरे बहो के लोकार्पण संगोष्ठी को संबोधित करते हुए व्यक्त कर रहे थे। सृजन संगति द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध लेखक एवं नयी धारा के संपादक डा शिवनारायण ने की, जबकि संचालन चर्चित लेखक- पत्रकार एवं शिक्षाविद डा. ध्रुव कुमार ने किया।

लोकार्पण करते हुए मुख्य अतिथि बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि चर्चित लेखिका रूबी भूषण की कहानियाँ मुझे झकझोर गयीं इनकी कहानियों से समाज का मानस बदलेगा और वो भौतिकता की जगह सामासिक समरसता के लिए प्रेम को ही सर्वोपरि महत्व देंगे। प्रेम ही है, जो मनुष्य और समाज को बदलने की क्षमता रखता है।

प्रसिद्ध कवि प्रेम किरण ने कहा कि रूबी भूषण की कहानियों में छीजते रिश्तों का दर्द है, जो देश-दुनिया में हो रहे थोथे विकास की परतों को उघारता है। शोध, संघर्ष और संवेदना से बुनी गयी इनकी कहानियों में मनुष्य की गरिमा की इकाई सत्ता को स्थापित किया गया है। लेखक-पत्रकार एवं शिक्षाविद डा. ध्रुव कुमार ने कहा कि रूबी भूषण की कहानी नदी संसति से उपजी पीड़ा और संत्रास की सीमाहीन व्यथा कथा बांटते हैं। वरिष्ठ लेखक भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि गंडकी धीरे बहो लेखिका का दूसरा कहानी संग्रह है। पहला संग्रह टेम्स नदी बहती रही था। इन दोनों संग्रह में नदी समान रूप से उपस्थित है, जो बताता है कि सभ्यता के आदिम रिश्तों के प्रति नदी की तरलता की तरह स्त्री का जीवन भी उत्सर्गित रहता है।


सृजन संगति द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध लेखक एवं नयी धारा के संपादक डा शिवनारायण ने की, जबकि संचालन चर्चित लेखक- पत्रकार एवं शिक्षाविद डा. ध्रुव कुमार ने किया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में डा शिवनारायण ने कहा कि हिन्दी में कथा संसार का मिजाज बदल रहा है। इस बदलते मिजाज में कथा संवेदना के साथ प्रतिरोध के कहन कौशल का शिल्प प्रभावी भूमिका में आ गया है। रूबी भूषण इसी बदलते कथाशिल्प की पायेदार लेखिका है। विशिष्ट वक्ताओं में रामयतन यादव, डा रजनी प्रभा, शहंशाह आलम, परवेज आलम, अरशद फिरोज, शशिभूषण सिंह, कमलनयन श्रीवास्तव, सिद्धेश्वर, पंकज प्रियम ने भी रूबी भूषण की अलग-अलग कहानियों पर विमर्श करते हुए उनकी कथा चेतना और कथा कहन कौशल की मुक्त कंठ प्रशंसा की। आरंभ में पुस्तक लोकार्पण के बाद लेखिका रूबी भूषण ने अपनी कहानी मैं कैप्टन रंधावा की पत्नी नहीं का पाठ किया, जिसे काफी पसंद किया गया। उन्होंने अपनी रचना प्रक्रिया बताते हुए कहा कि मेरी कहानियों में लगभग सारे पात्र नदी के गर्भ से उठने वाले झंझावात के बीच से ही आकार पाते हैं। समारोह के आरंभ में स्वागत भाषण लेखिका रेखा भारती मिश्रा ने किया, जबकि अंत में धन्यवाद ज्ञापन सृजन संगति के अध्यक्ष डा इंदुभूषण प्रसाद ने किया।

# साहित्य सम्मेलन में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनायी तुलसी जयंती

### द्विवेदी और आरसी भी किए गए स्मरण, पुस्तक ऐ मेरे वतन के लोगों का हुआ लोकार्पण, हुई कवि-गोष्ठी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** साहित्य सम्मेलन के ऊपरी तल पर स्थित संत-शिरोमणि महाकवि गोस्वामी तुलसी दास की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन के साथ तुलसी जयन्ती मनायी गयी। श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि तुलसी दास एक भक्त कवि ही नहीं, साहित्य की भाव-संपदा से संपन्न एक ऐसे साहित्यकार हैं, जिन्होंने काव्य-साहित्य को हिमालय की ऊँचाई दी है। रामचरित मानस तो उनकी अमर कृति ही है, जिसने भारतीय समाज को आत्म-गौरव से भरकर नवजीवन प्रदान की, बल्कि उनकी अन्य कृतियाँ विनय-पत्रिका, कवितावली, दोहावली, गीतावली, बरवै रामायण, पार्वती मंगल, जानकी मंगल आदि भी लालित्यपूर्ण साहित्य की सुंदरम उदाहरण हैं। वे सही अर्थों में लोक-नायक हैं और उनकी कृतियाँ साहित्य को अर्थ प्रदान करती हैं।

यह बातें बुधवार को साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। जयंती पर हजारी प्रसाद द्विवेदी और महाकवि आरसी प्रसाद सिंह को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत, हिन्दी, बांगला और अंग्रेजी भाषाओं के अधिकारी विद्वान और पद्मभूषण अलंकरण से विभूषित आचार्य द्विवेदी जी एक महान समालोचक, निबन्धकार और उपन्यासकार थे। हिन्दी-साहित्य के एक मुक्त विश्वविद्यालय ही थे द्विवेदी जी, जिनका सान्निध्य पाकर अनेक नवोदित साहित्यकार हिन्दी-व्योम के देदीप्यमान नक्षत्र बन गए। वहीं दूसरी ओर, प्रति, प्रेम, जीवन और यौवन के महाकवि थे आरसी प्रसाद सिंह। मैथिली और हिन्दी में समान अधिकार से लिखने वाले आरसी बाबू बिहार के सर्वाधिक लोकप्रिय कवियों, दिनकर, प्रभात, वियोगी, नेपाली और जानकी बल्लभ शास्त्री के साथ परिगणित होते हैं । वे भारत के उस शाश्वत जीवन-दर्शन का चित्रण प्रस्तुत करते हैं, जिसमें जीवन के प्रति एक रागात्मक वितराग है - जीवन क्या है निर्झर है, मस्ती ही इसका पानी है, सुख-दुःख के दोनों तीरों से , चल रहा राह मनमानी है।


साहित्य सम्मेलन के ऊपरी तल पर स्थित संत-शिरोमणि महाकवि गोस्वामी तुलसी दास की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन के साथ तुलसी जयन्ती मनायी गयी। श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ व अन्य।

इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि और पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्त्ति मान्धाता सिंह ने लखीसराय के वयोवृद्ध किसान-कवि देवेन्द्र सिंह आजाद के गजल-संग्रह ऐ मेरे वतन के लोगों का लोकार्पण किया। अपने उद्गार में उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी मेरे आदर्श और मनोआचार्य हैं। मेरे जीवनादर्श पर उनका गहरा प्रभाव है। यह मेरे लिए सौभाग्य का विषय है कि हजारी प्रसाद जी हमारे जवारी थे। उनका पैतृक गाँव हमारे गाँव से बस कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही है। उनके पुत्रों सत्य प्रकाश और ज्ञान प्रकाश से मेरे गहरे संबंध रहे।

इस अवसर पर आयोजित कवि-गोष्ठी का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। लोकार्पित ओऊस्तक के कवि देवेंद्र सिंह आजाद, डा रत्नेश्वर सिंह, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, राम कुमार झा निकुंज, कुमार अनुपम, सदानन्द प्रसाद, विभारानी श्रीवास्तव, शमा कौसर शमा, इरफान अहमद बेलहारी, जय प्रकाश पुजारी, इन्दु भूषण सहाय, आदित्य कुमार, नन्दन कुमार, आदि कवियों ने अपनी रचनाओं से तीनों विभूतियों को काव्यांजलि अर्पित की। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

इस अवसर पर, व्यंग्यकार ई बाँके बिहारी साव, कवयित्री डा शालिनी पाण्डेय, प्रवीर कुमार पंकज, डा इन्दु पाण्डेय, निर्मला सिंह, अभय दत्त आर्य, अश्विनी कविराज, समीर कुमार मिश्र, विजय कुमार सिन्हा, सच्चिदानन्द शर्मा, रंजन कुमार अमृतनिधि, सत्यम भारद्वाज, भानु भैरव, विकास कुमार, आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।